राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-130
लखनऊ, गुरुवार 28 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डिप्टी सीएम ने झाड़ू लगाकर अयोध्या को स्वच्छ नगरी बनाने का दिया संदेश 03

देश में अंगदान को लेकर जागरुकता फैलाने की जरूरत : राष्ट्रपति 12

## कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, 24 घंटे में आए 529 नए मामले

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 529 नए मामले सामने आए तथा उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,093 दर्ज की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोविड-19 से कर्नाटक में दो और गुजरात में एक मरीज की मौत हुई है। ठंड और कोरोना वायरस के नए उपस्वरूप के कारण हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। इससे पहले पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी। वर्ष 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग चार वर्षों में देश भर में कोरोना वायरस से लगभग साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए तथा इससे 5.3 लाख से अधिक मौतें हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4.4 करोड़ हो गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसकी पुष्टि की है। भारद्वाज ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए तीन नमूनों में से एक में जेएन.1 और दो में ओमीक्रॉन की पुष्टि हुई है। इसी के साथ दिल्ली के अस्पतालों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# देश की दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना मेरा लक्ष्य : मोदी

## प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न योजनाओं के पांच लाभार्थियों से किया सीधा संवाद

▸ गांव-गांव में चल रहा विकास का महोत्सव पीएम मोदी

समृद्धि न्यूज



**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के देश के विभिन्न हिस्सों के पांच लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य देश की दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का है। जो जिस चीज का हकदार है उसको उसका हक मिलना चाहिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है और इससे लाखों लोग जुड़कर लाभान्वित हुए हैं।

विकासखण्ड उझानी के ग्राम लहुआ में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री सहकारिता ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभांवित भी किया। बुधवार को विकासखण्ड उझानी की ग्राम पंचायत कथौली के ग्राम लहुआ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन व लाभार्थियों से वार्ता कार्यक्रम को राज्य मंत्री सहकारिता, बिल्सी विधायक, सीडीओ, एसडीएम सदर, अन्य अधिकारियों व ग्रामवासियों ने देखा। इस अवसर केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया। शपथ दिलाई गई। ड्रोन से खेतों पर रसायन व नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन भी कराया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा विकसित भारत के संकल्प व देशवासियों को जोड़ने का एक अभियान है जिसमें लगातार देशभर के लोग जुड़ रहे है। उन्होंने इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए महिलाओं, किसानों , युवाओं सहित देशवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में विकास का महोत्सव चल रहा है। उन्होंने बताया की यात्रा का ध्येय उस व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है जो किसी कारणवश अभी तक योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं।

### मेरे पास तो साइकिल भी नहीं, आपने मारूति ले ली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के देवास जिले की स्वयं सहायता समूह की एक कार्यकर्ता रूबीना खान से संवाद के दौरान मजाकिया लहजे में कहा कि उनके (श्री मोदी के) पास तो साइकिल भी नहीं है और स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ता ने अपने दम पर रोजगार के अवसर पैदा करते हुए मारूति वैन ले ली। श्री मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देवास जिले में एक लाख तीन हजार दीदियों के समूह की सदस्य रूबीना खान से संवाद किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी राज्य मंत्रालय से वर्चुअली जुड़े। श्रीमती खान ने अपने जीवन के संदर्भ में श्री मोदी को बताया कि वे पहले मजदूर थीं। 2017 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और गांव में ही लोन लेकर काम शुरु किया। अब उसी काम की बदौलत मारूति वैन ले ली। इस पर श्री मोदी ने कहा कि आप मारूति ले आईं, मेरे पास तो साइकिल भी नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या धाम जंक्शन के नाम से जाना जाएगा स्टेशन

**लखनऊ।** राम मंदिर के शुभारंभ से पहले अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम भी बदल दिया गया है। अब अयोध्या जंक्शन अयोध्या धाम जंक्शन के नाम से जाना जाएगा। यूपी के सीएम योगी ने अभी कुछ दिन पहले ही यहां का नाम बदलने को लेकर रेलवे अधिकारियों को निर्देश जारी किया था। उसके बाद बुधवार को रेलवे की तरफसे यह निर्देश जारी हो गया है। राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अयोध्या का पूरी तरह से कायाकल्प किया जा रहा है। यहां 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन हो रहा है, जबकि उससे पहले 30 दिसंबर को यहां से वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन किया जाएगा। पीएम मोदी इसको हरी झंडी दिखाएंगे। अयोध्या में 22 जनवरी राम मंदिर को राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना है। इसमें पूरे देश से 3000 से ज्यादा वीआईपी आ रहे है।

### कांग्रेस मणिपुर से मुंबई तक निकालेगी भारत न्याय यात्रा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से उत्साहित कांग्रेस अब दूसरी यात्रा निकालने की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, इस बार की यात्रा मणिपुर से मुंबई तक की होगी। कांग्रेस इस यात्रा में 6200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भारत न्याय यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी से होगी, जोकि 20 मार्च तक चलेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की इस यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। हालांकि इस यात्रा का नेतृत्व राहुल गांधी करेंगे या कोई ओर। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है।

### आतंकी साजिश नाकाम हाईवे पर आईईडी बरामद

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में सेना के जवानों ने एक और आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। श्रीनगर–बारामुला राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह एक सिलेंडर आईईडी बरामद किया गया। सुरक्षाबल के जवान मौके पर पहुंचे और आतंकवादियों द्वारा लगाए गए विस्फोट को वक्त रहते निष्क्रिय कर दिया। सेना के जवानों ने इस तरह एक बड़ी घटना होने से रोक ली। सुरक्षा बलों ने सुबह के वक्त नियमित गश्त के दौरान श्रीनगर–बारामूला राजमार्ग पर लवायपुरा में एक गैस सिलेंडर संदिग्ध परिस्थियों में पड़ा देखा, जिसके बाद यातायात का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। इसके बाद बम निष्क्रिय दस्ते को घटनास्थल भेजा गया जिसने नियंत्रित विस्फोट कराकर एक बड़ी दुर्घटना होने से रोक ली।

### प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री मोदी के अयोध्या आगमन कार्यक्रम को देखते हुए भारत–नेपाल सीमा पर राज्य पुलिस और सशस्त्र सीमा बल ने खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर चौकसी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने कहा कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में श्रीराम हवाईअड्डे के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे जिसे ध्यान में रखते हुए भारत–नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में हवाईअड्डे के उद्घाटन के अलावा गणतंत्र दिवस और 22 जनवरी, 2024 को भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं मंदिर के उद्घाटन को भी ध्यान में रखकर निगरानी बढ़ाई गई है।

# पेराई वाले नारियल की एमएसपी में 375 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि

▸ पीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई फैसले

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने बुधवार को पेराई वाले नारियल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 375 रुपये प्रति क्विन्टल और नारियल गोला गरी के एमएसपी में 300 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने वर्ष 2024-25 सत्र के लिए पेराई वाले नारियल गरी के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 11,160 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। नारियल गोला के एमएसपी को साल 2024-25 के लिए 12,000 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि किसानों की आय को बढ़ाने की दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने एमएसपी बढ़ाने का फैसला किया है। साल 2014-15 में पेराई वाले खोपरे का एमएसपी 5,250 रुपये प्रति क्विंटल था, जो अब 11,160 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इस तरह 113 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह नारियल गोला का एमएसपी साल 2014-15 में 5,500 रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे बढ़ाकर साल 2024-25 में 12,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

### लोगों के बीच संपर्क बढ़ाएगा भारत-इटली प्रवासन समझौता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत और इटली के बीच प्रवासन और गतिशीलता समझौते पर हस्ताक्षर करने और पुष्टि करने के विदेश मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह समझौता लोगों के बीच संपर्क बढ़ाएगा। छात्रों, कुशल श्रमिकों, व्यापारिक लोगों और युवा पेशेवरों की गतिशीलता को बढ़ावा देगा और दोनों पक्षों के बीच अनियमित प्रवासन से संबंधित मुद्दों पर सहयोग को मजबूत करेगा। यह समझौता वर्तमान इटली वीजा व्यवस्था को लॉक करता है, जिसमें अध्ययन के बाद के अवसरों, इंटर्नशिप, पेशेवर प्रशिक्षण के लिए तंत्र शामिल हैं।

### ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खुलने से भारत के राजनयिक कदम को बढ़ाने में मदद मिलेगी और भारत की बढ़ती वैश्विक भागीदारी को देखते हुए भारत का राजनयिक प्रतिनिधित्व मजबूत होगा। इससे भारत के रणनीतिक और वाणिज्यिक हितों को बढ़ावा देने और ऑकलैंड में भारतीय समुदाय के कल्याण को बेहतर ढंग से पूरा करने में भी मदद मिलेगी। वाणिज्य दूतावास 12 महीने की समय सीमा के भीतर खोले जाने और पूरी तरह से चालू होने की संभावना है।

### मलेशिया व भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों में होगी उल्लेखनीय वृद्धि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रसार भारती और रेडियो टेलीविजन मलेशिया (आरटीएम) के बीच प्रसारण में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मुताबिक इस संबंध में 07 नवंबर को समझौता किया गया था, जिसमें प्रसारण, समाचारों के आदान–प्रदान और ऑडियो–विजुअल कार्यक्रमों के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना शामिल है। इस समझौते से मलेशिया के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रसार भारती द्वारा विभिन्न देशों के साथ हस्ताक्षरित एमओयू की कुल संख्या 46 हो गई है। उल्लेखनीय है कि प्रसार भारती राष्ट्र निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## लोगों को नए विकास के पथ पर ले जाने को तैयार है हमारी सरकार

समृद्धि न्यूज



**कौशांबी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कॉलेज प्रबंधन की तारीफ करते हुए समाज के प्रतिनिधित्व की बात की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब समाज आगे चलता है और सरकार पीछे चलती है तो समाज नित नए कीर्तिमान स्थापित करता है। नतीजा यह है कि आज हम विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हैं। जब सरकार आगे चलती है और समाज पीछे चलता है तो परिणाम दूसरे यानी अवनति की ओर जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार में एक जिला एक उत्पाद, विश्वकर्मा सम्मान योजना, शिक्षा के क्षेत्र में अलंकार योजना लोगों को नए विकास के पथ पर ले जाने को तैयार हैं।

शिक्षा के क्षेत्र की चर्चा कर उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ लाइब्रेरी जरूर जाना चाहिए। अखबार पढ़ना चाहिए, क्योंकि पढ़ने से ज्ञान का अर्जन होगा। पुस्तकों के अध्ययन से मिले ज्ञान सरकार डिजिटल फॉर्मेट में लाने का काम कर रही है।

कार्यक्रम में मंच पर कुलपति संगीता श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन पत्र पढ़कर सुनाया एवं उन्हें अपने कर कमलों से समर्पित किया। कुलपति संगीता श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से एक स्मृति पुस्तक भी मुख्यमंत्री को भेंट किया। कॉलेज के प्रबंधक न्यायमूर्ति विक्रम नाथ श्रीवास्तव ने विद्यालय की स्थापना से अब तक का इतिहास प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा के लिए एक डिग्री कॉलेज की मांग की। जिसको मुख्यमंत्री ने सहज स्वीकार कर डीएम को प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात मंच से कही।

### आरबीआई समेत 11 स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी मामले में तीन गिरफ्तार

**वडोदरा।** मुंबई में आरबीआई समेत 11 स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के 3 आरोपितों को वडोदरा से गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को इन्हें मुंबई क्राइम ब्रांच और महाराष्ट्र एटीएस ने गुजरात पुलिस के सहयोग से पकड़ा गया है। तीनों आरोपितों को फिलहाल मुंबई ले जाया गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को मंगलवार को धमकी भरा ई-मेल मिला था। इसमें आरबीआई, एचडीएफसी समेत 11 स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। साथ ही आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण से इस्तीफा देने की मांग की गई थी।

## निवेश बढ़ाने को हुए कई विशिष्ट समझौते

▸ विदेश मंत्री जयशंकर ने समकक्ष रूसी मंत्री से की मुलाकात

एजेंसी



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस के दौरे पर हैं। उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग, अंतरराष्ट्रीय सामरिक स्थिति, युद्ध और तनाव पर चर्चा की। एस जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस के बीच संबंध बेहद मजबूत, बेहद स्थिर हैं।

उन्होंने कहा कि वे हमारे रणनीतिक अभिसरण, हमारे भू-राजनीतिक हितों पर आधारित हैं, और क्योंकि वे पारस्परिक रूप से लाभप्रद हैं। हमने अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिक्स सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के संबंध में राजनीतिक सहयोग पर चर्चा करने में काफी समय बिताया।

एस जयशंकर ने कहा कि हमने इस तथ्य की सराहना की कि हमारा व्यापार सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर है। हमने पिछले साल 50 अरब डॉलर का कारोबार पार कर लिया है। हमें इस वर्ष इससे अधिक होने की उम्मीद है। जो महत्वपूर्ण है वह यह है कि यह व्यापार अधिक संतुलित है, यह टिकाऊ है, और यह उचित बाजार पहुंच प्रदान करता है। मुझे लगता है कि यह कल मेरी चर्चाओं का काफी हद तक हिस्सा था और थोड़ा आज मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ भी। उन्होंने कहा कि इस साल हम पहले ही छह बार मिल चुके हैं और यह सातवीं बैठक है। विदेश मंत्री ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच बातचीत इस साल जनवरी की दूसरी छमाही में फिर से शुरू की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र में, रूस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने की भारतीय आकांक्षा का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक और निवेश को गहरा करने के लिए विशिष्ट समझौते किये गये हैं।

## एमफिल मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं विवि तुरंत रोकें दाखिले : यूजीसी

एजेंसी

▸ यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने विश्वविद्यालयों को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों को एमफिल पाठ्यक्रम पेश करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि यह एक मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है और छात्रों को ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के प्रति आगाह किया। आयोग ने विश्वविद्यालयों से 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए ऐसे किसी भी एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने विश्वविद्यालयों को भेजे एक नोटिस में कहा है कि यूजीसी के संज्ञान में आया है कि कुछ विश्वविद्यालय एम.फिल. (मास्टर ऑफ फिलॉसफी) पाठ्यक्रम के लिए नए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। इस संबंध में यह ध्यान में लाना है कि एम.फिल. डिग्री कोई मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है। उन्होंने कहा कि यूजीसी (पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रियाएं) विनियम 2022 की विनियम संख्या 14 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उच्च शैक्षणिक संस्थान एम.फिल. पाठ्यक्रम की पेशकश नहीं करेंगे।

### मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) गैरकानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) को गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। सरकार का कहना है कि यह संगठन गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक्स पर लिखा कि 'मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट)' को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक 'गैरकानूनी संघ' घोषित किया गया है। यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। शाह ने कहा कि यह संगठन आतंकवादी गतिविधियों का हिमायती रहा है।

दौरा

### रक्षा मंत्री आतंकवाद विरोधी अभियानों की स्थिति का जायजा लेने के लिए पहुंचे पुंछ

# जवानों का कल्याण करना सरकार की उच्च प्राथमिकता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार दोपहर आतंकवाद विरोधी अभियानों की स्थिति का जायजा लेने के लिए जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर पहुंचे और सीमा पर तैनात जवानों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में आतंकी हमले में बलिदान हुए चार जवानों एवं उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने जवानों के जज्बे को सलाम करते हुए उनसे और ज्यादा सजग रहने का आह्वान किया।

राजनाथ सिंह बुधवार को दोपहर सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ जम्मू पहुंचे, जहां जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान के बीच स्थिति का जायजा लेने के लिए राजौरी के लिए रवाना हो गए। सीमा पर तैनात जवानों से मिलकर उन्होंने हाल ही में आतंकी हमले में शहीद चार जवानों एवं उनके परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायल सैनिकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। रक्षा मंत्री ने सैनिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यह देश आप सभी के प्रति कृतज्ञता का भाव रखता है। मातृभूमि की सेवा में आप लोगों का बलिदान अमूल्य है और इसकी कोई कीमत नहीं चुकाई जा सकती है। उन्होंने जवानों को भरोसा दिलाया कि यह सरकार सदैव आप लोगों के साथ खड़ी है और आपके कल्याण को हम हमेशा उच्च प्राथमिकता पर रखते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना कोई साधारण सेना नहीं है।

### देश के रक्षक हैं भारतीय सैनिक

भारतीय सैनिक इस देश के रक्षक हैं, इसलिए आपका कर्तव्य सिर्फ युद्ध ही नहीं, बल्कि लोगों के हृदय को जीतना भी है। उन्होंने आतंकी हमलों की बात करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने में सुरक्षा बल और सुरक्षा एजेंसियां अपनी पूरी कोशिश करती हैं, इसके बावजूद और ज्यादा सजग रहने की जरूरत है। राजनाथ सिंह ने कहा कि डेरा की गली में हुए आतंकी हमले के बारे में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने उन्हें विस्तार से जानकारी दी है, इसीलिए देश का रक्षा मंत्री होने के नाते मैं आपके बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि मैंने सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से आतंकवाद विरोधी अभियानों की जानकारी ली है।

## प्रदेश में हम कांग्रेस को 10 से ज्यादा सीटें देने के पक्ष में नहीं : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक दल अपनी तैयारियों को शुरू कर चुके हैं। भाजपा के खिलाफ 26 से ज्यादा दलों ने इंडिया नाम का गठबंधन बनाया है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश से बड़ी खबर आ रही है। समाजवादी पार्टी (एसपी) लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 10 सीटें और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) को 5-7 सीटें देने की पेशकश कर सकती है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी। यह तीनों दल इंडिया गठबंधन के हिस्सा हैं।

पिछले कुछ वर्षों में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व वाली कांग्रेस के बीच प्यार और नफरत का रिश्ता रहा है। सबसे पुरानी पार्टी और सपा तब करीब आए जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगामी लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी-अमित शाह के नेतृत्व वाली भगवा पार्टी को एकजुट चुनौती देने के लिए भाजपा विरोधी गुट बनाना शुरू किया। लेकिन, आश्चर्यजनक रूप से उनके रिश्ते में खटास तब आ गई जब कांग्रेस नेता कमल नाथ और अखिलेश यादव के बीच मध्य प्रदेश चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर तीखी नोकझोंक हुई, जो राज्य चुनाव में बिना किसी दोस्ती के साथ समाप्त हुई।

# सांसद ने लाभार्थियों में बांटे प्रमाण पत्र

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों ने स्वागत किया। क्षेत्र के ग्राम मदारपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत सांसद उपेन्द्र सिंह ने ग्राम प्रधान जयराम मौर्या मंडल अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय, जिला पंचायत मनोज सोनी बलवंत प्रजापति रामसागर यादव, रामबक्श यादव, रामकेदार वर्मा, ग्राम सचिव वीरेन्द्र कुमार तिवारी दुर्गेश कुमार दीक्षित पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह बीडीओ मोनिका पाठक ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री विकास की गारन्टी तो प्रदेश के मुख्यमंत्री सुरक्षा की गारन्टी हैं। हर घर नल से जल पी एम किसान सम्मान निधि योजना बृद्धावस्था विधवा दिब्यांग पेंशन प्रधान मंत्री मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास आयुष्मान कार्ड रासन कार्ड शिक्षा आंगनबाड़ी स्वास्थ्य आदि योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए भारत 2047 तक विकसित भारत हो जायेगा जिसको साकार करने में आमजन मानस को सहयोग करने की अपील की गई।



ग्राम मीरापुर में पंहुची विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत ग्राम प्रधान रामसागर मास्टर मुजफ्फर हुसैन शिवाजी मिश्रा आदि ने किया। इस मौके पर अमित कुमार पाण्डेय ने केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का बखान किया।

स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।बघौरा में लवकुश वर्मा ग्राम प्रधान पप्पू वर्मा पँचायत सचिव धर्मेंद्र वर्मा,मुस्कीपुर पुष्पेंद्र शुक्ला अंशु, लवकुश वर्मा,विकेश वर्मा, शैलेंद्र शुक्ला, ग्राम प्रधान स्वेता मौर्या ओमकार मौर्या पँचायत सचिव विवेक कुमार ने स्वागत किया। मंच का संचालन सचिव कुलदीप श्रीवास्तव व प्रहलाद कनौजिया ने किया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक सन्तोष सिंह, सीडीपीओ अर्चना वर्मा ,सचिव मनीष शुक्ला,सतीश वर्मा, राजेश कुमार, कुलदीप वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्री प्राइमरी शिक्षा से संबंधित 52 सप्ताह के गतिविधि आधारित कैलेंडर मॉड्यूल पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के क्षमता संवर्धन हेतु विकास खंड स्तरीय तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ ब्लॉक संसाधन केंद्र सिरौलीगौसपुर में माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर हाजी वारिस अली शाह डिग्री कॉलेज के प्रबंधक परवेज़ अहमद द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार,सीडीपीओ अर्चना वर्मा, कमलेश कुमार यादव, अभिषेक सिंह, शादाब अंसारी प्रशिक्षक आशीष श्रीवास्तव, राम कृपाल, सरोज यादव, रागिनी कुमारी,प्रगति राज एवं कुल 91 विद्यालयों की कॉलोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

# शिक्षक शिक्षिकाओं की मनमानी से नौनिहालों बेहाल

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है वहीं परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की लापरवाहियों से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं का शिक्षण कार्य बहुत ही प्रभावित हो रहा है।

मामला शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय लालपुर पोस्ट अंसारी का है जहां पर तैनात शिक्षिका का देर से विद्यालय पहुंचना और जल्दी चले जाने का नियम बन चुका है जिसके चलते विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य खतरे में नजर आता दिख रहा है विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बताया कि मैडम जी रोज 10:00 बजे के बाद आती है और विद्यालय बंद होने से पहले ही चली जाती है विद्यालय में मौजूद रसोइया ने बताया कि हम सुबह 9:00 बजे जाकर विद्यालय का गेट खोल देते हैं और बच्चों से प्रार्थना भी करवा देते हैं उसके बाद 10 से 10:30 बजे तक मैडम आ जाती है फिर शिक्षण कार्य प्रारंभ होता है बताते चले कि इस प्राथमिक विद्यालय में बताओ शिक्षक सिर्फ एक ही शिक्षिका तैनात है और वह भी लगातार देर से आती है और जल्दी चली भी जाती हैं।

पिछली 13 दिसंबर को भी हमारे प्रतिनिधि द्वारा इस खबर को प्रकाशित किया जा चुका है और आज भी 2:45 पर पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को विद्यालय का मुख्य द्वार बंद मिला और जब भी संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कई बार की गई शिकायतो के बाद उनको समझा दिया गया था और हम कल भी उनको ऑफिस बुलाकर समझा देंगे।

# घने कोहरे से टकराये कई वाहन, पिकप चालक की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



घने कोहरे के चलते वाहनो के आपस मे टकरा जाने से जहां एक पिकअप चालक की दुर्घटना स्थल पर घंटे भर तड़पने के बाद मौत हो गई वहीं चावल लाद कर बिहार से दिल्ली जा रहा ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए पलट गया।

जानकारी के अनुसार पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के 39.5 किमी पर हुए हादसे में चावल लादकर बिहार से दिल्ली जा रहा तेज रफ्तार ट्रक जब दुर्घटना स्थल पर पहुंचा तो हाईवे पर पहले से दुर्घटनाग्रस्त होकर खड़ी ट्रक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए एक्सप्रेस वे के नीचे पलट गया।

जानकारी के अनुसार बमरौली गांव के निकट पड़ने वाले दुर्घटना स्थल पर भीषण कोहरे के चलते इसी दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के पीछे एक के बाद एक कई वाहन पीछे से आकर लड़ते गए। इसी ट्रक में पीछे लड़ी पिकअप के चालक ध्रुव राज यादव 38वर्ष पुत्र अंगद यादव निवासी तेरहू का पुरवा मजरे सथरी फैजाबाद की मृत्यु हो गई।

# विकसित संकल्प यात्रा में शामिल हुए नगर विकास मंत्री

> कार्यक्रम में छोटे-छोटे नौनिहालों का अन्नप्राशन तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

नगर विकास शहरी, समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत उत्तर प्रदेश एके शर्मा विकास खण्ड बनीकोडर तहसील रामसनेहीघाट ग्राम हथौंदा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। नगर विकास मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लगाये गये विभिन्न विभागों, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला व बाल विकास, महिला कल्याण, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण, स्वयं सहायता समूहो आदि के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए जानकारी ली। इस दौरान बेसिक स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं में पंजीयन कराकर लाभान्वित किया गया। नगर विकास मंत्री ने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम के सम्बोधन में पीएम उज्वला योजना, आयुष्मान भारत गोल्डेन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनीधि योजना सहित अनेक योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र/प्रतिकात्मक चाभी आदि का वितरण किया। उन्होंने कार्यक्रम में छोटे-छोटे नवनिहालों का अन्नप्राशन तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। उन्होंने बताया ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का कार्यक्रम शानदार तरीके से पूर्ण करते हुए अधिकाधिक जनपदवासियों को लाभान्तिव किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलायी गयी।



कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग, लल्लू सिंह सांसद अयोध्या के साथ अपर जिलाधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## चोरों ने किसान के घर को बनाया निशाना

# नकदी जेवर सहित आठ लाख का माल किया पार

**बेलहरा, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

फतेहपुर थाना क्षेत्र के खेरिया में बेखौफ चोरों ने एक किसान के घर को अपना निशाना बना लिया। घर में दाखिल हुए चोर नगदी समेत करीब आठ लाख का सामान उठा ले गए। घटना की सूचना होने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की लेकिन चोरों का कोई सुराग नही लग सका है।

जानकारी के मुताबिक कस्बा फतेहपुर के मोहल्ला खेरिया निवासी अरविन्द कुमार खेती किसानी कराता है। देर रात चोर घर के पीछे की दीवार चढकर घर में दाखिल हुए। कमरों में रखे बक्शों व अलमारी का ताला तोडकर चोर 30 हजार रूपये नगद व करीब आठ लाख की लागत के सोने चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान उठाकर फरार हो गए।

बुधवार की सुबह चोरी की घटना की जानकारी होने पर पूरे परिवार में हडकंप मच गया। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पास इलाकों में खोजबीन करने के साथ पूछताछ की लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। इस संबंध में कोतवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### फूड चीफ ने गुड़मंडी का निरीक्षण कर किसानों से की भेंट

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** खीरी फूड चीफ अपने सदर सहियोगी इंस्पेक्टर मनोज कुमार के साथ पहुंचे राजापुर गुड़मंडी गुड़मंडी में गुड़ बनाने वाले किसानों से की मुलाकात बताया कैसे बनेगी साफ सुथरा गुड़ वही फूड चीफ खीरी ने किसानो से बताया गुड़ बनाने में कैमिकल बिलकुल इस्तेमाल न करें एगुड़ बनाने से पहले यह जरूर देखले कि गन्ना साफ हो इस मौके पर किसानो सहित संजय गुप्ता रहे मौजूद वही संजय गुप्ता ने खीरी चीफ फूड को बताया कि हमारे यहां मंडी में किसानो के द्वारा हमेशा अच्छी गुड़ बनाई जाती है और बेची जाती है।

### सड़क हादसे में बहन की मौत, भाई घायल

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** 27 दिसंबर को सुन्दरवल के पास सड़क हादसे में छात्रा की मौत छात्र घायल। ग्रीनफील्ड महेवा गंज के स्टूडेंट्स थे दोनो भाई बहन। बाइक से थे दोनो भाई बहन। पीछे से महेवागंज के ही एक दूसरे स्कूल की बस ने बाइक में टक्कर मारी। छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत भाई को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

### कार्यकर्ताओं ने किया एमएलसी का स्वागत

**जैदपुर, बाराबंकी।** थाना चौराहा पर भाजपा जिला प्रभारी एमएलसी अवनीश सिंह पटेल का कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया।जिले के जैदपुर थाना चौराहा पर आज जिला प्रभारी व एमएलसी अवनीश सिंह पटेल व भाजपा जिलाअध्यक्ष अरविंद मौर्य का भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय अवस्थी,ज़ैदपुर नगर पंचायत प्रत्याशी अबू उमेर अंसारी,प्रमोद शर्मा,डीएम वर्मा सहित दर्जनो की संख्या मे कार्यकर्ताओ ने फूलमालाओ से भव्य स्वागत किया।

### रुद्र महायज्ञ व रासलीला का आज होगा समापन

**सिद्धौर, बाराबंकी।** बेलिया गजपतीपुर स्थित श्री जागेश्वर महादेव मंदिर में हो रहे श्री रुद्र महायज्ञ व रासलीला कार्यक्रम का समापन गुरुवार 28 दिसंबर को भंडारा के साथ होगा। वृंदावन से आए रासलीला कलाकारों ने बालकृष्ण की झांकियां दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का मंचन किया। कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवा फाउंडेशन (ट्रस्ट) के चेयरमैन डॉ आशीष सिंह सिसोदिया ने मंच पर पहुंचकर योगेश्वर कृष्ण की आरती उतारी और उत्कृष्ट अभिनय के लिए रासलीला कलाकारों को ग्यारह हजार रुपए की धनराशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया इससे पूर्व समाजसेवा फाउंडेशन के चेयरमैन ने जागेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया इस दौरान सुरेश सिंह आचार्य मिथिलेश वर्मा दिवाकर बाबा आकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### दिशा की बैठक 6 फरवरी को होगी

**बाराबंकी।** आगामी 6 जनवरी को अपरान्ह ढाई बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद उपेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आहूत की गई है। बैठक का एजेंडा जारी करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को एजेंडा प्रेषित करके सम्बंधित विभागों की समस्त कार्ययोजना व क्रियान्वित उपलब्धियों की रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित होंने का निर्देश दिया है।

## बाल वीरों को दी गई श्रद्धांजलि

**बेलहरा बाराबंकी।** अधर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह जी के दो साहबजादे युद्ध में शहीद हुए और साहबजादा जोरावर सिंह व साहबजादा फतेह सिंह को दीवार में चुनवा दिया जाता है। यह छोटा कार्य नही है इनके बलिदान के कारण आज हमारा धर्म सुरक्षित है ,हमारा भारत देश सुरक्षित है ,हमारे भारत देश की संस्कृति सुरक्षित है। उक्त विचार क्षेत्र के ग्राम बेहडा बाजार में बीर बालक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय भाजपा विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान बलजीत सिंह ने विधायक को पगडी पहनाकर उनका स्वागत वंदन किया। इसी के साथ नारायन, चरण सिंह, बाबा बलि सिंह ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन अंशुमान मिश्रा ने किया।

# रेलवे फाटक पर पैसेंजर ट्रेन ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर

**बांकेगंज खीरी। समृद्धि न्यूज**

बांकेगंज छेत्र के नया गांव रेलवे फाटक पर ट्रैक्टर व ट्रॉली ट्रेन से टकराने से ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। ट्रैक्टर का आधा हिस्सा ट्रेन की टक्कर से कट गया और आधा हिस्सा रह गया। जिस पर ड्राइवर बैठा था। ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार को शाम अरुण कुमार पुत्र श्रीराम निवासी बंजरिया ग्रांट नंबर 11 गोला चीनी मिल से गन्ना बेचकर घर वापस आ रहा था।

इसी समय मैलानी से चलकर आ रही पैसेंजर ट्रेन गोला बांकेगंज के बीच स्थित नयागांव रेलवे फाटक से होकर गुजर रही थी। बताया जा रहा है ट्रैक्टर चालक रेलवे फाटक को तोड़ते हुए ट्रैक्टर ट्राली निकाल रहा था। इसी बीच ट्रेन आ गई जिससे ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने यह मंजर देखा तो उनके होश उड़ गए। वही रेलवे फाटक के गेटमैन अमरदीप कुमार ने बताया कि शाम करीब 7,20 बजे जैसे ही लाइन हुआ हमने गेट बंद कर दिया था।ट्रेन आ रही थी और इधर से ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में धुत्त था। और रेलवे फाटक को तोड़कर ट्रैक्टर का आधा हिस्सा रेलवे ट्रैक पर खड़ा कर दिया। तब तक ट्रेन आ गई जिससे ट्रेन की टक्कर से ट्रैक्टर का आधा हिस्सा कट कर दूर जा गिरा। और आधा हिस्सा खड़ा ही रह गया। जिस पर ड्राइवर बैठा था फिलहाल ड्राइवर को कोई चोटें नहीं आई है। फिलहाल ट्रैक्टर चालक को र पी एफ वालों ने तत्काल अपनी हिरासत में ले लिया था। जिस पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है।



# स्कूल जा रहे भाई बहन को बस ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

जनपद में तेज रफ्तार का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है,तेज रफ्तार के कारण आए दिन लोग काल के गाल में समाते जा रहे है फिर भी प्रशासन ध्यान नही दे रहा है। फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला जिसके चलते एक छात्रा की मौत हो गई वहीं छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। भीरा लखीमपुर स्टेट हाईवे पर सुबह हुए हादसे में स्कूली छात्रा की मौत हो गई वही बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते हैं दोनो भाई बहन रोज की तरह एक बाइक पर सवार होकर महेवागंज के ग्रीन फील्ड स्कूल जा रहे थे तभी पीछे से एक स्कूल बस ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुंदरवल क्षेत्र के करतारपुर आमकोटवा निवासी कुलविंदर सिंह का पुत्र करतार सिंह उम्र करीब 19 वर्ष और पुत्री नवदीप कौर उम्र करीब 17 वर्ष अपनी बाइक से महेवागंज स्थित ग्रीन फील्ड स्कूल जा रहे थे जैसे ही सुंदरबल के आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कूल बस ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार छात्रा वही पर गिर गई जिसे बस रौदते हुए चली गई और बाइक चालक छात्र साइड में गिरने की वजह से गंभीर घायल हो गया। छात्रा नवदीप कौर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया और परिजनों को हादसे की सूचना दी नवदीप कौर के मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### एचटी लाइन का तार गिरने से किसान झुलसा

**बिजुआ खीरी।** ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के गांव खडरहिया मैं खेत के किनारे पुलिया पर बैठे किसान के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन का तार टूट कर गिर गया। जिससे अधेड़ करंट की चपेट में आने से कई जगह झुलस गया। घायल अवस्था में एम्बुलेंस से घायल को बिजुआ के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा गया।

जहां डाक्टरों ने अधेड़ की गंभीर हालत देखते हुए तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्राम पंचायत लाखरावा के मजरा खड़रहिया निवासी सोबरन उम्र 50 वर्ष जिसका गांव के किनारे खेत है। प्रतिदिन की तरह मंगलवार को सोबरन अपने खेत में काम करने के बाद दोपहर को खेत के पास बनी पुलिया पर बैठे थे ऊपर से गुजरी एचटी लाइन का तार टूट कर अचानक ऊपर गिर गया। जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गया। चीख सुनकर आस पास खेतो में काम कर रहे लोगो तत्काल सोबरन के परिजनों को सूचना दी । सूचना पर पहुंचे परिजनो ने स्थानीय लोगो की मदद से सोबरन को एम्बुलेंस से सीएचसी बिजुआ पहुंचाया। जहां डाक्टर ने हालत गम्भीर देखते हुए तत्काल सोबरन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# प्रतियोगिताओं में डीएम ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

जिले में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में ष्वीर बाल दिवस के मौके पर निबंध, भाषण कविता लेखन आयोजित हुई। जिसके विजेताओं को बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय सिंह के साथ पुरस्कृत किया।



कार्यक्रम का सफ्ल संयोजन डीपीओ संजय कुमार निगम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि श्वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है और साहिबजादों के बलिदान की गाथा हर बच्चे और युवा को सुनाई जानी चाहिए। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि साहिबजादों के अदम्य साहस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीएम ने कला प्रतियोगिता में विजेता विनीत कश्यप, रोहिणी देवी, साक्षी वर्मा, निबंध प्रतियोगिता में अंजली गौतम, कीर्ति प्रजापति, भाषण प्रतियोगिता में नंदिनी सिंह, प्रियंका भार्गव और कविता प्रतियोगिता में जसप्रीत कौर जसलीन कौर को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वही कार्यक्रम स्थल पर साहिबजादो का किरदार निभाने वाले बच्चे आदित्य कुमार, लवजोत सिंह, सुखदीप सिंह और रमनदीप सिंह ने अपनी प्रस्तुति दी। जिसपर डीएम ने चार वीर बालको को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम रेनू मिश्रा, जिला समन्वयक निक्की गुप्ताए वन स्टाफ केंद्र की प्रशासिका रश्मि चतुर्वेदी महिला कल्याण विभाग से सुंदरलाल एवं अन्य कार्मिक गुरु नानक विधिक सभा की शिक्षक स्टाफ मौजूद रहे।

## मां की मेहनत रंग लाई बेटे की सफलता में

**मैगलगंज खीरी।** कहते है जो पसीना बहाते है वो एक न एक दिन जरूर कामयाब होते है। टी जी टी क्वालीफाई कर ललित अवस्थी ने आभाव में प्रभाव दिखाया और ये कहावत कस्बा निवासी ललित अवस्थी ने मेहनत मजदूरी करके चरितार्थ की है। अपने और अपने परिवार का सपना साकार कर मैगलगंज क्षेत्र के गरीब छात्र-छात्राओं के सपने को बल दिया है।मैगलगंज कस्बे के भट्ठा मोहल्ला निवासी ललित अवस्थी पुत्र स्व अनिल अवस्थी ने बड़ी मेहनत से पढ़ाई कर नौकरी हासिल की। पिता के स्वर्गवास के बाद मां ने परचून की दुकान व सिलाई कढ़ाई करके बडी मेहनत सें अपने बेटे की पढ़ाई लिखाई करवाई। ललित इंटर पास होने के बाद अध्यापक बनने का सपना दिल में पाल रहा था।

## एक्सईएन ने जारी किया शट डाउन शेड्यूल

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड लखीमपुर शैलेंद्र कुमार ने समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए बताया कि विद्युत वितरण खण्ड.प्रथम लखीमपुर के तहत आरडीएसएस योजना के कार्यो के सम्पादन के लिए शट डाउन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि 33/11 केवी उपकेन्द्र विद्युत गड़ी के अंतर्गत 29 दिसंबर को प्रातः 10 से सांय 05 तक हरिजन बस्ती चिकवा मंडी के पास की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 30 दिसंबर को सुबह 10 सांय 05 को 33/11 केवी उपकेन्द्र विद्युत गड़ी एवं नई बस्ती के अंतर्गत शास्त्री नगर कपूरथला में कांति सिंह बाग से सब्जी मंडी तक आवास विकास ;एलआईसी के पीछे का क्षेत्र विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## मतदाता पुनरीक्षण की तिथि बढ़ी

# 22 जनवरी तक होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशनः उपजिलाधिकारी

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।**

चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता पुनरीक्षण की बढ़ी तिथि उप जिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार ने बताया कि पहले मतदाता पुनरीक्षण का कार्य 26 दिसंबर 2023 तक था।

जिसे अब 12 जनवरी 2024 तक मतदाता बनाने बढ़ाने विलोपन सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। वही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को था जो अब 22 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अब बीएलओ घर.घर जाकर मतदाता बनाने और घटाने का कार्य करेंगे। वही जिनको मतदाता बनना है या छूट गए हैं वह तहसील में बीआरसी कार्यालय पर आकर अपना फार्म जमा कर सकते हैं और उप जिलाधिकारी ने बताया कि फॉर्म आठ के माध्यम से स्थानांतरण संशोधन किया जाएगा। मतदाता बनने के लिए फॉर्म 6 भरा जाएगा और आधार कार्ड से मतदाता लिंक के लिए 6 ए फॉर्म भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता अभियान भी अब और तेजी से चलाया जाएगा।

**पहल** | एसडीएम बनी अध्यापक, बच्चों से जाना पढ़ाई का हाल

# एसडीएम सदर ने परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण, परखी व्यवस्थाएं

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

पठन पाठन की गुणवत्ता स्कूल की साफसफाई शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इत्यादि का जायजा लेने के उद्देश्य से एसडीएम ;सदर श्रद्धा सिंह ने बुधवार को ब्लाक लखीमपुर के तहत संविलियन विद्यालय ढसरापुर वा कोरैया जंगल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने बच्चों को पढ़ाया। गुरुजी बनकर बच्चों को गणित अंग्रेजी के साथ हिदी के कई सवाल पूछकर उनका ज्ञान परखा। सही उत्तर देने वाले बच्चों को एसडीएम ने दुलार किया। परिषदीय विद्यालय ढसरापुर के निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रद्धा सिंह ने विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। एसडीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र.छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। एसडीएम ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की।



ही पठन पाठन साफ सफाई मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। संविलियन विद्यालय कोरैया जंगल के निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्र छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता पिता का आदर करने,स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी। एसडीएम ने कक्षाओं में बच्चों के बीच जाकर उन्होंने अध्यापन कार्य की बारीकी से पड़ताल की। गुरुजी बनकर करीब आधा घंटा तक बच्चों के ज्ञान और कार्यो को देखा और परखा। गणित के सवाल किए जिसका कई बच्चों ने सटीक जवाब दिया जबकि अंग्रेजी से संबंधित सवालों पर का सही उत्तर देने पर बच्चों को दुलार किया। बच्चों से मिड.डे.मील की बाबत जानकारी ली।

# संरक्षित घोषित होंगे उत्तर प्रदेश के 130 स्मारक और स्थल

समृद्धि न्यूज

▸ समिति ने की चार स्मारकों व स्थलों को असंरक्षित किए जाने की संस्तुति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति की बैठक में प्रदेश में स्थित 130 स्मारकों,स्थलों को संरक्षित किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संरक्षित किये जाने वाले स्मारकों स्थलों में अयोध्या के बढ़ई मंदिर-लक्ष्मणघाट व शेषावतार-लक्ष्मणघाट शामिल हैं। बाराबंकी, गोण्डा, श्रावस्ती, बलरामपुर के 02-02 स्थल, अम्बेडकरनगर का 01 स्थल तथा रायबरेली के 17 स्थल, उन्नाव का 01 स्थल, पीलीभीत के 03 स्थल तथा आगरा के 43 स्थल, झांसी के 05 तथा महोबा का 01 स्थल आल्हा-उदल का शिकारगाह शामिल है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सिद्धार्थनगर के 03 स्थल, महाराजगंज का 01 स्थल, फतेहपुर के 14 स्थल, प्रयागराज के 08 स्थल, बांदा के 05 स्थल, कौशाम्बी के 04 स्थल, प्रतापगढ़ के 05 स्थल, चित्रकूट के 02 स्थल, मऊ का 01 स्थल, वाराणसी के 02 स्थल, चंदौली का 01 स्थल, सोनभद्र का 01 स्थल तथा मिर्जापुर का 01 स्थल सीता कोहबर शामिल है।

# डिप्टी सीएम ने झाड़ू लगाकर अयोध्या को स्वच्छ नगरी बनाने का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज

▸ उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य 30 तक अयोध्या में ही करेंगे कैंप



**लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसम्बर को अयोध्या आ रहे हैं। पीएम के दौरे के मद्देनजर सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अयोध्या में कैम्प कर रहे हैं। कही कोई कमी न रहे, इस बाबत वे खुद हर पहलू और हर जगह की गहन छानबीन कर रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 30 दिसंबर तक अयोध्या में ही कैंप करेंगे। ऐसा पहली बार है जब डिप्टी सीएम किसी बड़े आयोजन के लिए एक जिले में छह दिनों तक प्रवास कर रहे हैं। वे सोमवार की सुबह ही अयोध्या में हैं। अयोध्या धाम को स्वच्छ नगरी बनाने के लिए बुधवार को उन्होंने झाड़ू लगाकर और कूड़ा उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया। आज अशर्फी चौराहे तथा आसपास के क्षेत्र को साफ-सफाई में सभी ने अपना श्रमदान दिया। उप मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों को कपड़े के बैग वितरित कर प्लास्टिक से मुक्ति के लिए प्रेरित भी किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान जो कि आगे भी जारी रहेगा। हर वार्ड के सदस्य इस जन आंदोलन में भाग ले रहे हैं और अयोध्या को स्वच्छ और सुंदर बना रहे है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या वासियों सहित असंख्य राम भक्तों का सपना अब साकार होने वाला है, 22 जनवरी को प्रभु श्री राम अपने जन्म स्थान में बन रहे भव्य व दिव्य मन्दिर में विराजमान होंगे ।अनेक प्रकार के सुंदर-मंगल साज सजाए गए है।रामराज की तरह सज रही अयोध्या में एंट्री करते ही श्रद्धालु सनातन कल्चर में डूब रहे हैं,वहीं दीवारें भी अलग-अलग कलाकृतियों से सजाई जा रही हैं।उन्होंने स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए नगरवासियों का आह्वान किया। उन्होंने नारा दिया श्जहां जन्मे राम, स्वच्छ रहे वह अयोध्या धामश।अयोध्या में बन रहे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट का अफसरों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने कहा अयोध्या को विश्व स्तरीय नगरी का स्वरूप दिया जाना है।

## त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सुसज्जित होने लगी अयोध्या

**अयोध्या/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 30 दिसंबर को अयोध्या आगमन को लेकर तैयारियां तेज हैं। अयोध्या अभी से त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सुसज्जित होने लगी है। पुष्पवर्षा की भी तैयारी है। इस काम में अयोध्या एवं आसपास के जिलों के साथ ही पश्चिम बंगाल, मथुरा एवं सीतापुर के 700-800 कारीगर जुटे हैं। कोलकाता, कानपुर, दिल्ली, बेंगलुरु आदि स्थानों से फूल मंगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री इस दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डे के लोकार्पण के साथ ही हजारों करोड़ की विकास परियोजनाएं समर्पित करेंगे। एयरपोर्ट बाईपास से फोरलेन धर्मपथ, साकेत पेट्रोल पंप हनुमानगढ़ी के रास्ते लगभग 9 किमी. से अधिक दूरी तय करने में दो दर्जन से अधिक तोरणद्वार बनाए जाएंगे। यहां रेलिंग डिवाइडर-मूर्तियों आदि को फूलों व बुके से सजाया जाएगा। पीएम के स्वागत के मद्देनजर अभूतपूर्व तैयारी है। राममय अयोध्या के भव्य तोरणद्वार काफी शानदार होंगे। अयोध्या के रहने वाले बालकृष्ण सैनी अपनी टीम के साथ काम में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि पीएम के स्वागत में देशी-विदेशी फूलों से अयोध्या महक उठेगी। लगभग 20 डीसीएम से अधिक फूल (अनुमानित 1,44,000 कुंतल) लगाए जाएंगे। इनमें कोलकाता से गेंदा की लड़ी, कानपुर एवं दिल्ली से अशोक की पत्ती, दिल्ली से कर फ्लावर व बेंगलुरु से विदेशी फूल आएंगे। इनमें आर्केड, इनथेरियम, कोनिया, कार्नेसन, टाटा रोज, स्टार, डेली, जरबेरा के साथ ही विक्टोरिया, सन ऑफ इंडिया, पैराग्रास, मनोकोमली, चाइना पत्ती, घोड़ापाम, एरिका पान आदि से सजावट होगी।

# ओबरा-सी पावर प्लांट से बिजली का उत्पादन शुरू

## प्लांट के पूर्ण रूप से चालू होने से यूपी की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में 10 प्रतिशत की होगी वृद्धि

▸ ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने पावर प्लांट के चालू होने पर दी बधाई

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए ओबरा-सी 2एम660 मेगावाट पावर प्लांट की पहली यूनिट से मंगलवार को अपरान्ह 2:30 बजे पूर्ण क्षमता से विद्युत का उत्पादन शुरू हो गया है। इस प्लांट के पूर्ण रूप से चालू होने से उत्तर प्रदेश की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में 10 प्रतिशत की और वृद्धि होगी। जल्द ही उत्तर प्रदेश विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा।

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने पावर प्लांट के पूरी क्षमता से चालू होने पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। ऊर्जा मंत्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए ऊर्जा क्षेत्र के सभी कार्मिकों को हार्दिक बधाई दी तथा इस सफलता के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन को योगी सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर साकार करेंगी। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में और उनके आशीर्वाद से जल्द ही प्रदेश अपने दोगुना विद्युत उत्पादन के लक्ष्य को पूरा कर लेगा। जल्द ही तापीय और सोलर ऊर्जा के माध्यम से प्रदेश के लोगों को भरपूर और निर्बाध बिजली मिलेगी। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि ओबरा सी 2म660 मेगावाट क्षमता का पावर प्लांट सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी आधारित प्रोजेक्ट है और यह प्लांट 13,005 करोड रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी आधारित यह पावर प्लांट पर्यावरण के मानक के अनुरूप होगा तथा जीरो लिक्विड डिस्चार्ज से युक्त होगा। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने इस प्लांट से उत्पादित विद्युत का 100 प्रतिशत विद्युत क्रय हेतु अनुबंध किया हुआ है। उन्होंने बताया कि ओबरा-सी 660 मेगावाट की प्रथम यूनिट से विद्युत का कामर्शियल उत्पादन भी शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। पॉवर प्लांट का उदघाटन के बाद लोगो के उपभोग के लिए विद्युत् आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि एटा की जवाहरपुर पॉवर प्लांट की प्रथम यूनिट से 660 मेगावाट विद्युत् का कामर्शियल उत्पादन शुरू हो चुका है। शीघ्र ही जवाहरपुर की 660 मेगावाट की दूसरी यूनिट से भी फरवरी, 2024 तक में विद्युत् के उत्पादन की शुरूआत हो जायेगी। इस प्रकार प्रदेश को कुल 1920 मेगावाट क्षमता की विद्युत और मिलने लगेगी। अभी ओबरा-सी की दूसरी यूनिट, पनकी, और ओबरा-डी आना बाकी है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इसके साथ ही ओबरा-डी की 2म800 मेगावाट के दो पावर प्लांट लगाने का अनुबंध एनटीपीसी के साथ हो चुका है। इसी प्रकार अनपरा में भी 2म800 मेगावाट की दो यूनिटें लगाने के लिए एनटीपीसी के साथ अनुबंध है। मेजा की 660 मेगावाट के प्लांट का विस्तार करने के लिए एनटीपीसी सहयोग कर रहा है। पनकी में भी 660 मेगावाट की एक यूनिट के विस्तार के बाद अगले वर्ष से पूर्णतया कार्य करने लगेगा।

## मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बढ़ा रही लोगों का विश्वास



**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सांसद केशरी देवी पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ फव्वारा चौराहा, ममफोर्डगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होते हुए मोदीजी की गारंटी वाली गाड़ी का स्वागत किया। वहीं, वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना। नन्दी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। इस अवसर पर मंत्री नन्दी ने कहा कि यात्रा शुरू होने के बाद उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। यात्रा के दौरान मौके पर ही 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा, ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया।

## सौर ऊर्जा से रोशन होंगे प्रदेश के मेडिकल कॉलेज : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** यूपी के सरकारी मेडिकल कॉलेज सौर उर्जा से रोशन होंगे। इसके लिए मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख भवनों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। बिजली की बचत होगी। बिजली पर होने वाले खर्च में भी कमी लाई जा सकेगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों को सौलर पैनल लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगने से बिजली की बचत होगी। संस्थानों को आर्थिक बचत भी होगी। संस्थानों में निर्बाध बिजली आपूर्ति भी बनी रहेगी। मेडिकल संस्थान यूपीनेडा के अफ़सरों से उर्जा क्रय अनुबंध भी कर सकते हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के कई मेडिकल संस्थानों ने इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किए हैं। इसमें लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, मेरठ मेडिकल कॉलेज समेत अन्य मेडिकल संस्थान शामिल हैं। सोलर पैनल से बिजली निर्माण का फायदा संस्थानों को मिलेगा। बिजली व्यवस्था और बेहतर होगी। रोगियों को और बेहतर व सुगम उपचार मिल सकेगा।

# खबरें एक नजर में

### छात्रों की खेल प्रतिभा से गदगद हुए अभिभावक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा 'वार्षिक खेलकूद समारोह' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के खेल मैदान में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के छात्रों ने अपनी अभूतपूर्व खेल प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया एवं चुस्ती-फुर्ती से परिपूर्ण फिजिकल फिटनेस एक्टिवटी द्वारा इण्डिया फिट एण्ड यंग का सन्देश दिया। नन्हें-मुन्हें छात्रों की अभूतपूर्व खेल प्रतिभा देखकर अभिभावक खुशी से गद्गद् हो गये। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे आत्म प्रकाश, आई.ओ.एफ़.एस., डायरेक्टर, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, रीजनल सेंटर, लखनऊ, ने खेल ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। श्री प्रकाश ने कहा कि खेलकूद जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। छात्रों ने विभिन्न प्रकार की रोचक दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ ही ड्रिल, योगा एवं एरोबिक्स आदि में भी अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा। इस अवसर पर सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या ज्योति कश्यप ने कहा कि यह खेल समारोह छात्रों में खेल भावना, सहयोग व आपसी सद्भाव को विकसित करने का एक प्रयास है। प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह ने नन्हें खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने हेतु अभिभावकों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जि. निर्वाचन अधिकारी पहुंचे ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा तहसील मोहनलालगंज स्थित भारत निर्वाचन आयोग के ईवीएम एवं वीवीपैट के जनपद स्तरीय वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज हनुमान प्रसाद द्वारा बताया गया की ईवीएम एवं वीवीपैट के जनपद स्तरीय वेयर हाउस में कुल 24 कमरे हैं। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रिजर्व ईवीएम के लॉक कमरों की सील हटा कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त दुबारा कमरों को डबल लॉक में सील करने की कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पाटी व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अपर जिलाधिकारी भू आ प्रथम धर्मेंद्र सिंह, हनुमान प्रसाद उप जिलाधिकारी, मोहनलालगंज व प्रभारी अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस, आनन्द तिवारी तहसीलदार, मोहनलालगंज एवं अभय किशोर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ उपस्थिति रहे।

### अनुदेशकों का नियमितीकरण करे सरकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च प्राथमिक शिक्षा विभाग में पिछले 10 वर्षों से शिक्षा अनुदेशक के पद पर नौकरी कर रहे अनुदेशकों का वर्तमान मानदेय मात्र 9 हजार रुपए होना यह दर्शाता है कि अनुदेशकों के साथ किस तरह का शोषण और अन्याय नौकरी के नाम पर किया जा रहा है। इस धरने में शामिल हुए युवा शक्ति संगठन के संयोजक गौरव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शोषण का विरोध और सम्मानजनक वेतन की मांग को लेकर अनुदेशक संघ द्वारा आज आयोजित ईको गार्डन में धरने का सरकार संज्ञान नहीं लेती है तो आनेवाले लोकसभा चुनाव में अपनी वोट की शक्ति का प्रयोग अनुदेशक नोटा के रूप में करें। अनुदेशक संघ के अध्यक्ष विक्रम सिंह का कहना है कि अनुदेशकों की लम्बे समय से मांग है कि उन्हें स्थाई नियुक्ति दी जाए तथा नियमतीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक 17 हजार मानदेय निर्धारित किया जाए, जिसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ बेंच ने मानदेय 17 हजार मासिक करने का आदेश भी दिया था जिसके खिलाफ सरकार इलाहाबाद उच्च न्यायालय डबल बेंच में चली गई।

### आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेला 30 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 30 दिसम्बर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में शिशिक्षु, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 18 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम ए खाँ ने बताया कि शिशिक्षु,रोजगार मेले के माध्यम से 2081 रिक्तियों में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। 18 से 35 वर्ष वाले तथा हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक पास ही रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। कम्पनियों द्वारा वेतन 8000 से 25000 रूपये प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न कर प्रात:09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण की संशोधित तिथियां तय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी के संदर्भ में मतदाता सूची के विशेषसंक्षिप्त पुनरीक्षण की संशोधित तिथियां निर्धारित की है। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण अब 12 जनवरी तक किया जाएगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 22 जनवरी को किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदाता सूची में पहले दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की अंतिम तिथि 26 दिसंबर थी और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि 05 जनवरी निर्धारित थी, जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है।

### केजीएमयू के दंत संकाय में होगी मॉड्यूलर ओटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के दंत संकाय में रोगियों को सर्जरी के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नए दंत संकाय भवन में माड्यूलर ऑपरेशन थिएटर को अपग्रेड किया जाएगा। साथ ही कानपुर का राजकीय मेडिकल कॉलेज को आधुनिक उपकरणों को लैस किया जाएगा। हृदय रोग संस्थान में डीएनबी इन वैस्कुलर सर्जरी की उपाधि दी जायेगी।

# अधिक कोहरे में न करें बसों का संचालन

▸ परिवहन मंत्री ने काउन्सिलिंग में दिए अफसरों को निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि दैनिक काउन्सिलिंग के माध्यम से बस स्टेशन पर क्रू को बस के प्रस्थान से पूर्व अधिकारियों एवं उपाधिकारियों द्वारा यह अनिवार्य रूप से यह निर्देशित किया जाय कि कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की स्थिति में बस का संचालन रोककर, निकटवर्ती बस स्टेशन व यात्री प्लाजा जिस दिशा में बस चल रही हो, उसके विपरीत दिशा में स्थित ढाबे को छोड़कर, पेट्रोल पम्प, पुलिस थाना अथवा अन्य किसी सुरक्षित स्थान पर रोक दिया जाय। कोहरा समाप्त होने के उपरान्त ही बसों का संचालन पुनः प्रारम्भ किया जाये।

परिवहन मंत्री ने कहा कि कोहरे के समय किसी भी दशा में मार्ग के विपरीत दिशा में स्थित ढाबे पर बसों को न ले जायें। ऐसी स्थिति में दुर्घटना की सम्भावना अधिक होती है। चेकिंग स्टाफ द्वारा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि बस को मुख्य सड़क पर खड़ा न किया जाये। अपरिहार्य स्थिति में खड़ी बस की पार्किंग लाइट जलती रहनी चाहिए। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये कि दृश्यहीनता की दशा में प्रत्येक बस स्टेशन पर उपाधिकारियों द्वारा मार्ग के बस स्टेशनों से सूचना लेकर अपने व अन्य क्षेत्रो की बसों को बस स्टेशन से मार्ग पर जाने हेतु अनुमति न दी जाये तथा चालक को यह अवगत कराया जाये कि कोहरे के कारण मार्ग बाधित है। कोहरे, बारिश, आंधी, तेज हवाओं के दौरान बस को धीमी व सुरक्षित गति में संचालित किया जाये तथा सड़क के किनारे विशालकाय पेड़ के नीचे वाहन को रोका न जाये। कोहरे में बस को निर्धारित गति सीमा से अधिक गत्ति पर कदापि संचालित न किया जाये। बस के आगे चलने वाले वाहन से पर्याप्त दूरी बनाये रखें व सुरक्षित रहें। हाईवे एवं एक्सप्रेस-वे पर बने अनाधिकृत कट का प्रयोग कदापि न किया जाये।

## बजट सरेंडर होने की दशा में अधिकारियों पर होगी कार्रवाई



**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन एवं जन्तु उद्यान मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने कहा, वनाधिकारी सुनिश्चित करें कि वन जमा के बजट को प्लान के तहत खर्च किया जाये। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष के अंत से पूर्व विभागीय बजट का शत-प्रतिशत सदुपयोग किया जाये। बजट सरेंडर होने की दशा में संबंधित की जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने अगले तीन माह में पेड़ों की सुरक्षा पर खर्च होने वाली धनराशि का ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डा. सक्सेना ने यह निर्देश आज यहां कुकरैल स्थित मौलश्री प्रेक्षागृह में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने वन निगम के प्रबंधक को यह भी निर्देश दिये कि अवैध कटान किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए और अवैध कटान होने की स्थिति में दोषी के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए। कंजरवेटर अपने-अपने क्षेत्रों में इसकी नियमित मॉनीटरिंग भी करें। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के देयकों का भुगतान समय से कराया जाये। लम्बित प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध किया जाये। वन मंत्री ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों के जल्द निस्तारण अधिकारी करें।

## राजभवन में वीर बाल दिवस पर दास्तान-ए-शहादत का लाइट एंड साउंड शो सम्पन्न

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी की गरिमामयी उपस्थिति में बुधवार को राजभवन में वीर बाल दिवस को समर्पित दास्तान-ए-शहादत पर लाइट एण्ड साउंड शो सम्पन्न हुआ। राजभवन के बड़े लॉन में लखनऊ गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में दशमेश पिता साहब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चारों साहबजादो की शहादत की गाथा का पंजाब से आए विशेष कलाकारों द्वारा लाइट एण्ड साउंड शो के साथ रोमांचक मंचन किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी ने कहा कि विश्व इतिहास में धर्म की रक्षा एवं मतांतरण के विरोध में सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा सर्वस्व बलिदान करने जैसा उदाहरण कहीं अन्य देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि खालसा संगठन का उद्देश्य लोगों को उत्पीड़न से बचाना था। शहादत दिवस के इतिहास को बताते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि वीर बाल दिवस भारतीय इतिहास में वीरता और बलिदान की एक मार्मिक याद दिलाता है।

# संवैधानिक संस्थाओं को किया जा रहा है कमजोर : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा का दुष्प्रचार जारी है। चारों तरफ लूट मची हुई है। भाजपा ने सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया है, ऐसा तो किसी सरकार में नहीं हुआ। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। लोकतंत्र पर हमला जारी है।

समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान को बचाने की बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए संकल्पित है। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सावधानी और पूरी सतर्कता से इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेगी। अखिलेश यादव ने कहा, समाजवादी कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा के झूठे वादों और काले कारनामों की सच्चाई से अवगत कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा के झूठ की जानकारी हर बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता देंगे। कार्यकर्ता अनुशासित रहकर हर बूथ पर मुस्तैदी से भाजपा को हराने का काम करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने देश को कमजोर कर दिया है। अर्थव्यवस्था चौपट है। जनता का हर वर्ग असंतुष्ट है। विपक्षी कार्यकर्ताओं विशेषकर समाजवादी पार्टी के निर्दोष कार्यकर्ताओं को झूठे केस में फंसाकर उनका हर तरह से उत्पीड़न किया जा रहा है। गरीबों के साथ अन्याय करके उन्हें सताया जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा के सब वादे हवा हवाई है। किसानों की हालत खराब है। भाजपा सरकार में घर-घर बेरोजगार बैठे हैं। सात हजार शिक्षामित्र जान गवां चुके हैं। उत्तर प्रदेश में जो कुछ भी विकास दिख रहा है वह सब समाजवादी सरकार की देन है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पुलिस सेवा यूपी डायल 100 और महिला अपराध नियंत्रण के लिए 1090 वूमेन पावर लाइन सेवा, प्रसूताओं को अस्पताल लाने ले जाने के लिए 102 एम्बुलेंस और सड़क दुर्घटना में तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई थी।

**मौका** | निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेहरबान

# इजराइल में काम करने वर्कर भेजेगी उत्तर प्रदेश सरकार

▸ 1.38 लाख सैलरी और 15 हजार मिलेगा बोनस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेहरबान है। यूपी सरकार 16 हजार श्रमिकों को इजराइल भेजेगी। पहले चरण में 10 हजार काम करने के इच्छुक निर्माण श्रमिकों की लिस्ट तैयार है। इनको नववर्ष में जनवरी के अंत तक भेजा जाएगा।

निर्माण श्रमिकों को कम से कम एक वर्ष अथवा 3 वर्ष तक सेवा अनिवार्य रूप से देनी होगी। कामगारों को अंग्रेजी भाषा बोलने, लिखने व समझने का ज्ञान होना चाहिए। श्रमिक और उसके परिवार के लोगों में इससे पूर्व इजरायल में काम न किया हो। कामगारों को एक लाख 38 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। 15 हजार रुपए प्रतिमाह बोनस व फंड भी मिलेगा। निर्माण श्रमिक की आयु 21 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आने जाने का किराया नहीं मिलेगा। पासपोर्ट न होने पर तत्काल बनवा सकते है। श्रम विभाग के जरिए इजरायल में जाकर कामगारों को अच्छी स्रैलरी पाने के लिए आवेदन मांगें गए हैं। निर्माण श्रमिकों को एनएसडीसी यानि नेशनल स्किल डवलपमेंट कारपोरेशन इंटरनेशनल के जरिए भेजा जाएगा। इच्छुक लोगों के पास काम का अनुभव होने के साथ हाईस्कूल तक शिक्षा जरूरी है जबकि आयु 25 से 45 साल के बीच हो।

इजराइल जाने वाले निर्माण श्रमिकों को हर माह 6100 इजराइली न्यू शेकेल करेंसी मिलेगी जो भारतीय मुद्रा में करीब 1 लाख 38 हजार रुपये होगी। जाने वालों को अपने रहने और चिकित्सा बीमा का पैसा खुद देना होगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी के मुताबिक इजराइल में निर्माण श्रमिकों की आवश्यकता है। श्रमिक इजराइल में काम का इच्छुक है तो आवेदन श्रम कार्यालय में जमा कर सकता है। सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग, फ्रेंमवर्क, शटरिंग कारपेंटर, आयरन बेंडिंग आदि में जॉब हैं। श्रमिक जल्द आवेदन कर सकते हैं।

## पर्यटन स्थलों पर 4.89 करोड़ साइनेज लगाने हेतु स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ईको पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार पर्यटक सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रही है। पर्यटन सेक्टर में हितग्राहियों एवं इससे जुड़े हुए लोगों को आकर्षित करने के लिए नई पर्यटन नीति के तहत तमाम सुविधाएं मुहैया करा रही है। इसी क्रम में लगभग 4.89 करोड़ रूपये की लागत से हैदरपुर, वेटलैंड एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत 6 पर्यटन स्थलों पर साइनेज लगाये जाने का निर्णय लिया है। इसके लिए धनराशि जारी कर दी गयी है। प्रदेश सरकार इन पर्यटन स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास कर रही है। प्रथम चरण में एक करोड़ रुपये भी जारी किए जा चुके हैं। योजना के तहत हैदरपुर वेटलैंड बिजनौर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व पीलीभीत, सूर-सरोवर पक्षी विहार आगरा, कतरनिया घाट वन्य जीव विहार बहराइच, राजदरी और देवदरी जल प्रपात चंदौली में साइनेज लगाए जाएंगे। इन साइनेज पर मुख्यरूप से पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी रहेगी।

# वंचित लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत कराना हमारा लक्ष्य : धर्मवीर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कारागार मंत्री श्री धर्मवीर प्रजापति विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को गोसाईगंज स्थित ग्राम बस्तियां, जनपद लखनऊ पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए गांव-गांव मोदी की गारंटी वैन जा रही है।

लोग जानकारी के आभाव में सरकार की बहुत सी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, वंचित लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत कराना भी इस कार्यक्रम का लक्ष्य है। प्रदेश सरकार बच्चियों के जन्म से लेकर उनकी शादी तक की पूरी जिम्मेदारी निभा रही है। कारागार मंत्री ने कहा कि केन्द्र में जब मोदी जी की सरकार बनी, तब बड़े पैमाने पर जनधन खाते खुले। तब किसी को यह भी नहीं पता था कि इसका उपयोग किस प्रकार सरकार करेगी, परंतु अब इसके माध्यम से लाभार्थियों को योजनाओं से सीधे जोड़ दिया गया है, जिससे अब सरकार द्वारा भेजा जा रहा एक-एक पैसा सीधे लाभार्थी के खाते से पहुंच रहा है, जबकि पिछली सरकारों में लाभार्थियों तक पूरा पैसा नहीं पहुंचता था। उन्होंने कहा कि आप लोगों को याद होगा कि ट्रांसफार्मर फुंकने पर चंदा लगाकर ट्रांसफार्मर लगवाया जाता था, वह भी समय से नहीं लग पाता था, परंतु अब एक फोन मात्र से ट्रांसफार्मर 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे में लगाया जा रहा। इससे किसानों को अपने खेतों को सिंचाई करने में भी सुविधा मिल रही, क्योंकि प्रदेश की योगी सरकार ने गांव-गांव बिजली पहुंचायी है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक विभाग के जिला अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

# 15 दिन के अंदर गिराये जाएं जर्जर हो चुके विद्यालय

- आउट आफ स्कूल बच्चो का किया जाये घर-घर सर्वे
- शिक्षा की गुणवत्ता में लाये सुधार : डीएम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।




बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के जिला अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी।

बैठक में आपरेशन कायाकल्प, जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण, आउट आफ स्कूल बच्चो का चिन्हाकन की स्थिति, हाउस होल्ड सर्वे के अन्तर्गत बच्चो को नवीन कक्षाओ में नामांकन कराने की स्थिति मध्यान्ह भोजन, आधार नामांकन के सत्यापन आदि बिन्दुओ पर समीक्षा कर प्रगति के बारे में जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने सभी सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि स्कूलो की स्थिति में काफी हद तक सुधार आया है शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार लाया जाय। निरीक्षण के दौरान बच्चो के शिक्षा की गुणवत्ता, शौचालय, पेयजल, विद्युत कनेक्शन, एम0डी0एम0 में भोजन की गुणवत्ता अध्यापको की उपस्थिति, स्कूलो की साफ सफाई आदि बिन्दुओ पर भी ध्यान देकर सुधार लाया जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि आउट आफ स्कूली बच्चो का अध्यापको के द्वारा घर-घर जाकर चिन्हाकन किया जाय तथा हाउस होल्ड सर्वे के अन्तर्गत बच्चो को नवीन कक्षाओ में नामांकन कराना सुनिश्चित किया जाय। आपरेशन कायाकल्प के बारे में निर्देशित किया गया कि जो स्कूल अवशेष रह गये है उनका सर्वे कर नियमानुसार कायाकल्प किया जाय तथा स्कूलो में पुनः सर्वे कर पेयजल, शौचालय, विद्युत कनेक्शन आदि के बारे में परीक्षण कर लिया जाय यदि कही गड़बड़ हो तो उसे तत्काल ठीक कराया जाय।

जर्जर भवनो के ध्वस्तीकरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पुराने जर्जर भवन को तकनीकी समिति के द्वारा परीक्षण कराकर 15 दिन के भीतर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# डड़वा दसौतिया के निर्विरोध कोटेदार बने दीपचंद्र मिश्र

मोतीगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



विकास खंड झंझरी अन्तर्गत ग्राम पंचायत डड़वा दसौतिया में स्थित राजकीय उचित दर विक्रेता के चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक/एडीओ पंचायत झंझरी सतीश चंद्र तिवारी ने बताया कि खुली बैठक के दौरान मात्र एक आवेदन दीपचंद्र मिश्र का आया।

उन्होंने बताया कि कई बार उपस्थित लोगों से पूछा गया लेकिन किसी ने कोई आवेदन नहीं किया।

बैठक के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान आकांक्षा मिश्रा ने किया। ग्राम पंचायत अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि 20 जून 2023 से डड़वा दसौतिया की सरकारी कोटे की दुकान निरस्त चल रही थी और वहां के ग्रामीणों को दूसरे ग्राम पंचायत कुंदरखी में जाकर राशन लेना पड़ता था। नवागत कोटेदार दीपचंद्र मिश्रा ने ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जो भी योजनाएं चलाएगी, सभी को उनका लाभ दिलाया जाएगा।

इस मौके पर मौजूद रहे प्रधान प्रतिनिधि सच्चिदानंद मिश्र, रवि प्रकाश मिश्र, अवधेश मिश्र, फूल सिंह, गुलाब सिंह, मोनू सिंह, प्रदीप मिश्र, महेश, दीपक मिश्र, शोभित मिश्र, अंकित मिश्र, बब्बू मिश्रा, देवतादीन मिश्र, छैल बिहारी मिश्र, श्याम बिहारी, अवध बिहारी, राजकुमार यादव, मंशाराम तिवारी, चंदन तिवारी सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से कहोबा चौकी प्रभारी मयफोर्स मुस्तैद रहे।



## त्योहारों के रंग भारत पेट्रोलियम के संग

गोंडा, समृद्धि न्यूज। बहराइच रोड स्थित बैजनाथ शर्मा एंड संस (शर्मा पेट्रोल पंप गोण्डा) पर ग्राहकों के लिए भारत पेट्रोलियम द्वारा बड़ी आकर्षक स्कीम लांच की गयी है जिसका उद्घाटन कम्पनी के प्रबन्धक श्री आदित्य वर्मा जी ने फीता काट कर किया। उन्होने बताया कि ग्राहकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से की गयी इस स्कीम में भाग लेने हेतु दो पहिया वाहन में 200/- रूपये और चार पहिया वाहनों में 1000/- रूपये का पेट्रोल डलवाने पर कूपन प्राप्त किया जाएगा। स्कीम की जानकारी देते हुए पंप के मालिक श्री अंतरिक्ष कृष्ण पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक 15 दिनों पर लक्की ड्रा में निश्चित उपहार और अन्तिम मेगा ड्रा में होली के अवसर पर बजाज प्लेटिना (100) जीतने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। सीमित अवधि तक ग्राहको के लिए जारी ऑफर पर कम्पनी की नियम व शर्तें लागू रहेगी।इस अवसर पर तमाम गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अंतिम समय में छात्रों को वितरित किया जा रहा पुस्तक

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- प्राथमिक विद्यालय में वितरण के लिए पहुंचा पुस्तक, लोगों ने उठाया सवाल



वर्ष 2023 के समापन पर कुछ दिन ही बचे हैं। लेकिन जिले के प्राथमिक विद्यालय में आज भी सरकारी पुस्तकों का वितरण कार्यक्रम चल रहा है। मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय नेजाभार में बच्चों को वितरित करने के लिए पुस्तक उतारा गया। इससे वहां के लोग काफी नाराज दिखे।सरकार की ओर से प्राथमिक को जूनियर विद्यालयों में पुस्तकों का वितरण करवाया जाता है।

पुस्तक वितरण का कार्यक्रम जुलाई अगस्त में ही पूरा कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट भी खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी गई है।। लेकिन अभी भी जिले के प्राथमिक विद्यालयों में पुस्तक का वितरण हो रहा है। जबकि वर्ष 2023 में मात्र चार दिन ही बचे हैं। विशेश्वरगंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय नेजाभार बरगदही मैं मंगलवार दोपहर में बच्चों को वितरित करने के लिए पुस्तक पहुंचा। कॉपी किताब लेने के लिए प्राथमिक विद्यालय के छात्र पहुंच गए। यह देख वहां के लोगों ने नाराजगी जताई। सभी का कहना है कि जब इस समय पुस्तक वितरण किया जा रहा है तो बच्चे पढ़ाई कब करेंगे। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था ठेकेदार की ओर से की गई है ठेकेदार ही जाने। उधर अंतिम समय में पुस्तक वितरण किए जाने के मामले को लेकर लोगों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को भी टैग किया है। प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को पुस्तक वितरित किए जाने के मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी से बात की गई तो वह चौंक गए। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कराएंगे। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# पुलिस की सरपरस्ती में हो रहा मिट्टी खनन का खेल

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



जिले में खरगूपुर थाना क्षेत्र में खनन माफिया के द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। खनन विभाग को इसकी भनक तक नहीं है,या ये कहें कि स्थानीय पुलिस की सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है।इस अवैध कारोबार में रात के समय नियमों की अनदेखी कर मिट्टी उठाई जा रही है।जबकि पुलिस जानकारी न होने का हवाला देकर चुप्पी साधे हैं।और मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली थाने के सामने से ही गुजरते हैं।

थाना परिसर से दो सौ मीटर की दूरी पर ही ग्राम पटखोली (चमारनपुरवा ) में मिट्टी के अवैध खनन का कार्य जोरों पर है।स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इस अवैध खनन पर खनन अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस तक ने आंखें बंद रखी हैं।जबकि यह खनन माफिया इतने बेखौफ हो गए हैं कि थाना के बगल से ही थाने के सड़क मार्ग पर दिन में ही मिट्टी भरे हुए ट्रैक्टर तेज रफ्तार सरपट भरते रहते है।न तो पुलिस की परवाह है और न ही प्रशासन का डर।इन अवैध मिट्टी की भरी ट्रालियों को सात सौ से लेकर एक हजार रुपये में बेचा जा रहा है।वही खरगूपुर थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें मिट्टी के अवैध खनन की जानकारी नहीं है।

## छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की समय सारिणी निर्धारित

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति व जनजाति एवं सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु अलग-अलग संशोधित समय सारिणी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद में स्थित नवीन शिक्षण संस्थान एवं पूर्व में सम्मिलित संस्थान द्वारा 1 जनवरी 2024 तक मास्टर डाटा तैयार करने की समय अवधि निर्धारित की गई है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति जनजाति के छात्र छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रथम चरण में तिथि 31 दिसंबर 2023 एवं द्वितीय चरण में 1 जनवरी से 31 मार्च तक तथा सामान्य वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के साथ छात्रों हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि 10 जनवरी 2024 तक नियत की गई है।

# शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड



- 21 हजार से अधिक पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक होंगे लाभान्वित
- 10 जनवरी तक चलेगा अभियान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के शहरी क्षेत्रों में पांच से अधिक सदस्यों वाले पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों के लिए विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इसके लिए सदर बहराइच, नानपारा, क़ैसरगंज, पयागपुर व रुपईडीहा में सभी सरकारी राशन की दुकानों पर कैंप लगाकर कार्ड बनाने की व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में मंगलवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अभियान की समीक्षा करते हुए सभी संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

इस अभियान में 21 हजार से अधिक पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इसका लाभ लेने के लिए प्रत्येक पात्र लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड होना अनिवार्य है। जनपद के अधिक से अधिक नागरिकों को योजना का लाभ मिल सके इसके लिए आयुष्मान भव अभियान के तहत आयुष्मान आपके द्वार 3.0 चलाया गया था। इसी क्रम में शहरी क्षेत्रों में भी आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के अंतर्गत 10 जनवरी तक आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में 5 सदस्यों से अधिक पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक लाभार्थियों व ऐसे परिवार जिनमें केवल वरिष्ठ नागरिक ही सदस्य हैं के आयुष्मान कार्ड बनाये जाएंगे। इसके अतिरिक्त यदि कैंप में अंत्योदय कार्ड धारक लाभार्थी आते हैं तो उनके भी आयुष्मान कार्ड बनाये जाएंगे। उन्होंने पात्र सभी नगरवासियों से अपील किया कि वह अपना व अपने परिवार के सभी सदस्यों का 10 जनवरी से पहले सरकारी राशन दुकानों पर आयोजित कैंप में आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें ताकि आकस्मिक इलाज की आवश्यकता पड़ने पर पैसों की बाधा न रहे और तत्काल इलाज हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए 3 प्रचार वाहन लगाए गए हैं। इसके अलावा क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी, नगरपालिका के कार्मिक, कोटेदार व आरोग्य मित्र आयुष्मान कार्ड बनावने में मदद करेंगे।

# सुनगा व खरगौरा में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा

- शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को किया जा रहा लाभान्वित : निशंक त्रिपाठी

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।



विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनगा व खरगौरा जानूब में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति युवा भाजपा नेता पयागपुर निशंक त्रिपाठी उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि ने योगी व मोदी सरकार द्वारा गरीबों किसानों ,पिछड़ों के लिए चलाए जा रहे सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और शासन की विभिन्न योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान सतत कृषि, ड्रोन प्रदर्शन, स्वास्थ्य शिविर सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना से लाभान्वित अनेक हितग्राहियों तथा प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए तथा अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।इस अवसर पर मंडल मंत्री रवि मिश्रा, ग्राम प्रधान ,क्षेत्र पंचायत सदस्य,भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुरुद्ध प्रसाद तिवारी,सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आसान हुआ ट्रेन का सफर, कोहरे को मात दे रही एंटी फाग डिवाइस

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



तराई के बहराइच जनपद में बुधवार को कोहरे का असर दिखा। जिससे ट्रेनों की रफ्तार भी कम हो गई। हालांकि ट्रेन में लगे एंटी फाग डिवाइस काफी हद तक कोहरे को मात दे रही है। जिले में ठंड के साथ कोहरे का असर दिखना शुरू हो गया है। इसकी बानगी बुधवार को देखने को मिली। जनपद में तीन रूट प्रखड ट्रेनों के लिए निकली है। सभी प्रखंड पर ट्रेन का संचालन हो रहा है। इनमें एक लखनऊ गोरखपुर, बहराइच से गोंडा और मैलानी प्रखंड शामिल है। प्रतिदिन ट्रेनों का आवागमन हो रहा है। बुधवार को सुबह आठ बजे गोरखपुर लखनऊ रेल प्रखंड पर अधिक कोहरा देखने को मिला। कोहरे के चलते रफ्तार ट्रेनों की कम हो गई। इसका आलम यह रही कि कोहरे में ट्रेन जरवल रोड स्टेशन पर खड़ी रही। हालांकि ट्रेन में लगी एंटी फाग डिवाइस से कोहरे का असर ट्रेन संचालन पर कम ही दिख रहा है।

# महिलाओं-किशोरियों के लिए आयोजित हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

- घाघरा नदी विस्थापित परिवारों को मिला महिला चिकित्सक से परामर्श

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नदी विस्थापित परिवारों की महिलाओं एवं किशोरियों को महिला चिकित्सक से अपने स्वास्थ्य संबंधी सुझाव पाना एक सपना था जो बुधवार को पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर के महिला चिकित्सक डॉक्टर सुषमा दुबे के सहयोग से सम्पन्न हुआ। दो तिहाई महिलाएं आज भी महिला चिकित्सक से सलाह पाने से दूर हैं और पुरुष चिकित्सकों या उनके सहायकों से चिकित्सा सुविधा प्राप्त करती हैं। महिलाओं एवं किशोरियों का यह सपना आज पूरा हुआ। स्वास्थ्य विभाग एवं पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय शिविर में भाग लेने वाले 198 लोगों में 147 महिलाओं एवं 51 किशोरियों ने लाभ उठाया जिसमें 126 लोग पहली बार महिला चिकित्सक से परामर्श प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि इसी तरह का चिकित्सा शिविर मंगलवार को जोगापुरवा बौंडी में आयोजित हुआ था जिसमें कुल 84 महिलाओं एवं किशोरियों ने लाभ उठाया था। इस शिविर के आयोजन में पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट के निदेशक ध्रुव कुमार के साथ कार्यदल सदस्य राम तेज यादव, रिंकी वर्मा, रिंकी कश्यप, सुनीता, पिंकी, जगतपाल, रामेश्वर व नितीश का सहयोग सराहनीय रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर के चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में डॉ सुषमा दूबे, फार्मासिस्ट सुधीर पांडेय सहायक ओंकार सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

बाल्य काल में ही शहीद हुए सगे भाई

# सरस्वती विद्या मंदिर में चलचित्र का हुआ आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान के द्वारा वीर बाल दिवस उपलक्ष्य में चलचित्र चार साहिबजादे पिक्चर का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में किया गया।

इस आयोजन में विद्यालय के 500 बच्चों को पिक्चर दिखाई गई और वीर बाल दिवस क्यों मनाया जाता है, इसके विषय में बच्चों को पिक्चर के माध्यम से बताया गया। संस्था की उपाध्यक्ष चरणजीत कौर के नृतित्व में सिख समाज के स्त्री सत्संग के द्वारा एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमे पांच प्यारो में गगनप्रीत कौर, सहजदीप कौर, सीरत करू, रिद्धि कुमारी, खुशी कौर, गुरबाणी कौर , नाटक में हरगुन, राजजोग सिंह,गुरलीन कौर, अर्षप्रीत कौर, सरनप्रीत, हर्षप्रीत कौर, जसमीत कौर, अंश सिंह, महक कौर एवं बाद में संस्था के द्वारा प्रश्न उत्तर कार्यक्रम का आयोजन इस विषय पर किया गया। अतिथियों में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिवेंद्र मिश्रा रहे। साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बृजेश पांडे व गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया एवं समस्त पदाधिकारीगण कार्यक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीजेएम ने संबोधित करते हुए विषय पर बोलते हुए बच्चों को बताया की 7 साल और 9 साल के छोटे साहेबजादो ने जिस तरह बहादुरी का परिचय देते हुए देश और धर्म के लिए अपनी जान निछावर की इसी से प्रेरणा लेते हुए हमको भी अपने देश की रक्षा करनी चाहिए और बच्चो आप हमारे आने वाले भविष्य हैं और आज आप इस विषय से प्रेरणा लेते हुए भविष्य में अपने देश और समाज का नाम रोशन करें यही मेरी कामना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अवधेश ने कहा कि वीर बाल दिवस को मनाना और उससे प्रेरणा लेकर समाज में एक नई चेतना जागृत करना ही हमारा लक्ष्य है। जिस प्रकार छोटे साहेबजादो ने बिना अपना धर्म परिवर्तन किए समाज के सामने जो उदाहरण पेश किया है। वह आज हमारे आने वाली पीढ़ियां को इससे सीखना चाहिए और आज का दिन का विषय, विषय न बनकर रह जाए एक जन चेतना बने जिससे समाज एक नई ऊंचाइयों को छुए और गुलामी की जंजीरों से बाहर निकले आज मेरी है। अंत में संस्थान के अध्यक्ष ने आयोजन को सफल बनाने में सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य रवि शुक्ला, आरएसएस के विभाग प्रचारक, जिला प्रचारक, जिला समरसता प्रमुख एवं सभी का हार्दिक धन्यवाद किया। संस्थान से अध्यक्ष जसवीर सिंह प्रबंधक, जगदीश केसरी, सचिन, गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष चरणजीत कौर, गर्वित मल्होत्रा, अंश मल्होत्रा, विभाश्री गुप्ता, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र पांडे, पंकज कुमार, सचिन, डॉक्टर बलजीत कौर, रीत कौर, मनप्रीत कौर, हरजीत कौर, आशा, दलजीत कौर, शिल्पी कौर, लक्ष्यमीत कौर आदि लोग मौजूद रहे।

# बछिया की शादी के लिए श्रावस्ती से पहुंची बछवा की बारात

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





- बारातियों की हुई आव भगत
- 28 को होगी विदाई कार्यक्रम

### गौ संरक्षण के प्रति फैलेगी जागरूकता

बछड़े के संरक्षक श्रावस्ती के भभूति प्रसाद बताते हैं कि पहले तो ये बात मजाक मजाक में हुई थी लेकिन अब उन्हें लगता है ये विवाह समाज मे एक अच्छा संदेश देगा इस विवाह से लोग गौवंशों के संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे।

जनपद के पयागपुर थाना क्षेत्र के निहनिया कुट्टी गांव में अनोखी शादी देखने को मिली। श्रावस्ती से बछ्वा (नंदी) की बारात पयागपुर मंगलवार रात को पहुंची।

रात में बैंड बाजे के साथ पुरोहित ने पूजा अर्चना कर विवाह करवाया। अब 28 को विदाई बछिया की धूमधाम से होगी। जिले के लोगों ने पुरुष संग महिला की शादी कई बार देखी होगी। लेकिन 26 दिसंबर को श्रावस्ती जिले के इकौना विकास खंड में पड़ने वाले रामपुर कटेल गांव के चिरंजीव नंदी और बहराइच जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के निहनिया कुट्टी की रहने वाली आयुष्मती नंदिनी की अनोखी शादी बैंड बाजा बारात के साथ बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुई है। यह शादी अनोखी इसलिए है, क्योंकि नंदी एक बछड़ा है और नंदिनी एक बछिया।

विवाह में जब नंदी बछड़े की बारात निकाली तो इस बारात में पूरा हुजूम शामिल हो गया ,बारात में शामिल लोगों ने डीजे की धुन पर जमकर ठुमके भी लगाए। इस बारात में बहराइच और श्रावस्ती के हजारों लोग शामिल हुए। दोनों का विवाह पूरे हिन्दू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ है पहले वरीक्षा और फिर पंचांग देखकर तिलक और इन दोनों के विवाह का शुभ मुहूर्त निकाला गया और गांव और आसपास के इलाकों में निमंत्रण पत्र भेजा गया। जिसके बाद बारात निकासी ,द्वारपूजा और फेरे आदि रश्मों और पुराने रीति रिवाज के अनुसार ये शादी सम्पन्न हुई। बारात लड़की पक्ष यानी कि नंदिनी के गांव 3 दिनों तक रुकेगी जिसके बाद 28 दिसंबर को बछिया नंदिनी अपने जीवन साथी बछड़े के साथ अपने ससुराल यानी श्रावस्ती के रामपुर कटेल के लिए विदा हो जाएगी।

## सड़क हादसे में दो युवक घायल




इटावा, समृद्धि न्यूज। सवंतनगर हाईवे पर झबरापुरा के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। नगला अर्जुन निवासी 19 वर्षीय गौरव पुत्र अभिलाख व 20 वर्षीय करन पुत्र रामअवतार अपनी मोटर साइकिल यूपी 75 ए आर 5334 पर सवार होकर बलरई से अपने घर नगला अर्जुन जा रहे थे तभी नेशनल हाईवे पर गाँव झबरापुरा के सामने एक कोल्ड स्टोर के सामने हाईवे पर अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से बाईक सहित फ़िसलने के कारण वह दोनों युवक गंभीर घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस द्वारा सीएचसी पर भर्ती कराया गया।

# 88 महिलाओं और पुरुषों ने किया रक्तदान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ शिविर




नगर में स्थित श्री शंकर इंटर कॉलेज में श्री रामकृष्ण सेवा आश्रम, लखनऊ अंतर्गत संचालित विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवम आयुर्विज्ञान संस्थान के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 88 लोगों ने रक्तदान किया।

रक्तदान में आए 88 महिला एवम पुरुषों का स्वास्थ परिक्षण उपरान्त 45 स्वस्थ मनीषियों ने रक्तदान कर समाज को अनुकरणीय योगदान दिया। शंकर इंटर कालेज प्रांगण में आए हुए रक्तदाताओं साथ नानपारा के प्रबुद्धजनों व विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवम आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों की भव्य उपस्थिति में कार्यक्रम को शोभायमान करने पहुंचे विशिष्ट अतिथि गायत्री शक्ति पीठ गुरुवर, मुख्य अतिथि संघ जिला प्रचारक अजय, महेन्द्र प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष किसान संघ, नगर संघचालक गोपाल ने विधि विधान से मंत्रोचारण साथ फीता कटकर निशुल्क रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए सेवा भारती विभाग अध्यक्षा सुनीता यादव ने प्रधानाचार्य अनुराग श्रीवास्तव व मनोज गुप्ता साथ अतिथियों का माल्यार्पण व शॉल ओढ़कर स्वागत किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी सम्मानित अतिथियों, रक्तदाताओं, मातृशक्ति विशेषकर लखनऊ से आए चिकित्सकों का आभार ज्ञापन शशांक सिन्हा,अध्यक्ष श्री राम कृष्ण सेवा समिति ने किया।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज द्वारा जिला कार्य समिति की बैठक का किया गया आयोजन जिसमे पदाधिकारी मनोनयन एवं आई कार्ड का वितरण कार्यक्रम लालगंज के हनुमानगढ़ी प्रांगण में अध्यक्ष विवेक शर्मा एवं जिलाध्यक्ष रोहित सोनी की अगुवाई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे 200 से अधिक पदाधिकारियों को आई कार्ड एवं सम्मान पत्र वितरित किए गए। प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा की मौजूदगी में लालगंज नगर के साथ-साथ डलमऊ, महरानीगंज, सेमरी, खीरों एवं गुरबक्शगंज के उद्योग



व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों को संगठन का परिचय पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा ने कहा व्यापारी अपने व्यापार के साथ-साथ समाज सेवा में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं जिससे समाज में एक नया संदेश गया है।

उन्होंने लालगंज नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा एवं जिला अध्यक्ष रोहित सोनी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए व्यापारी हितों के लिए दिन रात कार्य करने की प्रशंसा की। जनपद के प्रमुख समाजसेवी एवं श्री फाउंडेशन के चेयरमैन मनोज द्विवेदी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि व्यापारी सरकार और समाज दोनों का सहयोगी है।

### सम्मानित की गई पुलिस टीम

वहीं दूसरी ओर जनपद की प्रमुख मंडी लालगंज में बीते 19 दिसंबर को हुए सोना लूट कांड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम एवं समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक चैनल में प्रमुखता से खबर छापने व चलाने वाले प्रमुख पत्रकारों को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई किया इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस के अच्छे गुड वर्क पर सम्मानित करना हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनता एवं व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दे रखे हैं। जिस पर रायबरेली पुलिस हर-संभव खरा उतरने का प्रयास करती है।

### घनी आबादी के बीच लूटकांड होना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी - एएसपी

एएसपी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि जनपद की सबसे बड़ी मंडी लालगंज के बीचो-बीच एक बड़ी लूटकांड की घटना को बदमाशों ने अंजाम देकर पुलिस के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर दी थी जिसका खुलासा कर जनता व व्यापारियों का विश्वास जीतना हम सबके लिए एक बड़ा इम्तिहान था। हमने लालगंज सर्किल के चारों थानों की पुलिस टीम के साथ सर्विलांस टीम व एस0ओ0जी0 टीम को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। जिस पर सभी ने रायबरेली पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में दिन रात मेहनत कर घटना को अंजाम देने वालों तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए उद्यान मंत्री

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह विधानसभा हरचन्दपुर के विकास खण्ड सतॉव के ग्राम गढ़ी दुलाराय में आयोजित कार्यक्रम ''विकसित भारत ग्रामीण संवाद संकल्प यात्रा'' में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। वहां उन्होंने ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई। साथ ही कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को चाभी सौंपी ,मनरेगा आदि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्राम वासियों को पहुंचाया।

## खबरें एक नजर में

### मॉर्निंग वॉक पर निकले किशोर को हाइड्रा ने रौंदा, मौत

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** घने कोहरे के कारण हुआ दर्दनाक हादसा, मॉर्निंग वॉक पर निकले किशोर को हाइड्रा ने रौंदा, किशोर की मौके पर हुई दर्दनाक मौतद्य मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर स्थित ओवर ब्रिज का है जहां सुबह सौरभ पुत्र संजय उम्र 19 वर्ष निवासी दुर्गापुर बन्नावा रोज की तरह अपने साथियों के साथ सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकला थाद्य लेकिन घने कोहरे के कारण वह सामने से आ रहे हैं हाइड्रा की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गईद्य सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा व चालक को हिरासत में लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की। इस बाबत कोतवाली प्रभारी बछरावां विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में 20 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगा ली सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सिंदूरामऊ निवासी बृजलाल का 20 वर्षीय बेटा विजय कुमार घर से बाहर दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था एक दिन पूर्व ही वह घर पर आया हुआ था मंगलवार को वह घर पर था शाम को खाना खाने के बाद कमरे में जाकर सो गया सुबह जब काफी देर तक नहीं उठा तो परिजनों को चिंता हुई कमरे में जाकर देखा गया तो फांसी के फंदे से लटक रहा था यह देख कर परिजनों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पिता बृजलाल की माने तो उनका बेटा बाहर रहता था एक दिन पूर्व घर आया था शाम को वह सोने के लिए अपने कमरे में चला गया सुबह जानकारी हुई फिलहाल युवक ने फांसी क्यों लगाई इस पर परिजनो का संदेश बना हुआ है ग्रामीणों की माने तो युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते ही फांसी लगाई है फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारण स्पष्ट हो पाएगा जांच पड़ताल की जा रही है।

### इलाज के दौरान एक युवक की मौत दूसरे का इलाज जारी

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** बुधवार की सुबह घर से रेल कोच फैक्ट्री जा रहे बाइक सवारों को घने कोहरे के चलते ट्रक चालक ने टक्कर मार दिया,इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए!वहीं सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस दोनों घायलों को सीएचसी लालगंज ले गई,जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यह हादसा सरांय बैरिहाखेड़ा-भोजपुर मुख्य मार्ग स्थित सरांय बैरिहाखेड़ा चौराहे से लगभग 100 मीटर पहले हुआ!थाना क्षेत्र के छिवलहा गांव के रहने वाले अखिल सिंह पुत्र शिवनारायण सिंह बाइक से अपने साथी आदित्य मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्रा निवासी ग्राम हमीरगांव के साथ एक ही बाइक से सुबह लगभग 9:30 बजे रेल कोच फैक्ट्री जा रहे थे और जैसे ही सरांय बैरिहाखेड़ा चौराहा पहुंचने वाले ही थे कि चौराहे से लगभग 100 मीटर पहले ही सामने से आ रहे मौरंग लदे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया, इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गई,जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। ट्रक की टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़ गए!प्राप्त जानकारी के मुताबिक घायल अखिल सिंह को सीएचसी लालगंज से चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर किये जाने पर परिजनों द्वारा जिला अस्पताल न ले जाकर सीधे ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाया गया जहां इलाज के दौरान अखिल की मौत हो गई। बताया जाता है कि बीते फरवरी माह में ही अखिल की शादी हुई थी। वहीं अखिल की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### एसपी कार्यालय पहुंच युवक ने आत्मदाह का किया प्रयास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जमीन के विवाद से परेशान युवक ने एसपी कार्यालय में खुद पर कैरोसिन डाल कर आग लगा ली। पीड़ित ने सीओ पुरवा व कोतवाली पुलिस पर जमीन के विवाद में अनसुनी का आरोप लगाया। वो काफी समय से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा था, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर खौफनाक कदम उठाया है। पुरवा कोतवाली के भूलेमऊ गांव निवासी श्रीचंद्र पासी का गांव के ही कुछ लोगों से जमीनी विवाद चल रहा था। विवाद के चलते दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई थी, जिसमें मुकदमा भी लिखा गया था। पीड़ित के भाई का आरोप है कि वो न्याय के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर लगाने को मजबूर था। पीड़ित के भाई का आरोप है कि सीओ पुरवा दीपक कुमार उन्हें प्रताड़ित कर रहे थे। जो मुकदमा लिखा गया था, उसकी जांच में सीओ ने तीन लोगों के नाम हटा दिए थे। साथ ही आरोपियों की मदद कर रहे थे। आरोप है कि वो अन्य आरोपियों का नाम हटाने के लिए दबाव भी बना रहे थे। जनपद के पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भूलेमऊ गांव के रहने वाला श्रीचंद्र पुत्र रामस्वरूप पासी ने बीते 18 अक्टूबर को अनीश, आरिफ़ मुमताज़, साबीरा, मुनीर व मुमताज की पत्नी के खिलाफलाठी डंडों और धारदार हथियार से मारने-पीटने के साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद श्रीचंद्र की तहरीर पर पुरवा थाने में धारा 147, 148, 323, 504, 506, 308 एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच पड़ताल क्षेत्राधिकारी पुरवा कर रहे थे। पुलिस कार्यालय में एक व्यक्ति के द्वारा आत्मदाह का प्रयास किये जाने की घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र तरूण गाबा को हुई तो वो तुरंत उन्नाव जनपद आए और उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के श्रीचंद्र द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आत्मदाह करने का प्रयास किया गया है जिससे कार्यालय पर मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे केजीएमयू रेफ्र कर दिया गया है। उन्होने बताया कि युवक द्वारा इस घटना को अंजाम किस कारण दिया गया है इसकी गहनता से जांच की जाएगी और दोषियों पर शख्त कार्यवाही की जाएगी।

# आलू से लदा ट्रक हाइवे पर पलटा, दो घायल



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

घने कोहरे के कारण आलू से लदा ट्रक हाइवे पर पलटा दो लोग हुए घायल मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के मलिक मऊ कॉलोनी के पास का है जहां कन्नौज से आलू लादकर अमेठी जा रहा एक ट्रक घने कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया, ट्रक पलटने से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया ट्रक पलटते ही हाईवे पर आलू की बोरियां फैल गई जिससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक में फंसे ड्राइवर व क्लीनर को बाहर निकाला गनीमत यह रही कि दोनों को मामूली चोटें आई और एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

# शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां के कार्यालयी भ्रष्टाचार व असंवैधानिक कृत्यों की जांच तथा विभागीय कार्रवाई किए जाने से संबंधित ज्ञापन पत्र दिया।

वरुण कुमार मिश्रा खण्ड शिक्षा अधिकारी बछरावां का शिक्षक/शिक्षिकाओं के प्रति अमर्यादित व्यवहार,उत्पीड़न व शोषण तथा कृपापात्र शिक्षकों का विद्यालय अवधि में बी0ई0ओ0 कार्यालय/बी0आर0सी0 पर उपस्थिति रहकर



विभागीय कार्य करने व कार्यालयी भ्रष्टाचार से शिक्षकों का शोषण आदि प्रमुख बिंदु है।

श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वरुण कुमार मिश्रा खण्ड शिक्षा अधिकारी बछरावां व उनके हितसाधक कृपापात्रों द्वारा शिक्षक/शिक्षिकाओं का उत्पीड़न, शोषण, अंसवैधानिक कृत्यों व अमर्यादित भाषा शैली से मुक्ति दिलाने, मान सम्मान का संरक्षण प्रदान करने, वेद प्रकाश शुक्ल व उनके दो साथियों को बी0आर0सी0/बी0ई0ओ0 कार्यालय में वेतन बनाने, सेवा पंजिकाओं के अभिलेखीकरण/ रखरखाव आदि विभागीय कार्यों से दूर रखने, खण्ड शिक्षा अधिकारी बछरावां द्वारा श्रीमती मालती देवी स0 अ0 प्रा0 वि0 बगाही को अनाधिकृत रूप से दी गयी प्रतिकूल प्रविष्टि को समाप्त करने,रेनू सिंह का अवशेष वेतन भुगतान आदेश सहित उपरोक्त समस्त समस्याओं के निस्तारण हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी बछरावां के कार्यालय में व्याप्त कार्यालयी भ्रष्टाचार व शिक्षकों के उत्पीड़न ,शोषण के विरूद्ध कठोर कार्यवाही न किये जाने पर संगठन धरना प्रदर्शन सहित समस्त विकल्पों पर कार्य करेगा। जिससे विकास क्षेत्र बछरावां के शिक्षक/शिक्षिकाएं भय रहित वातावरण में सुरक्षित व संरक्षित भाव से कार्य कर सकें।

# आवारा जानवरों से परेशान किसान यूनियन के पदाधिकारी ने सौंपा ज्ञापन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आवारा जानवरों से परेशान किसानों का सब्र टूट गया किसान यूनियन के पदाधिकारी ने ब्लॉक परिसर में प्रदर्शन करते हुए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सोफा और समय रहते कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने पूर्व में भी अन्ना जानवरों को लेकर कई बार आंदोलन किया जून माह में किसान यूनियन के पदाधिकारी ने ब्लॉक परिसर में प्रदर्शन करते हुए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सोपा था उसे समय आश्वासन मिला था कि तीन माह के अंदर समस्याएं दूर हो जाएगी लेकिन समस्या जस



की तस बनी हुई है कड़ाके की ठंड में किसान फसलों की रखवाली के लिए रात भर जाग कर सर्द मौसम में रात बिता रहे हैं फिर भी उनकी फसले सुरक्षित नहीं है अन्ना जानवर आए दिन फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं गुरुवार को किसान यूनियन के पदाधिकारी ने एक बार फिर ब्लॉक परिसर में प्रदर्शन किया और प्रशासन को याद दिलाया कि पूर्व में आश्वासन दिया गया था लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है किसान नेता मनोज यादव सुशील यादव अजमेर सिंह बच्चू लाल साहू ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि किसानो की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## पुल के नीचे घायल अवस्था में मिला युवक, जिला अस्पताल रेफर

**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रिश्तेदारी में आया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में पुल के नीचे घायल अवस्था में मिला स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती मामला खीरों थाना क्षेत्र का है जहां छिबरामऊ जनपद कन्नौज का रहने वाला है युवक विकास कुमार लोधी अपने रिश्तेदारी खीरों थाना क्षेत्र के बनई मऊ गांव आया था लेकिन रात को बसहा पुल के नीचे वह घायल अवस्था में पड़ा मिला, घायल की आवाज सुनकर वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने देखा तो वह पुल के नीचे पड़ा चिल्ला रहा था ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल विकास को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया।

# मृतक की पत्नी को ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह और शाखा प्रबंधक ने सौंपा 2 लाख का चेक

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर मजरे दुसौंती निवासी सुनील की दुर्घटना में हुई मृत्यु पर ग्राम प्रधान और बैंक मैनेजर ने मृतक की पत्नी को दो लाख रुपए का चेक सौंपा।सुनील कुमार का एक्सीडेंट हो गया था जिससे उनकी मौत हो गई थी वही ग्राम प्रधान की सक्रियता की वजह से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक शाखा दुसौंती की प्रबंधक शिल्पा सिंह और ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह द्वारा मृतक सुनील कुमार की पत्नी निशा को रु. 200000 का चेक सौंपा गया। ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने कहा कि मृतक की पत्नी को जो सहायता राशि दी गई



है इससे बच्चों की पढ़ाई लिखाई सहित तमाम तरह के कार्यों में यह धनराशि काम आएगी ।वही शाखा प्रबंधक शिल्पा सिंह ने कहा सरकार द्वारा विभिन्न तरह की योजनाएं चलाई जाती हैं इनका लाभ हम लोगों को लेते रहना चाहिए पता नहीं कब आपातकालीन स्थिति का सामना करना पड़ जाए।

# सुनील श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर मरीजों में बांटे फल



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत डलमऊ की पूर्व अध्यक्ष कंचन श्रीवास्तव के पति एवं रायबरेली जिले की सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के कार्यालय प्रभारी रहे सुनील श्रीवास्तव की पुण्यतिथि मनाई गई इस मौके पर उनके अनुज एवं कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव संजय श्रीवास्तव ने डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों में फल आदि का वितरण किया इसकी पूर्व एक सभा का आयोजन किया गया जहां पर उनके शुभचिंतकों ने चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजल अर्पित की अनुज संजय श्रीवास्तव ने उन्हें याद करते हुए बताया कि उनके बड़े भाई सुनील श्रीवास्तव डलमऊ के लिए विकास पुरुष थे उन्होंने अपने अंतिम समय में भी डलमऊ के चतुर्मुखी विकास को लेकर चिंता व्यक्त की थी वह आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वह हमेशा हम सभी की प्रेरणा स्रोत रहेंगे इस मौके पर अजय पांडे राकेश जायसवाल राकेश त्रिपाठी बाबू टेलर लाला ट्रेलर सभासद शकील लाला सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे

# बीए की परीक्षा देने जा रहे बुआ-भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

**नसीराबाद रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भतीजे के साथ पेपर देने जा रही नव विवाहित महिला को तेज रफ्तार टैंकर ने रौंदा बुआ भतीजे दोनों की मौके हुई दर्द नाक मौत मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के छतोह से गांधीनगर मार्ग पर कांटा गांव के पास रमसा पुर मोड़ के पास प्रिया पांडे पुत्री अयोध्या पांडे उम्र 20 वर्ष निवासी भावापुर अपने चचेरे भतीजे राज पांडे उम्र 23 वर्ष के साथ स्कूटी से बीए सेकंड ईयर की परीक्षा देने के लिए राजकली महाविद्यालय जा रहे थे कभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, टैंकर की टक्कर से बुआ भतीजे दोनों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई मृतक महिला के 7 दिसंबर 2023 को शादी हुई थी एक साथ हुई दो मौतों से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया वहीं घटना के बाद टैंकर चालक टैंकर छोड़कर मौके से फरार हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने के बाद ट्रक को कब्जे में लेकर फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# चोरों के हौसले बुलंद, दो मंदिरों सहित ट्यूबवेल पंप पर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोरों ने दो मंदिरों सहित खेतों पर स्थित किसान के ट्यूबवेल पंप पर चोरी कि घटना को दिया अंजाम अज्ञात चोरों ने दोनो मंदिरो सहित ट्यूबवेल पंप पर रखा सामान किया पार किसान की सूचना पर पहुंची डायल 112 एवं शिवगढ़ पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ीरा खुर्द गांव में बीती मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने गांव के ही दो मंदिरों कारेदेव बाबा मंदिर एवं ब्रम्ह देव बाबा मंदिर में बंधे लगभग 2 दर्जन से अधिक घंटे व घंटियां एवं गांव के ही किसान दिलीप चौधरी पुत्र ब्रह्मदीन चौधरी के खेतों में लगे ट्यूबवेल पंप पर कोठरी का ताला तोड़कर कोठरी में रखा सामान पार कर दिया वहीं किसान दिलीप चौधरी के मुताबिक उन्हें सुबह गांव के लोगो द्वारा जानकारी मिली की उनके ट्यूबवेल पंप के सामने ब्रम्ह देव बाबा मंदिर व गांव के ही कारेदेव बाबा मंदिर पर से घंटे चोरी हो गए है जब वहां पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके ट्यूबवेल की कोठरी का भी ताला टूटा पड़ा हुआ था कोठरी का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए जब उन्होंने कोठारी के अंदर पहुंचकर देखा तो वहां पर रखे लकड़ी काटने के औजार गायब थे जिसकी सूचना उन्होंने डायल 112 एवं शिवगढ़ पुलिस को दी सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम एवं शिवगढ़ पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है एक ही रात में गांव के ही दो मंदिरों एवं किसान की ट्यूबवेल पंप पर हुई चोरी से गांव के लोग दहशत में हैं।

### जल्द ही चोरी की घटना का होगा खुलासा

वहीं इस मामले में क्षेत्राधिकारी महाराजगंज यादुवेंद्र बहादुर पाल ने बताया की शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ीरा खुर्द गांव में चोरी की घटना का मामला संज्ञान में आया है जल्द ही चोरी घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बाइक फिसलने से युवक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज-सण्डीला मार्ग पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया। मल्हीमऊ गांव निवासी बृजकिशोर पुत्र राम गोपाल 26 बुधवार को घरेलू सामान खरीदने बाइक से मियागंज चौराहा आया था जहां से वापस घर लौट रहा था तभी कस्बा हैदराबाद के पास अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया।


# रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली

पत्रांक संख्या: 579/अभि.अनु./राविप्रा/2023 24/2023 दिनांक: 27.12.2023

## अल्पकालीन निविदा सूचना

विद्युत सुरक्षा निदेशालय उ.प्र. मे क श्रेणी में पंजीकृत लाइसेंस होल्डर एवं उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन में पंजीकृत फर्मों से दिनांक 09.01.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 3:30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। कार्य के निविदा प्रपत्र प्राधिकरण के अभियंत्रण अनुभाग से दिनांक 29.12.2023 से 08.01.2024 तक अपरान्ह 3:30 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त किये जा सकते है। अन्य विवरण निम्नवत है:-

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू. लाख में (जी.एस.टी. सहित) | धरोहर धनराशि 05 प्रतिशत रू. लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा वैद्यता अवधि | कार्य समाप्ति की अवधि | ठेकेदार की पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अमोल विहार योजना में नव सृजित भूखण्डों हेतु विद्युतीकरण का कार्य | 784075.00 | 39300.00 | 590 | 03 माह | 03 माह | इस कार्य हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय उ.प्र. में क श्रेणी में पंजीकृत लाइसेंस होल्डर फर्में एवं उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन में पंजीकृत फर्मों |

**शर्तें-**

1. निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र (एन.एस.सी.) राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. यदि निविदत्त दरें विभागीय दरों से निम्न होगी तो नियमानुसार अतिरिक्त जमानत राशि/परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि उपरोक्तानुसार ली जायेगी। कुल जमानत धनराशि 10 प्रतिशत होगी, जो कार्य संतोषजनक होने एवं विद्युत विभाग को हस्तगत कराये जाने की तिथि से 12 माह पश्चात् वापस की जायेगी।
4. निविदा स्वीकृति के पश्चात् ठेकेदार को 07 दिन के अन्दर अनुबन्ध कराना होगा।
5. प्राप्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उपाध्यक्ष, रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली में निहित होगा।
6. निविदा प्रपत्र में ओवरआल प्रतिशत के रूप में शब्दों तथा अंको में स्पष्ट रूप से भरी जायेगी तथा कोई भी कटिंग व ओवरराइटिंग नहीं की जायेगी अन्यथा निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी।
7. केवल मुहरबन्द निविदा ही मान्य होगी। बगैर मोहरबन्द निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. निविदा की दरें स्याही से अंकित करनी होगी तथा निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर ठेकेदार को अपनी सहमति स्वरूप हस्ताक्षर करने होंगे।
9. ठेकेदार द्वारा निविदा में दरें उसी विधि से भरी जायेंगी जिस विधि से निविदा प्रपत्र में मांगी गयी है।
10. निविदा प्रपत्र पर जो पता ठेकेदार द्वारा अंकित किया जायेगा वही पता पत्राचार हेतु मान्य होगा।
11. ठेकेदार द्वारा उक्त शर्तों के साथ निविदा प्रपत्रों में उल्लिखित अन्य शर्तों तथा विशेष शर्तों का अनुपालन भी अक्षरशः करना होगा। ऐसा न होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
12. निविदा डालते समय टी-4, टी-5 लगाना अनिवार्य है।
13. सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

**एम. अहमद**
**अधिशासी अभियन्ता**
**रा.वि.प्रा.**

## यूपी-बिहार को गाली

बेशक द्रमुक नेता दयानिधि मारन ने चार साल पहले उप्र और बिहार का अपमान किया था। उन्होंने कहा था कि इन राज्यों के लोग शौचालय और सड़क साफ करने के लिए तमिलनाडु आते हैं। वे बुनियादी तौर पर निर्माण-मजदूर हैं। मुख्यमंत्री स्टालिन ने हिंदी-विरोध में आपत्तिजनक बयान दिया है। उनके मंत्री-पुत्र ने 'सनातन' को खत्म करने का आह्वान किया था। कुछ द्रमुक सांसदों ने सनातन को डेंगू, एड्स और कोढ़ आदि करार दिया था। एक सांसद ने तो लोकसभा में बयान दे दिया था कि भाजपा सिर्फ 'गोमूत्र वाले राज्यों' में ही चुनाव जीतती है। यह दीगर है कि उन्होंने अपने बयान पर माफी मांगी और उसे वापस लिया। भारत की आजादी के 76 साल बाद भी 'उत्तर बनाम दक्षिण' के गालीनुमा बयान सुनने को क्यों मिलते हैं? यदि उप्र, बिहार बनाम तमिलनाडु के बीच विभाजन और नफरत की दरारें हैं, तो भारत विविधताओं वाला देश कहां है? वाराणसी में 'काशी तमिल संगमम' के आयोजन क्यों होते रहे हैं? दक्षिण भारतीय लोग दिल्ली और हिंदी पट्टी के क्षेत्रों में काम क्यों करते हैं? बसे हुए क्यों हैं? क्या भारत एक संप्रभु और संगठित देश नहीं है? दयानिधि मारन केंद्रीय मंत्री रहे हैं और अब लोकसभा सांसद भी हैं। उन्हें उत्तर भारत में यह संवैधानिक और अति विशिष्ट रुतबा क्यों हासिल है? दरअसल उनका पुराना बयान नए सिरे से प्रासंगिक हो गया है, क्योंकि उनकी द्रमुक पार्टी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की घटक है। उप्र और बिहार को शौचालय साफ करने वालों के राज्य चित्रित करने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद प्रमुख लालू यादव और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि खामोश क्यों हैं? हकीकत यह है कि यदि उप्र और बिहार के मानव संसाधन देश के दूसरे राज्यों में न जाएं, तो बहुत कुछ निष्क्रिय हो सकता है। कारोबार और फसलों की कटाई के काम ठप्प हो सकते हैं। कई संदर्भों में हुक्का-पानी तक बंद हो सकता है। शौचालय साफ करने और सड़क निर्माण करने वाले मजदूरों के राज्यों का यथार्थ यह है कि उप्र से 13.5 फीसदी और बिहार से 8.5 फीसदी आईएएस अधिकारी देश को मिलते हैं। ये सर्वाधिक आंकड़े हैं। तमिलनाडु में करीब 1.5 करोड़ उत्तर भारतीय बसे और काम करते हैं। वहां की सरकार में भी उच्च और मझोले स्तर के अधिकारियों की संख्या भी ज्यादातर उत्तर भारतीयों की है। तमिलनाडु में अकेले बिहार से ही 25 से अधिक आईएएस और आईपीएस अधिकारी सेवारत हैं। तमिलनाडु के नेताओं को अपने सामाजिक-आर्थिक विकास और समझदारी का परिचय देते हुए उप्र और बिहार की अर्थव्यवस्था को भी समझना चाहिए। दोनों राज्यों की कुल जीडीपी 33 लाख करोड़ रुपए से अधिक है, जबकि तमिलनाडु की करीब 28 लाख करोड़ रुपए है। दरअसल देश का संविधान ऐसी गाली, नफरत और भेदभाव की अनुमति नहीं देता। उप्र, बिहार और तमिलनाडु भारत गणराज्य के ही हिस्से हैं। वे एक ही लोकतांत्रिक परिवार के सदस्य हैं।

# अपने ही समर्थकों को दिग्भ्रमित करता मोदी का ईसाई-प्रेम

**डॉ. दीपक पाचपोर**



मोदी का यह बयान ईसाइयों को लेकर सम्भवतरू पहला है। पिछले 10 वर्ष प्रधानमंत्री के रूप में और उसके पहले तीन बार गुजरात के सीएम रहने के दौरान उन्होंने इस अल्पसंख्यक समुदाय के साथ अपनत्व की बातें लोगों को नहीं बतलाई थीं। इसलिये माना जा सकता है कि उनका ईसाइयों से यह पुराना रिश्ता वैसा ही है जिस प्रकार का कई अनेक समुदायों, प्रदेशों, क्षेत्रों से रहता आया है। यहां तक कि मुसलमानों के साथ भी। वे बतला चुके हैं कि उनके एक मित्र अब्बास उनके घर में रहते थे जिन्हें उनकी दिवंगत माताजी पकवान बनाकर खिलाती थीं। हालांकि इस अब्बास मियां को दुनिया वैसी ही ढूंढ रही है जिस प्रकार से लोग वडनगर रेलवे स्टेशन पर उनके हाथ से चाय पीने वालों को खोज रहे हैं या उनके साथ एंटायर पोलिटिकल साइंस में एमए करने वाले सहपाठियों और उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों को। अब दिग्भ्रमित मोदी समर्थकों और आईटी सेल के कर्मचारियों के लिये नया टास्क है कि वे मोदी की उन तस्वीरों को निकाल लायें जिनमें वे मुख्यमंत्री रहने के दौरान ईसाई धर्मगुरुओं या मसीहियों से चर्चा कर रहे हैं।

हर साल पड़ने वाला क्रिसमस इस मायने में थोड़ा अलग था। वह ऐसे कि सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन का यह अब तक गोपन रहा पक्ष सामने आया कि ईसाई समुदाय से उनके बहुत आत्मीय सम्बन्ध रहे हैं। मोदी के जीवन में इतनी विविधता है कि उसके सारे आयामों को एकमुश्त उद्घाटित नहीं किया जा सकता। इसलिये वे किश्तों में, ठहर-ठहरकर और माकूल वक्त पर सही खुलासे कर सभी को चमत्कृत करते रहते हैं। इसी क्रम में मसीही समुदाय के एक समारोह में शिरकत करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय खोलते हुए बतलाया कि श्गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वे ईसाई धर्मगुरुओं से सतत मिलते रहते थे। जहां से वे चुनाव लड़ते थे, वहां बड़ी संख्या में ईसाई रहते हैं।श् कुछ साल पहले पोप से मिलने को अपना श्सौभाग्यश् बतलाते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वह उनके लिये यादगार पल था। क्रिसमस में उपहार देने की परम्परा की उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि श्सभी को देखना चाहिये कि आने वाली पीढ़ी को कैसे बेहतर धरती का उपहार दे सकते हैं।श् उन्होंने यह भी कहा कि श्पवित्र बाइबिल बतलाती है कि भगवान ने हमें जो कुछ दिया है वह दूसरों की सेवा के लिये इस्तेमाल करना चाहिये।श् मोदी ने इसे ही श्सेवा परमो धर्मश् से निरूपित किया। मोदी ने दर्शन के स्तर पर जाकर कहा कि श्यह संयोग की बात है कि सभी धार्मिक ग्रंथ परम सत्य को जानना चाहते हैं। श्सभी धर्मों के समन्वयश् के माध्यम से उन्होंने 21वीं सदी के भारत को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का मार्ग भी बतलायाश। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार अपनी योजनाओं के लाभों को सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिये कटिबद्ध है जिनमें ईसाई समुदाय के गरीब व वंचित लोग भी शामिल हैं।

मोदी का यह बयान ईसाइयों को लेकर सम्भवतरू पहला है। पिछले 10 वर्ष प्रधानमंत्री के रूप में और उसके पहले तीन बार गुजरात के सीएम रहने के दौरान उन्होंने इस अल्पसंख्यक समुदाय के साथ अपनत्व की बातें लोगों को नहीं बतलाई थीं। इसलिये माना जा सकता है कि उनका ईसाइयों से यह पुराना रिश्ता वैसा ही है जिस प्रकार का कई अनेक समुदायों, प्रदेशों, क्षेत्रों से रहता आया है। यहां तक कि मुसलमानों के साथ भी। वे बतला चुके हैं कि उनके एक मित्र अब्बास उनके घर में रहते थे जिन्हें उनकी दिवंगत माताजी पकवान बनाकर खिलाती थीं। हालांकि इस अब्बास मियां को दुनिया वैसी ही ढूंढ रही है जिस प्रकार से लोग वडनगर रेलवे स्टेशन पर उनके हाथ से चाय पीने वालों को खोज रहे हैं या उनके साथ एंटायर पोलिटिकल साइंस में एमए करने वाले सहपाठियों और उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों को। अब दिग्भ्रमित मोदी समर्थकों और आईटी सेल के कर्मचारियों के लिये नया टास्क है कि वे मोदी की उन तस्वीरों को निकाल लायें जिनमें वे मुख्यमंत्री रहने के दौरान ईसाई धर्मगुरुओं या मसीहियों से चर्चा कर रहे हैं। जाहिर है कि फोटोशॉप तकनीक से ही इसका जुगाड़ हो सकेगा। खैर, मुद्दा यह है कि अगर उनके अनुभव इस छोटे से परन्तु शांतिप्रिय समुदाय के साथ इतने आत्मीय रहे हैं तो वे उस विचारधारा के साथ कैसे जुड़ गये जो इनके प्रति गहन नफरत का भाव रखती है? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ज्यादातर वे ही लोग जुड़ते हैं जो अल्पसंख्यकों व ईसाइयों के प्रति बेतरह बैर भाव रखते हैं। मोदी का जुड़ाव भी सम्भवतरू इसी आधार पर हुआ होगा। एक कार्यकर्ता के रूप में हो सकता है कि उनकी सीमाएं रही हों लेकिन पहले सीएम और बाद में देश के सबसे ताकतवर पीएम के रूप में वे ईसाइयों के प्रति घृणा भाव रखने वाले अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों का हृदय परिवर्तन क्यों नहीं कर रहे हैं? आज तो पूरा संगठन, यहां तक कि आरएसएस भी उनकी मुठ्ठी में है। पिछले करीब सौ वर्षों से संघ इस समुदाय के लोगों पर हिन्दू संस्कृति नष्ट करने का आरोप लगाता आया है। जितनी भी जगहों पर इस समुदाय के लोगों पर अत्याचार हुए हैं, ज्यादातर में इन्हीं संगठनों के लोगों की भूमिका रही है, फिर वह चाहे ग्राहम स्टेंस को उनके बच्चों समेत जला देना हो या फिर चर्चों में तोड़-फोड़ करना या उन्हें जलाना हो। संघ-भाजपा के लोगों की दृढ़ मान्यता है कि ये लोग हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन कराते हैं। मोदी अपने लोगों को यह समझाने में सक्षम हैं कि इस समुदाय के लोगों के प्रति उन्हें भाई-चारा बनाकर रखना चाहिये। हाल के वर्षों में देश भर के सैकड़ों चर्चों को नष्ट किया गया है। उनके अनेक धर्मगुरुओं पर हमले हुए हैं। कई स्थानों पर तो कई पीढ़ी पहले ईसाई बन गये लोगों को वापस हिन्दू धर्म में लाया जा रहा है। मणिपुर की घटना को भला कौन भूल सकता है जिसमें ईसाई बन गये कुकी आदिवासियों के साथ बेइंतिहा जुल्म ढाये गये। उनके घरों को जलाया गया, दो महिलाओं को नग्न कर उनकी परेड निकाली गयी, हजारों बेदखल हो गये। फिर भी इस धर्म के अनुयायियों के साथ लगाव का दावा करने वाले मोदी चुप रहे। संक्षिप्त सा, कुछ मिनटों के लिये वे बोले भी तो इसलिये क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर उनकी सरकार ने कुछ न किया तो वह खुद कोई कार्रवाई करेगी। यह किसी भी राष्ट्राध्यक्ष के लिये बहुत शर्म की बात होगी कि इसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनी गई।

भारत में धार्मिक स्वतंत्रता को बड़ा खतरा बताया गया और इस सूचकांक पर विश्व इंडेक्स में देश की बड़ी फिसलन दर्ज हुई है। यूरोपीय संघ ने इसके खिलाफ आवाज उठाई और मोदी से उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान सवाल किये गये। यह अलग बात है कि उन्होंने इसका गोलमोल उत्तर दिया और इस पर तो आश्वासन तक नहीं दिया जब उनसे पूछा गया कि क्या वे इस बाबत कोई कार्रवाई करेंगे। वैसे भी मोदी सहित उनके पूरे वैचारिक कुनबे को भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि, आजादी के बाद से देश की घोषित धर्मनिरपेक्षता की नीति तथा समावेशी चरित्र पर हमेशा से आपत्ति रही है। मुस्लिम एवं ईसाई उनकी आंखों में विशेष रूप से खटकते हैं। ये दो समुदाय ही मोदी शासन काल में सर्वाधिक निशाने पर आये हैं जिसे लेकर उनकी सरकार ने कभी कोई कड़े कदम नहीं उठाये। इससे साफसंदेश गया है कि इन पर होने वाली हिंसा, उत्पीड़न और अत्याचार सरकार पोषित-समर्थित है। मोदी को अगर ईसाई समुदायय और पहले जैसा वे कह चुके हैं, मुस्लिम भी- तो इन दोनों की सुरक्षा व उनके विकास की जिम्मेदारी उन्हें दिखने लायक उठानी होगी। जुबानी जमा-खर्च से काम नहीं चलेगा। शायद मोदी का यह बयान एक ओर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संतुष्ट करने के लिये है, तो वहीं आगामी वर्ष के मध्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वे इस समुदाय को साधने की कोशिश कर रहे हैं।

## सैलाब के सवाल

यह अच्छी बात है कि साल के समापन और नये साल के स्वागत से जुड़े आयोजनों व पर्यटन के लिये हिमाचल की वादियों में सैलानियों का सैलाब उमड़ा है। यह सुखद है कि मानसून की अतिवृष्टि से आहत हिमाचल में अरसे बाद पर्यटन की रंगत नजर आ रही है। होटल-गेस्ट हाउस फुल हैं। अटल टनल से लेकर सड़कों तक में कारों के काफिले ही काफिले नजर आ रहे हैं। निश्चित रूप से हिमाचल की आर्थिकी के लिये यह शुभ संकेत हैं। लेकिन इसके बावजूद हमें पहले पर्यटन के अनुरूप ढांचा भी तैयार करना है। यह अच्छी बात नहीं है कि शिमला व कुल्लू मनाली की तरफजाने वाले हाईवे पर कारों के कई किलोमीटर लंबे जाम नजर आ रहे हैं। यह तार्किक है कि जब देश के विभिन्न भागों से लोग नया साल का जश्न मनाने पहाड़ों की तरफ आ रहे हैं तो उनकी सुख-सुविधा का ख्याल रखना भी जरूरी है। जिन स्थानों पर अक्सर जाम लगता है, वहां ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए जो पर्यटकों के लिये राहतकारी हो। आसपास जरूरी चीजों की दुकानों,पानी और प्रसाधन आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। कहीं न कहीं वाहनों के पंजीकरण और सड़कों पर वाहनों के दबाव को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। ऑनलाइन पंजीकरण के जरिये वाहनों का आगमन नियंत्रित किया जा सकता है। पर्यटन के सीजन में शासन-प्रशासन को भी पर्यटकों की सुख-सुविधा का विशेष ख्याल रखना चाहिए। प्रयास हो कि पर्यटकों से वस्तुओं के जायज दाम लिए जाएं। अक्सर देखा जाता है कि पीक सीजन में होटल मालिक पर्यटकों से मनमाने किराये वसूलते हैं। सामान के दाम भी महंगे हो जाते हैं। प्रयास हो कि बाहर से आने वाला पर्यटक राज्य से अच्छा अनुभव लेकर जाए। इसके अलावा यह भी है कि राज्य का पर्यटन विभाग राज्य के नये पर्यटक स्थलों को प्रचारित-प्रसारित करे। जिससे परंपरागत पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का दबाव कम हो सके। साथ ही पहले ही आबादी के बोझ से चरमरा रहे हिल स्टेशनों को कुछ राहत मिल सके।लेकिन वहीं सरकार को हाल के मानसून में अतिवृष्टि से बाढ़ व भूस्खलन की त्रासदी को याद रखना चाहिए। हमें पर्यटन को तो बढ़ावा देना चाहिए लेकिन पहाड़ के पर्यावरण को भी बचाने का प्रयास करना चाहिए। हमें तात्कालिक आर्थिक हितों के बजाय पहाड़ों के दूरगामी भविष्य को ध्यान में रखना चाहिए। पहाड़ के साथ सहजता व सामंजस्य का व्यवहार अपरिहार्य है। दरअसल, हिमालय के पहाड़ अपेक्षाकृत नये हैं,जिन पर आधुनिक विकास व निर्माण का ज्यादा बोझ नहीं डाला जा सकता। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि तमाम पर्यावरणवादी मानते रहे हैं कि ये पहाड़ फोर-लेन के लिये नहीं बने हैं। सड़कों के विस्तार के लिये जहां पहाड़ों की जड़ों को खोदा गया,वहां इस बार भूस्खलन का ज्यादा प्रकोप देखा गया। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि पहाड़ हमारी विलासिता के लिये नहीं बने हैं। ये अध्यात्म के स्थल भी हैं और आस्था के केंद्र भी हैं। पर्यटक पहाड़ों पर सिर्फ मौज-मस्ती के लिये न आयें। प्रकृति के सौंदर्य का भी संरक्षण जरूरी है। वह तभी संभव है जब हमारा व्यवहार पहाड़ की संस्कृति के अनुरूप होगा। इसके लिये जरूरी है कि हम पर्यावरण व प्रकृति की गरिमा के अनुरूप व्यवहार करें। आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों से जूझ रहा है तो देश के पर्यावरण और मौसम को प्रभावित करने वाले पहाड़ों के परिवेश का संरक्षण बेहद जरूरी है। हाल के दिनों में जोशीमठ के भूस्खलन के बाद यह बात सामने आई है कि पहाड़ जनसंख्या के बोझ से चरमरा रहे हैं। हिमाचल के कई जिले इस दृष्टि से संवेदनशील पाये गये हैं। नीति-नियंताओं को विकास व पर्यटन की दृष्टि से पहाड़ों के साथ संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। हमें न केवल वर्तमान को सुखदायी बनाना है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिये पहाड़ों का पर्यावरण संरक्षित भी करना है। पहाड़ सुकून के लिये हैं, हमारी भोग-विलासिता के लिये नहीं है। यह बात सरकारों को भी ध्यान में रखनी है और पर्यटकों का आचरण भी इसके ही अनुरूप होना चाहिए।

**विचार**

# संसद के सवाल और विपक्ष का दायित्व

**सांसदों के निलंबन के बाद लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान सांसदों के नाम के तहत सूचीबद्ध किसी भी कार्य या उनके द्वारा पेश किए गए नोटिस पर विचार नहीं किया जाएगा। संसद के प्रश्नकाल और शून्यकाल सांसदों को प्रश्न पूछने और सरकार के खिलाफविचार व्यक्त करने की अनुमति देते हैं। इससे पहले भी विभिन्न सत्रों में सांसदों के निलंबन होते रहे हैं, लेकिन ऐसा शायद ही कभी हुआ हो कि निलंबन के साथ ही सांसदों के सवाल उठाने के संवैधानिक अधिकार को भी खत्म कर दिया गया है। ऐसा नहीं है कि खारिज किए गए सभी 264 सवाल संसद की सुरक्षा के मसले से ही जुड़े थे, अगर जुड़े होते तब भी सरकार को इनका जवाब देना चाहिए था। लेकिन ये सवाल जनता के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आधारित थे।**

एनडीए सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम शीतकालीन सत्र कई सुलगते सवालों को छोड़ गया है। इन सवालों के जवाब अभी गंभीरता से नहीं तलाशे गए, तो फिर देश में लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को उखड़ने से रोक पाना कठिन हो जाएगा। संसद पर हमला, 146 सांसदों के निलंबन के बाद अब ये तथ्य भी सामने आया है कि संसद में दोनों सदनों में विपक्ष के सांसदों द्वारा पूछे गए 264 सवालों को प्रश्नों की सूची से हटा दिया गया है। ये तमाम बातें भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार ही हो रही हैं। 76 साल की आजादी और लोकतंत्र के दीर्घ अनुभव के बाद संसदीय कामकाज में परिपक्वता, धैर्य और संयम दिखाई देने चाहिए थे, लेकिन फिलहाल लग रहा है कि हमें संसदीय तकाजे का ककहरा फिर से सीखना पड़ेगा। गौरतलब है कि इस शीतकालीन सत्र में संसद पर एक और हमले की कोशिश की गई थी। एकबारगी यह हमला मौजूदा सरकार की नीतियों और फैसलों के खिलाफ दिखाई देता है। लेकिन अगर देश के एक तबके में भाजपा के शासन को लेकर इतनी अधिक नाराजगी व्याप्त है कि उसके लिए संसद पर हमले का दुस्साहस किया जाए, तो फिर यह नाराजगी चुनावी नतीजों में क्यों नहीं दिखाई देती। क्या संसद पर हमला करने वाले जानते नहीं थे कि इसका अंजाम क्या होने वाला है। क्या कानून की कड़ाई का अंदाज होने के बावजूद उन्होंने इस जोखिम को उठाया और अपना भविष्य, जीवन सब कुछ खतरे में डाला। कुछ लोगों का पूरे योजनाबद्ध तरीके से संसद के बाहर और भीतर आकर विरोध दिखाना किसी नजरिए से मामूली घटना नहीं है, लेकिन इस पर सरकार का रवैया देखकर यह लग ही नहीं रहा कि उसे किसी बात की चिंता हुई हो। क्या भाजपा अपने बहुमत को कवच इस कदर अभेद्य मानने लगी है कि उसे इस बात से भी फर्क नहीं पड़ रहा कि दो लोग संसद के भीतर आकर धुआं छोड़ गए। संसद पर हमले को लेकर भाजपा सरकार का रवैया जितना आश्चर्यजनक रहा, उससे कहीं अधिक आश्चर्य यह देखकर हुआ कि गृहमंत्री से सदन में जवाब की मांग कर रहे विपक्ष के 146 सांसदों को दो-तीन दिन के भीतर निलंबित कर दिया गया। सदन पर हुए हमले का जवाब अगर सदन में नहीं मांगा जाएगा, तो फिर उसके लिए कौन सी अन्य जगह उपयक्त है, यह भी भाजपा को बता देना चाहिए। लगभग डेढ़ सौ सांसदों का निलंबन काफी नहीं था कि संसद के दोनों सदनों की सूची से उन 264 सवालों को भी हटा दिया गया, जो विपक्षी सांसदों ने पूछे थे। सरकार से पूछा जाना चाहिए कि क्या इन सवालों से भी सदन की कार्रवाई में व्यवधान पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि सांसदों के निलंबन के बाद लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान सांसदों के नाम के तहत सूचीबद्ध किसी भी कार्य या उनके द्वारा पेश किए गए नोटिस पर विचार नहीं किया जाएगा। संसद के प्रश्नकाल और शून्यकाल सांसदों को प्रश्न पूछने और सरकार के खिलाफ विचार व्यक्त करने की अनुमति देते हैं। इससे पहले भी विभिन्न सत्रों में सांसदों के निलंबन होते रहे हैं, लेकिन ऐसा शायद ही कभी हुआ हो कि निलंबन के साथ ही सांसदों के सवाल उठाने के संवैधानिक अधिकार को भी खत्म कर दिया गया है। ऐसा नहीं है कि खारिज किए गए सभी 264 सवाल संसद की सुरक्षा के मसले से ही जुड़े थे, अगर जुड़े होते तब भी सरकार को इनका जवाब देना चाहिए था। लेकिन ये सवाल जनता के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आधारित थे। जैसे राजद सांसद मनोज झा ने शिक्षा मंत्रालय से दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षकों के श्बड़े पैमाने पर हटान्ेय संबंधी सवाल किए थे। माकपा के सांसद जॉन ब्रिटास ने समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर कानून मंत्रालय से जानकारी मांगी थी। मगर अब इनका जवाब देने से मौजूदा सरकार बच गई है। सांसदों के निलंबन की कार्रवाई तो बाद में हुई, लेकिन संसद के नियमानुसार ये सवाल लगभग दो सप्ताह पहले ही लिखित में दिए जा चुके थे। फिर इन्हें सूची से हटाना क्या न्यायोचित कहा जा सकता है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर किए गए प्रदर्शन के दौरान कहा था कि 146 सांसदों को निलंबित करके लगभग 60 प्रतिशत जनता की आवाज को खामोश कर दिया गया है। संसद की सूची से सवालों को हटाना इस आरोप की ही पुष्टि करता है। शीतकालीन सत्र में उठे इन सुलगते सवालों के जवाब तलाशना इसलिए जरूरी है क्योंकि दांव पर जनता और देश का हित जुड़ा है। अब प्रश्न ये है कि अगर कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका और इनका संगी बन चुका मीडिया भी अगर इन सवालों से मुंह मोड़ ले तो फिर विपक्ष को क्या करना चाहिए। क्या विपक्ष लोकतंत्र बचाने के लिए केवल जुबानी जमा-खर्च करता रहेगा या राहुल गांधी जैसे दो-चार लोगों पर सड़कों पर उतरने का जिम्मा छोड़ देगा। अगर विपक्ष सड़क पर आता भी है तो क्या वह जनता तक अपनी बात पहुंचाने की तैयारी कर चुका है, या अब भी वो इंतजार में बैठा है कि कोई और आकर उसके हिस्से के काम करेगा। कायदे से अब विपक्षी सांसदों को अपने-अपने संसदीय क्षेत्र जाकर जनता से जुड़ने का काम शुरु कर देना चाहिए।



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# भारतीय फौज और 'इंसानियत'

**किसी भी दोषी पर रहम फरमाने की मेहरबानी कभी नहीं की गई है लेकिन इसके साथ यह भी हकीकत है कि कश्मीर में ही कुछ पाक समर्थक माने जाने वाली तंजीमें हमारे सैनिकों को खलनायक के तौर पर पेश करने तक से भी बाज नहीं आती रही हैं। बेशक 370 हटने से माहौल बदला है मगर इसका मतलब यह भी नहीं है कि नागरिकों के सन्दर्भ में सेना की किसी भी कोताही को सेना का खुद का तन्त्र और सरकार बर्दाश्त कर सकती है। हर नागरिक का न्याय पाना भी मौलिक अधिकार होता है। इसी वजह से फौज खुद तीन नागरिकों की मृत्यु के बारे में बहुत संजीदा नजर आती है और दुनिया को यह सन्देश देना चाहती है कि भारत की फौजें केवल विश्व के विभिन्न अशान्त क्षेत्रों में ही शान्ति कायम करने के लिए नहीं बुलाई जाती है बल्कि अपने देश में भी वह पूरी सदाकत के साथ इस पर अमल करती हैं। हमारी फौजों का हमेशा यही गान रहा है "ताकत वतन की हमसे है,इज्जत वतन की हमसे हैइंसान के हम रखवाले."**

भारतीय सेना के आदर्श लक्ष्यों में से एक यह भी है कि यह इंसान और इंसानियत की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध रहती है। अतः इसकी हर कार्रवाई दुश्मन के खात्मे साथ ही इंसानों के जायज हकों की रक्षा के लिए भी होती है। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में जिस तरह पाकिस्तानी आतंकवादी घुसपैठिये आकर वहां तैनात सुरक्षा बलों के जांबाज सिपाहियों को चकमा देकर भारतीय इलाकों में तबाही मचाने की कोशिशें करते रहते हैं उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाना सुरक्षा सैनिकों का कर्त्तव्य बनता है परन्तु इस कार्य को अन्तिम परिणिती तक पहुंचाने में यदि कोई भारतीय कश्मीरी नागरिक जुल्म का शिकार बनता है तो उसका प्रतिकार उसी तरह से होना जरूरी है जिसकी व्यवस्था हमारे संविधान में है और उसमें प्रत्येक नागरिक को जीवन जीने का मौलिक अधिकार मिला हुआ है। उसकी जिन्दगी जीने के अधिकार को कोई भी बड़ी से बड़ी ताकत नहीं छीन सकती। विगत गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में पाक घुसपैठियों ने घुसकर भारतीय सीमाओं की रक्षा कर रहे चार सुरक्षा सैनिकों की हत्या कर डाली और उनकी पकड़-धकड़ करने की मुहीम के चलते सेना ने आठ नागरिकों को शक के



घेरे में लेकर उनसे कड़ी पूछताछ की। ऐसा आरोप लगाया जा रहा है कि इनमें से तीन की पूछताछ के दौरान मृत्यु हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गये जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इन्ही जख्मी पांच नागरिकों में से एक 52 वर्षीय मोहम्मद अशरफने कहा है कि उसके साथ चार अन्य नागरिकों को भी सेना के अफसरों ने अपनी गिरफ्त में लिया और उन्हें नंगा करके लाठी व सरियों से पीटा गया तथा उनके जख्मों पर मिर्ची मली गई। इन पांचों को घुसपैठियों से सेना की हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था जिसमें चार वीर सैनिकों की शहादत हुई थी। इसके बाद की सैनिक पूछताछ के दौरान तीन अन्य गिरफ्तार किये गये नागरिकों के शव भी मिले। इससे न केवल जम्मू-कश्मीर में बल्कि पूरे देश में ही बेचैनी का वातावरण पैदा हो गया और सेना के मुख्यालय ने पूरे मामले की अपने सैनिक तन्त्र के भीतर न्यायिक जांच कराने के आदेश दिये तथा एक ब्रिगेडियर समेत तीन आला फौजी अफसरों को उनकी मौजूदा ड्यूटी से हटने के आदेश जारी किये। मामले ने इस कदर गंभीर रुख लिया कि फौज के जनरल मनोज पांडे को भी पुंछ सैनिक क्षेत्र का दौरा करके आश्वासन देना पड़ा कि पूरे वाकये की बाकायदा पक्की जांच कराई जायेगी और जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। अब यह समझा जा रहा है कि 27 दिसम्बर को रक्षामन्त्री श्री राजनाथ सिंह भी पुंछ क्षेत्र का दौरा करेंगे और स्थिति का जायजा लेंगे। रक्षामन्त्री की जिम्मेदारी सीमाओं की सुरक्षा की होती है और इस काम में देश के हर नागरिक का समर्थन उनके साथ होता है। जम्मू-कश्मीर के सन्दर्भ में यह दायित्व और भी अधिक संवेदनशीलता के साथ यहां के नागरिक निभाते आ रहे हैं और यह सिद्ध करते आ रहे हैं कि वे कश्मीरी भले ही हों मगर भारत के सम्मानित नागरिक भी हैं। पाकिस्तान के इस्लामी हुक्मरानों की लाख साजिशों के बावजूद उनकी वफादारी हमेशा भारत के साथ रही है और जब भी पाकिस्तान की नामुराद फौजों ने भारत पर हमला करने की कोशिश की है तो उसकी हरकतों के बारे में भारतीय सेना को पहली खबर भी उन्होंने ही दी है। अतः न केवल कश्मीर भारत का है बल्कि हर कश्मीरी भी भारत का वैसा ही सम्मानित नागरिक है जैसा कि देश के अन्य किसी राज्य उत्तर प्रदेश या तमिलनाडु का। अब 370 हटने के बाद तो भारत का पूरा संविधान इकसार तरीके से हर कश्मीरी पर लागू होता और उसके अधिकार व हक भी इसके अनुसार ही उसे मिलते हैं। अतः यदि किसी कश्मीरी नागरिक के साथ अन्याय हुआ है तो उसे न्याय हर हालत में मिल कर ही रहेगा। श्री राजनाथ के पुंछ दौरे के पीछे का उद्देश्य भी यही लगता है। हमें यह भी अच्छी तरह मालूम है कि पाकिस्तान किस तरह जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना की मौजूदगी को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ जहर उगलता रहा है। हालांकि अब पूरी दुनिया के सामने यह साफ हो चुका है कि पाकिस्तान ही पूरी दुनिया में ऐसा मुल्क है जिसे दहशतगर्दों की जरखेज जमीन कहा जाता है परन्तु पूर्व में भारत के भीतर भी कुछ गैर सरकारी संगठन कश्मीर में सेना द्वारा मानवीय अधिकारों के उल्लंघन का मसला उठाने की कोशिश करते रहे हैं जिसका जवाब भी पूर्व में ही हमारी सेना के भीतरी न्यायिक तन्त्र द्वारा बखूबी दिया जाता रहा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# शहर में अवैध कट पर अभियान चलाकर रोक लगाई जाए : डीएम

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहुति की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में जितने भी अवैध कट हैं इनका अभियान चलाकर इन पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि बकेवर चौराहे पर अधिक ऑटो, रिक्शा, गाड़ियां तथा अधिक भीड़भाड़ होती है इससे जाम एवं एक्सीडेंट आदि की समस्या उत्पन्न होती है, वाहनों को चौराहे से अलग हटाकर स्थान चयनित किया जाए।

उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे से इटावा की ओर आने वाली रोड पर साइन बोर्ड अवश्य लगाया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि डीएम चौराहे से पुलिस लाइन रोड पर हाईलाइट लगाई जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान चलाकर हाईवे पर जो भी छुट्टा गोवंश घूम रहे हैं इनको पकड़वाकर नजदीकी गौशाला में भिजवाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों को गड्ढा मुक्त कर सुधार लाया जाए।उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को जागरूकता के लिए सड़क सुरक्षा में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत करने की योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को सड़क दुर्घटना पर होने वाली घटनाओं पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को अवैध स्कूली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस विभाग को यातायात नियमों का पालन कराने एवं यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाएं प्रधान : सेंगर

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड के सभागार कक्ष में एमएलसी जितेंद्र सेंगर ने विकास खण्ड के सभी ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की मीटिंग लेते हुए बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कारी योजनाओं वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण शौचालय योजना, हर घर जल योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना आदि प्रत्येक पंचायत के हर पात्र परिवार तक पहुंचाने का काम करें। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी अरविंद्र नायक, ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी, प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी, पहाड़िया प्रधान नरेश, किल्हौवा प्रधान प्रतिनिधी महेंद्र, अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधी बबलू रावत, टोला प्रधान अजयपाल राजपूत, कोनिया प्रधान प्रतिनिधी रोहित राजपूत, भरवारा प्रधान प्रतिनिधी राजू राजपूत, रिवई प्रधान राजेंद्र राजपूत, गुगौरा प्रधान मनोज राजपूत, पिपरी प्रधान प्रतिनिधी स्वतंत्र सिंह, जखा प्रधान देवेन्द्र राजपूत, नकरा प्रधान प्रतिनिधी छत्रपाल राजपूत, शेरगढ़, घुटई, लोधीपुरा आदि प्रधान सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सरकार ने मछुआ समुदाय का जीवन स्तर उठाने का कार्य किया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** माह की पूर्णिमा के अवसर पर मत्स्य विभाग इटावा द्वारा यमुना नदी धुत पापेश्वर महादेव काली वाहन मंदिर के सामने 50000 मत्स्य बीजों का यमुना नदी में प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री संजय निषाद द्वारा संचय कराया गया। इस अवसर पर मत्स्य मंत्री ने कहा कि 67 वर्षों में पूर्व की सरकारों ने मछुआ समुदाय के उत्थान के लिए 3000 करोड़ रूपया खर्च किया था हमारी 6 वर्ष की सरकार ने 39000 करोड़ रूपया खर्च कर मछुआ समुदाय का उत्थान किया है मत्स्य बीज संजय गतिविधि शुरू की गई है इससे नदियों में मछली उत्पादन को विस्तार गहराई विविधता पानी को स्वच्छ करने में सहयोग मिलता है पूर्व की सरकारों ने नदियों से सिर्फ मछली का दोहन किया जिससे मछली की मात्रा नदियों में काम हो गई प्रणाम स्वरूप मछुआ समुदाय का रोजगार छिन गया वह मछली व्यवसाय के अतिरिक्त अन्य कार्यों में लिप्त हो गए आज उनको पुन्हा हरित क्रांति से जोड़ते हुए उन्हें पुनः मत्स्य व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है इसके लिए उनकी प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना से लाभान्वित कर के फायदे जिम्मेदार तरीके से मत संसाधन उपलब्ध कराई जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, एसपी ग्रामीण सत्यपाल एसडीएम विक्रम राघव, तहसीलदार सदर जेपी सिंह, शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान, सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडे, भारतीय जनता पार्टी मत्स्य पालक प्रकोष्ठ जिला संयोजक ओम रतन कश्यप, निषाद पार्टी जिला अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद, प्रदेश सचिव रमाकांत कश्यप, पार्टी की महिला अध्यक्ष पुष्पा निषाद, रामू निषाद, दिनेश सिंह भदोरिया, छोटू राजपूत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक्सप्रेस-वे पर बीमार रिश्तेदार को देखकर बाइक से लौट रहे पिता-पुत्र व भतीजे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवो का पंचनामा भर परीक्षण के लिए भेजा है। घटना से परिजनो में कोहराम मचा है। कोतवाली बांगरमऊ के बल्लापुर गांव निवासी 46 वर्षीय राजेश पुत्र मौजी लाल अपने 22 वर्षीय बेटे संदीप व भतीजे प्रदुम उर्फबउवा पुत्र राजेश के साथ बाइक से मंगलवार को लखनऊ निवासी रिस्तेदार (साढ़ू) के बीमार दामाद को देखने गये थे। जहां से तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे तभी बुधवार सुबह औरास थाना अन्तर्गत एक्सप्रेस-वे पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। जिन्हें यूपीडा एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां पिता-पुत्र राजेश व संदीप को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया वहीं घायल प्रदुम को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने स्वजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे स्वजनों ने शव देखा तो कोहराम मच गया। थाना प्रभारी रेखा सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### लापता युवती बरामद, आरोपी फरार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार से लापता युवती को बरामद कर मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और आरोपित युवक की तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री सोमवार को कालेज जाने की बात कहते हुए घर से गयी थी लेकिन रात तक नहीं लौटी तो पिता ने पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बैगांव निवासी रमाकांत पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने युवक के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर लिया था और तलाश कर रही थी जिसे बुधवार को मुखबिर की सूचना पर उन्नाव रेलवे प्लेटफार्म से बरामद कर लिया। इस सम्बंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि युवती को रेलवे स्टेशन से बरामद कर मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है और आरोपित युवक की तलाश की जा रही है।

### दुष्कर्म पीड़िता ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** दुष्कर्म पीड़िता को न्याय नहीं मिल रहा जिससे वह दर-दर भटक रही है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में आसीवन पुलिस कह रही है औरास बात करो और औरास का कहना है कि आसीवन बात करो।
आसीवन क्षेत्र के एक कस्बा निवासी पीड़िता ने एसपी, पुलिस महानिदेशक व मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि कस्बा रसूलाबाद निवासी ताहिर अंसारी व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नईमुद्दीन अंसारी ने मेरे साथ बलात्कार किया जिसकी शिकायत थाना पुलिस से की तो पुलिस ने तहरीर बदलाकर केवल ताहिर को नामित करते हुये मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के यहां दिये गये बयानों में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नईमुद्दीन अंसारी को भी बलात्कार में शामिल होना बताया। इसके बाद भी पुलिस ने उन पर कोई कार्यवाही नहीं की ताहिर तो कोर्ट से हाजिर हो गया था लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष नईमुद्दीन अंसारी खुलेआम घूम रहा है। पीड़िता ने बताया कि वह धमकी दे रहा है और सुलह का दबाव भी बना रहा है। पीड़िता डर की वजह से रिस्तेदारी में रहकर जीवन यापन कर रही है। पीड़िता का एक वीडियो व तहरीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें यह सभी आरोप लगा रही हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि विवेचना औरास ट्रांसफर कर दी गयी है वही औरास थाना प्रभारी रेखा सिंह ने बताया कि विवेचना मैं कर रहीं हूं लेकिन जानकारी एसओ आसीवन से करे मैं इस मामले में कोई जानकारी नहीं दे सकती हूं।

### ट्रक चालक की लापरवाही से लगा जाम

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** मांखी थाना क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर भदनी नदी की सकरी पुलिया के पास ट्रक चालक ने गाड़ी खड़ी कर दी और गाड़ी में सो गया। थोड़ी देर बाद जाम लगने लगा। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को जगाया तब तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी दो घंटे तक मार्ग पर जाम लगा रहा। बुधवार की सुबह घने कोहरे के चलते बांगरमऊ की ओर जा रहा ट्रक चालक को नींद लगी तो उसने भदनी नदी के पास बने ब्रेकर के पास गाड़ी खडी कर केबिन में सो गया। थोड़ी देर बाद दूसरा ट्रक आया तो चालक ने समझा जाम लगा है और उसने गाड़ी खडी कर दी। धीरे-धीरे जाम लगने की सिलसिला शुरू हुआ तो दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। कार्यवाहक थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि ट्रक चालक द्वारा गाड़ी खडी करने से जाम लग गया था यातायात शुरू करा दिया गया है।

# ब्लॉक प्रमुख के हाथों कम्बल पाकर खिले वृद्ध जनों के चेहरे



**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जहां एक ओर मौसम के करवट लेते ही ठंड ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है।

वहीं आज ब्लॉक प्रमुख अंजना अनुरागी और उनके पति इंजीनियर श्री प्रकाश अनुरागी ने अपने आवास पर कस्बा के गरीब असहाय वृद्ध जनों को कंबल वितरण किए और उनका सम्मान किया। कम्बल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे।

वहीं इंजीनियर श्री प्रकाश अनुरागी ने बताया कि बचपन से ही समाज सेवा करने का उनका सपना रहा है। श्री अनुरागी बताते हैं कि दिल में समाजसेवा का जज्बा रहते उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। और आज में जिस मुकाम पर हूं ये जनता का स्नेह और आशीर्वाद है।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

▸ अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह राजपूत चौथी बार निर्विरोध निर्वाचित

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



चरखारी तहसील में स्थित बार सभा कक्ष में बुधवार को चरखारी के बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न किया गया, नव निर्वाचित बार एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह राजपूत चौथी बार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि वह सदैव अधिवक्ता हित में कार्य करेंगे, शपथ ग्रहण समारोह में बोलते हुए बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि जब भी किसी भवन पर दृष्टि जाती है तो भवन की सुंदरता दिखाई पड़ती है लेकिन यदि भवन के नींव के पत्थरों पर ध्यान दिया जाए तो भवन सदैव सुंदर बना रहेगा पूर्व अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि पूर्व एवं नए अधिवक्ताओं को संगठन में जोड़ा जाना चाहिए, जब तक कोई अधिवक्ता कार्य कर रहा है उसे जोड़कर रखा जाना चाहिए भले ही वह ज्यादा सक्रिय न हो, अधिवक्ताओं द्वारा कार्य करने तक संगठन से हटाया नहीं जाना चाहिए, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता नाथूराम यादव, निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता भास्कर तिवारी, भक्त राम शर्मा आदि ने भी अधिवक्ताओं के हित में अपना अपना उद्बोधन दिया, वर्ष 2023 /24 के लिए बार एसोसिएशन के निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारीयों में बार अध्यक्ष के लिए वीरेंद्र पाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए वीर सिंह चौहान, महामंत्री के लिए कालीचरण दीक्षित, कोषाध्यक्ष के लिए राहुल मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए कपिल कुमार उदेनियां, विनोद कुमार प्रजापति, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए ही चंद्रभान कुशवाहा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष 10 वर्ष से कम के लिए अखिलेश कुमार शुक्ला सहित समस्त निर्विरोध निर्वाचित बार पदाधिकारीयों को शपथ एल्डर कमेटी अध्यक्ष नाथूराम यादव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता केशव राजपूत द्वारा दिलवाई गई, कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष स्वतंत्र सक्सेना, दिनेश सक्सेना, वरिष्ठ अधिवक्ता केदारनाथ तिवारी, गोविंद गोस्वामी, महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही, कार्यक्रम के समापन पर पूर्व बार अध्यक्ष रहे कीर्तिशेष चंद्रिका प्रसाद मिश्रा को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई

# मां चन्द्रिका देवी चौराहा के चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण कार्य का सांसद ने किया शिलान्यास एवं भूमि पूजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मां चन्द्रिका देवी चौराहा का चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन हमीरपुर-महोबा - तिन्दवारी संसदीय क्षेत्र के सांसद कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल के द्वारा सम्पन्न हुआ।

बुधवार को नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा कराये जाने वाले मां चन्द्रिका देवी चौराहा का चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन पालिकाध्यक्ष डॉ0 सन्तोष चौरसिया की अध्यक्षता में क्षेत्रीय सांसद कुँ0 पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। सांसद ने कहा कि कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में पालिका द्वारा सौन्दर्यीकरण कार्य कराया जाना निःसन्देह प्रशंसनीय कार्य है।

श्री चन्देल ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार बुन्देलखण्ड के विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण केन-बेतवा गठजोड़ परियोजना, झाँसी-मिर्जापुर रेलमार्ग का दोहरी करण एवं विद्युतीकरण, कबरई-कानपुर मार्ग को फोरलेन बनाने का कार्य एवं बाईपास रोड के निर्माण से महोबा को जाम से छुटकारा दिलाने के लिए प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। निर्माण शीघ्र ही प्रारंभ होने जा रहा है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सन्तोष कुमार जी, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज शिवहरे, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार जी, सभासदगणों में संजना सेन, साधना गुप्ता, ललित कुमार पटेल, सभासद प्रतिनिधि ब्रजेन्द्र साहू, अशफाक अहमद, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद जावेद सहित विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारीगण सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

### सड़कों पर अतिक्रमण से आए दिन होते रहते हैं हादसे

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद बकेवर, लखना कस्बे के प्रमुख मागों पर टैंपो स्टैंड बने हुए हैं। साथ ही दुकानों का अतिक्रमण सड़क तक फैला है। जिससे आए दिन लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। बता दें कि बकेवर, लखना में बीते दिनों सड़क पर वाहनों की अवैध पार्किंग के चलते आए दिन हादसे होते रहते है। जिसके बाद से स्थानीय लोगों ने सड़क पर वाहनों की अवैध पार्किंग व अतिक्रमण को लेकर विरोध व्यक्त किया था। साथ बकेवर की मुख्य सड़क पर ऑटो व दुकानों से अतिक्रमण फैला है। कस्बे की सभी सड़कों से अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को हटवाने की मांग की थी। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत प्रशासन ने मामले में कोई सक्रियता नहीं दिखाई। संचालित टैंपो सटेन्ड पर अक्सर सड़क में आड़े तिरछे वाहन खड़े रहते हैं जो लोगों की परेशानी का कारण बने हुए हैं।

# मिस्टर, मिस, मिसेज फ्रेशर प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में दिखा उत्साह



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

महोत्सव पंडाल में देर रात युवाओं, बच्चों, महिलाओं के लिए मिस्टर, मिस, मिसेज फ्रेशर प्रतियोगिता आयोजित की गई। देर रात तक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं व उनके अभिभावकों की मौजूदगी रही। अलग-अलग वर्गों में नन्हे मुन्ने बच्चों ने जहां रेम्प पर कैटवॉक किया तो वहीं युवा वर्ग में युवतियों का युवकों ने अलग-अलग वेशभूषा में ट्रेंडिंग फैशन को प्रदर्शित किया। इसके अलावा महिलाओं ने भी कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। बड़ी संख्या में प्रतिभागी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। गीत संगीत के साथ ही प्रतिभागियों के परिधानों की चमक धमक से पूरा पंडाल रोशन होता रहा। इटावा रेपर शिवाय ने चौगुर्जी व अपना इटावा जैसे गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सोशल मीडिया स्टार सोहिल खान पत्रकार ,की भी मौजूदगी रही वहीं टोप टेन निकले रेहान वारसी, तुफैल राईन ,फैज राईन,अमन कैफ ,राईन यादव, जो जज, एंकर अन्य भूमिका में नजर आए।वहीं टीचर्स भी मोजूद रहे फरमान सर , अदनान सर, देर रात तक लोगों ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

# अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर होगा दीपोत्सव का आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल, मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वाधान में 1 लाख 21 हज़ार दीपो का दीपोत्सव पक्का तालाब पर 22 जनवरी सोमवार को शाम 5 बजे मनाया जाएगा इस दौरान अयोधया में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सजीव प्रसारण भी बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा और बाद में भी प्राण प्रतिष्ठा की रॉर्डिंग पूरे समय दिखाई जाएगी

इससे पूर्व आयोजन समिति घर घर जाकर लोगो को अक्षत देकर दीपोत्सव के लिये आमंत्रित किया जाएगा साथ ही लोगो से अनुरोध किया जाएगा कि लोग अयोध्या न जाकर अपने घरों में ही उत्सव मनाए और दीपोत्सव में शामिल हो दीपोत्सव के बाद लोगो से अपने घरों में हर मंदिर में दीपक जलाने के लिये अपील किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष देवर्षि द्विवेदी और उपाध्यक्ष अमित दीक्षित ने कहा कि ये बड़े हर्ष का विषय है कि 500 साल बाद भगवान राम अपने घर मे पधार रहे है और अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है ये सभी हिंदुयों के लिये गर्व का विषय है। जिले भर के कई मंदिरों में बड़ी स्क्रीन लगाकर सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। दीपोत्सव के लिये पक्का तालाब में महिलाओ और पुरुषों के लिये अलग अलग व्यवस्था की गई है। इस दौरान जिला संगठन मंत्री अभिषेक और भानु मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों से मोहा दर्शकों का मन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



इटावा महोत्सव पंडाल में बुधवार को समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल एवम तुलसी शाखा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं ने देशभक्ति आधारित गीतों की प्रस्तुति के साथ सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम सदर व प्रदर्शनी समिति के जनरल सेक्रेटरी विक्रम सिंह राघव व एआरटीओ बृजेश कुमार ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया।

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं में स्वागत गीत व सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। इसके बाद समूह गान प्रतियोगिता का प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता में अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल, सुदिति ग्लोबल एकेडमी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नारायण कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड आर्ट्स व एसएस मेमोरियल सैफई की टीम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल एरिसटोटल, जीसी जीनियस, यश इंटरनेशनल, जन सहयोगी इंटर कॉलेज व डीवीएस मेमोरियल स्कूल की टीमों ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव ने कहा कि बच्चों में प्रतिभागिता और उनके विजेता बनने पर मिलने वाली खुशी से न सिर्फ अभिभावक बल्कि बच्चों का आत्म सम्मान भी बढ़ता है। ऐसे में इटावा महोत्सव के प्रत्येक आयोजन में बच्चों की प्रतिभागिता अपने आप में एक अनोखा अनुभव है कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका तृप्ति छावड़ा, करुणा बंसल व राजीव तिवारी ने निभाई। कार्यक्रम संयोजक निदेशक पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह, माल्यार्पण व शॉल भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर एडीआईओएस डॉ. मुकेश यादव, प्रधानाचार्य डॉ. उमेश चंद्र यादव, डॉ. धर्मेंद्र शर्मा, पूरन सिंह पाल, भगवान दास शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। तुलसी शाखा की तरफ से अंजू, मंजू, नीलिमा, शमीम तथा अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कुमार वैभव ने किया।

# पीएम श्री राजकीय बालिका इन्टर कालेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज इटावा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं,पोस्टर प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू श्री ने

सरस्वती प्रतिमा का अनावरण व दीप प्रज्जवलन करके किया।संगीत अध्यापिका करूणा बंसल के नेतृत्व

में बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

सभी खेल प्रतियोगिताएं राखी मित्तल व ऊषा यादव के नेतृत्व में सम्पन्न करायी गईं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में शिशु वर्ग में प्रथम स्थान अनमता तथा द्वितीय स्थान खुशी तथा तृतीय स्थान अंकिता ने प्राप्त किया।सीनियर वर्ग 100 मी. रेस में प्रथम स्थान नीलम कुमारी द्वितीय स्थान रिया चौहान व तृतीय स्थान महिनी ने प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान दिव्या मिश्रा द्वितीय दिव्या तथा तृतीय स्थान अंजली ने प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सृष्टि द्वितीय स्थान साक्षी व तृतीय स्थान अक्षरा ने प्राप्त किया। इसी तरह नृत्य प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान साक्षी द्वितीय स्थान अंजली व तृतीय स्थान पूजा ने प्राप्त किया।सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान दीपांशी द्वितीय स्थान रिया तथा तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से ज्योति कुमारी व सोनम रहीं।खो-खो की टीम में ग्रुप ए की टीम विजयी रही।पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया द्वितीय स्थान हिना व तृतीय स्थान नीलम ने प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मिताली शुक्ला, अनीता यादव और रीना यादव ने निभायी। कार्यक्रम का संचालन रीता मेहरोत्रा व ऋचा पोरवाल ने किया व विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने इसमें सहयोग किया।अन्त में प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू श्री ने सभी विजेताओं को पुरूस्कृत किया तथा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष बने प्रकाश त्रिपाठी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. भानु प्रताप सिंह की संस्तुति पर जनपद इटावा से किसान नेता प्रकाश त्रिपाठी को संगठन का जिलाध्यक्ष पुनः घोषित किया गया है। वर्तमान में भाकियू (भानु) के कार्यवाहक अध्यक्ष पद का निर्वाहन प्रकाश त्रिपाठी के अस्वस्थ होने के कारण किसान नेता विपिन तोमर कर रहे थे जो कि इस किसान संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भी हैं लेकिन अब पुनः राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने प्रकाश त्रिपाठी को जिला संगठन इटावा का जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया है।

# एसपी सिटी का पटेल विचार मंच ने किया अभिनन्दन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



एसपी सिटी कपिलदेव सिंह का जनपद इटावा से पीएसी मुख्यालय लखनऊ तबादला हो जाने पर पटेल विचार मंच ने उन्हें विदाई दी।

पटेल विचार मंच के अध्यक्ष पूर्व सभासद आशीष पटेल ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भेंट एव मंच के कोषाध्यक्ष सचिन सोमनाथ ने शाल ओढ़ाकर एसपी सिटी का अभिनंदन किया।इस मौके पर एसपी सिटी कपिलदेव सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने पाल्यो को अच्छी शिक्षा ग्रहण कराए एवम अपने बच्चो को अच्छी दिशा की ओर बढ़ने की ओर अग्रसर करे।ट्रांसफर हमारी सर्विस की एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।इटावा में तैनाती के दौरान यहां के नागरिकों ,व्यापारियों एवम प्रेस के साथियों ने जो सहयोग एव सानिध्य दिया। इस कारण मैं इटावा जनपद को भुला नहीं पाऊंगा। पूर्व सभासद एव मंच के अध्यक्ष आशीष पटेल ने कहा कि जनपद एसपी सिटी को एक न्यायप्रिय अधिकारी के रूप में हमेशा याद रखेगा। पटेल विचार मंच के प्रतिनिधि मंडल में प्रोफेसर प्रमोद यादव, पंकज यादव, पूर्व सभासद विमल वर्मा, पूर्व सभासद सचिन वर्मा, पिंटू मंत्री, रेडवुड ग्लोबल स्कूल के निदेशक अज्ञात वर्मा, निशांत वर्मा, आलोक पटेल, राजेश पटेल, संजीव पटेल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# परिवहन मंत्री ने की पीएम कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

- ब्लॉक मुख्यालय पर बड़ी संख्या में मौजूद जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश
- 30 दिसंबर को श्री रामनगरी में प्रस्तावित पीएम मोदी के कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां हुई तेज

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

आगामी 30 दिसंबर को श्री रामनगरी में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रमों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई है। इन कार्यक्रमों को लेकर बुधवार को पूरा ब्लॉक मुख्यालय पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मैराथन बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई इस बैठक में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भाजपा नेता शिवेंद्र सिंह,बड़ी संख्या में जिला पंचायत सदस्य,ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।बैठक में मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री श्री सिंह ने बड़ी संख्या में मौजूद जनप्रतिनिधियों,पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को रामनगरी में आयोजित होने वाले इन विशाल कार्यक्रमों में लेकर पूरी तन्मयता के साथ जुट जाने के दिशा निर्देश दिए।मुख्य अतिथि श्री सिंह ने नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता,महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों में अयोध्या विधानसभा से भारी संख्या में आम जनमानस को सुलभता पूर्वक पहुंचाने का दायित्व सौंपते हुए जिले के आम जनमानस से प्रस्तावित रोड शो के साथ जनसभा स्थल पर पहुंचने की अपील की तथा जिम्मेदार संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि सभी लोग अपनी-अपनी ग्राम सभा से भारी संख्या में लोगों को सकुशल रूप से ले जाने तथा उन्हें वापस पंहुचाने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।



इस बैठक के बाद पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री शिवेंद्र सिंह की ओर से भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ अलग से बैठक कर तैयारी की समीक्षा की गई तथा अगले चौबीस घंटे के अंदर निर्देशित योजना की पुख्ता तैयारी की रूपरेखा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# खेत जुताई के समय अनियंत्रित ट्रैक्टर खाई में पलटा, चालक की मौत



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

**बीजपुर (सोनभद्र)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जरहा टोला गजरीडाड में बुधवार सुबह ट्रैक्टर से खेत जुताई करते समय अनियंत्रित ट्रैक्टर खाई में पलटने से चालक की दबकर मौके पर मौत हो गई।सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों सहित परिजन की भीड़ इकट्ठा हो गयी दुर्घटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची बीजपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर प्रधान पति विनोद भारती की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडे ने बताया कि ग्राम पंचायत जरहा के टोला गजरीडाड में भारत बैगा उम्र 45 वर्ष पुत्र रामविचार बैगा खेत की जुताई कर रहा था बगल में गड्ढा होने की वजह से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चालक उसके नीचे दब गया दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पाकर तत्काल बीजपुर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर प्रधान पति विनोद भारती के मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई पूरा कर पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी दुद्धी भेज अन्य विधिक कारवाई में जुट गई है।

## खबरें एक नजर में

### कोटेदार संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** कोटेदार संघ तहसील उतरौला ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया व उपजिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार प्रतिभा जायसवाल को सौंपा। तहसील कोटेदार संघ उतरौला ने अपनी मांगों को लेकर अध्यक्ष कोटेदार संघ जीवन लाल यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी उतरौला की सौपा ।ज्ञापन में 300 रुपये प्रति कुंतल कमीशन या 50 हजार रुपये वेतन की दिलाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में मांगे न पूरी होने पर केंद्रीय कोटेदार संघ के नेतृत्व में 1 जनवरी से अनिशिचत कालीन हड़ताल पर रहेंगे ।कोटेदार संघ ने इस संबंध में एक ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक राम प्रताप वर्मा को भी सौपा है ।इस अवसर पर प्रमोद कुमार,भोले प्रसाद,निसार अहमद, सोनू लाल,गीता देवी, कुसमा देवी,हेमराज,रणधीर,पप्पू व अरविंद जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### रेलवे ओवरब्रिज बनवाने को लेकर कमेटी गठित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर क्षेत्र में जाम की समस्या का मुख्य कारण झारखण्डी रेलवे क्रासिंग पर जाम की समस्या के स्थाई निदान को लेकर जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने ओवरब्रिज के निर्माण के प्रयास तेज कर दिये हैं। इसके लिए जिलाधिकारी ने कमेटी गठित कर दी है तथा आगामी 04 जनवरी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अधिशाषी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग लखनऊ, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी निर्माण खण्ड बलरामपुर, परियोजना प्रबंधक सेतु निगम इकाई बाराबंकी, उपजिलाधिकारी बलरामपुर तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका की बैठक बुलाई है। बैठक में क्रासिंग के दोनों तरफ शहरी व्यापारिक स्थल एवं आबादी स्थित होने के कारण होने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मानक अनुरूप विकल्पों के सम्बन्ध में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी। बैठक में अधिकारियों द्वारा समस्त पहलुओं का परीक्षण करते हुए जिलाधिकारी के समक्ष अपना प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। इसके अलावा जनपद मुख्यालय का प्रमुख चौराहा वीर विनय चौराहे को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ ही सुन्दर और चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा। डीएम ने इसके लिए एनएच के अधिकारियों, एक्सईएन पीडब्लूडी, एसडीएम सदर व ईओ को निर्देश दिए हैं। आगामी जनवरी माह में चौराहे पर इंटरलाकिंग का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। चौराहे पर लगने वाली पटरी दुकानदारों के लिए स्पेशलाइज्ड वेन्डिंग जोन बनाये जाने के लिए भी विकल्पों के बारे में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है।

### एसडीएम-तहसीलदार ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण

**कालपी(जालौन), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय नगर तथा आसपास के क्षेत्र में गलन भरी ठंडक पढ़ने लगी है। ठंड से बचाव तथा राहत पहुंचाने के लिए स्थानीय प्रशासन तथा राजस्व विभाग के द्वारा कवायद तेज कर दी गई है। रैन बसेरों की व्यवस्थाओं की हकीकत को देखने के लिए विभागीय कर्मचारियों के साथ उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार ने घूम–घूमकर निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार हरदीप सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में ठंडक से बचाव के लिए 1 हजार कम्बलों की खेप आ चुकी है। लेखपालों के द्वारा पात्र लोगों को कंबलों का वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार राजस्व विभाग के द्वारा एक दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। नगर के तीन अलग–अलग स्थानों में ठंडक से बचाव करने तथा असहाय तथा जरूरतमंदों को ठहरने के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। जिसमें वनखंडी देवी के पास सेंल्टर होम, तहसील परिसर में स्थित रैन बसेरा तथा खानकाह शरीफके पास स्थित रैन बसेरा शामिल है। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह ने नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह, सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह एवं राजस्व कर्मचारियों के साथ घूम–घूमकर रैन बसेरों का निरीक्षण किया। रैन बसेरों में बिजली, पानी, कम्बल, रजाई, गद्दे तथा पलंग की व्यवस्थाओं को देखा।

### अवैध पेड़ों की कटान की हुई शिकायत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मलकपुरा में अवैध रूप से पेड़ों की कटान की शिकायत प्रधान ने एसडीएम से की। प्रधान की शिकायत पर मौके पर पहुंचे लेखपाल व कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर और लकड़ी को कब्जे में लिया। ग्राम पंचायत मलकपुरा प्रधान अमित ने एसडीएम सुशील कुमार को बताया कि ग्राम समाज की सार्वजनिक भूमि पर रे–भरे यूकेलिप्टस के पेड़ लगे हुए थे। जिन्हें कुछ लोगों ने अवैध रूप से काट डाला। जब उन्हें पेड़ काटने से से मना किया गया तो वह झगड़े पर आमादा हो गए। प्रधान की शिकायत पर एसडीएम ने लेखपाल व छिरिया लममलकपुरा चौकी पुलिस को मौके पर भेजा और पेड़ों की कटान को रूकवाया। चौकी पुलिस ने लकड़ी सहित ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है।

# व्यापार मंडल की बैठक में पहुंचे एसएचओ ने सुनी समस्याएं

- एस एच ओ ने कहा दुकानों को सुरक्षित रखने के लिए सी सी टीवी जरूरी

**कोन, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कोन की मासिक बैठक में पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने व्यापारियों संघ वार्ता कर उनकी समस्याओ को सुना वही उन्होंने व्यापारियों से कहा की आपको अगर किसी तरह की समस्याएं आती है तो आप निडर होकर हमसे कहे उन्होंने आगे कहा की व्यापारी को अगर सुरक्षित रहना है तो दुकानों में सी सी टीवी कैमरा रहना जरूरी है उससे अनेकों तरह के लाभ व्यापारी को मिलते है।वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष विजयशंकर जायसवाल ने कहा की बाजार में नालियों की समस्याएं, सड़क पर कचड़ा और समय समय पर सफाई न होना ये मुख्य समस्याएं



है जिसके लिए हम संबंधित अधिकारियों से मिलकर इसका निदान कराएंगे।वही बैठक में पहुंचे इंडियन बैंक शाखा कोन के प्रबंधक चंद्रकिशोर ने व्यापारियों से कहा की अब जमाना डिजिटल लेन देन का है आपलोग बैंक में खाता खुलवाए और बैंक के माध्यम से लेन देन करें साथ ही उन्होंने कहा की बैंक में अनेकों योजनाएं है उसका भी लाभ आप उठा सकते है। इस बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय शंकर जायसवाल, संरक्षक लक्ष्मी कुमार, महामंत्री जयदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद जायसवाल, रामनिहोर, अजय, चंद्रशेखर समेत सैकड़ों की संख्या में व्यापारी मौजूद रहें।

# ग्राम लखमा में भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लखमा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम ने विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को जानकारी दी। विधायक ने लाभार्थियों से वार्ता के बाद विकसित भारत के निर्माण में उनके बहू मूल्य योगदान पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी श्रीदत्तगंज सुमित सिंह, चंदन मिश्रा,अनवारुल हसन कार्यक्रम में कई ग्राम प्रधान व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नियोजन-महिला एवं पुरुष नसबंदी हेतु लोगों को करें जागरूक : डॉ. अश्वनी

- आम जन मानस में जन जागरूकता हेतु सारथी वाहन हुआ रवाना

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

बुद्धवार को राबर्ट्सगंज स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद व ब्लॉक स्तर पर परिवार नियोजन-महिला एवं पुरुष नसबंदी हेतु आम जन मानस में जन जागरूकता हेतु सारथी वाहन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार ने बताया कि सारथी




वाहन का मुख्य उद्देश्य आम जन मानस को परिवार नियोजन से होने वाले लाभ के विषय में जागरूक करना है, एवं साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गर्भ निरोधक साधनों जैसे- कंडोम कॉपर-टी, छाया, माला- एन के सही समय पर उपयोग कर अपने परिवार को सीमित एवं खुशहाल बना सकते है।

परिवार नियोजन के सभी साधन सरकारी स्वस्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। प्रत्येक ब्लॉक में 3-3 सारथी वाहन चार दिनों तक चलाकर लोगों को परिवार नियोजन के महत्त्व के विषय में जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 गिरधारी लाल उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एस0 के0 वर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक रिपुंजय श्रीवास्तव प्रयाग सिंह आलोक मिश्रा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

उपरोक्त कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ककराही पर डॉ0 शुभम त्रिपाठी, प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मा पर डॉ0 मुन्ना प्रसाद, अधीक्षक द्वारा सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर ग्राम स्तर पर प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया गया।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज में कुश्ती का आयोजन

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

सरदार वल्लभभाई पटेल बालिका इंटर कॉलेज गलिबपुर में युवा कल्माण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण लीग खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता आर आर वर्मा ने फीता काट कर किया। एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी एवं वॉलीबॉल के खेल में प्रतिभागियों ने अपना जौहर दिखाया। सब जूनियर सौ मीटर बालक दौड़ में असगर अली प्रथम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में दिव्या वर्मा प्रथम, जूनियर बालक वर्ग में विवेक तिवारी प्रथम, बालिका वर्ग में अंशु देवी प्रथम, सीनियर बालक वर्ग में मनीष यादव प्रथम, बालिका वर्ग में पारुल पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



200 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग में गुलाम अली प्रथम, बालिका वर्ग में अंशु देवी प्रथम, सीनियर बालक वर्ग में मनीष यादव, प्रथम बालिका वर्ग में हसीबुननिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग में अंकित वर्मा प्रथम, सीनियर बालक वर्ग में अमृतललाल वर्मा प्रथम, बालिका वर्ग में अंशु देवी प्रथम रहे। लंबी कूद बालक वर्ग जूनियर में साबिर खान प्रथम, बालिका वर्ग में मोनी प्रथम व सीनियर वर्ग में अजमतुल्लाह प्रथम, बालिका वर्ग में हसीबुननिशा प्रथम रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रीता चौधरी ने बताया कि वॉलीबॉल सीनियर में बालिका इंटर कॉलेज दारीचौरा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम को विधायक प्रतिनिधि चंदन मिश्रा द्वारा एक हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया।

कबड्डी जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में सरदार वल्लभभाई पटेल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाति सिंह ने किया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी तुलसीपुर शक्ति मिश्रा, संजय कुमार यादव, रश्मि सिंह, अशोक कुमार तिवारी, श्याम जी कश्यप एवं पीआरडी जवानों का सराहनीय सहयोग रहा। विजेता खिलाड़ियों को वरिष्ठ भाजपा नेता राघव राम वर्मा, एवं विधायक प्रतिनिधि चंदन मिश्रा ने मेडल, प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विकासखंड की छिपी प्रतिभाएं आगे निकलते हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य रीता चौधरी ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाति सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे।

# राबर्ट्सगंज की टीम ने तीन विकेट से गढ़वा को रौंदा

**दुद्धी, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

टाउन क्रिकेट क्लब पर चल रहें 37वें अंतर्राजीय क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच गढ़वा व राबर्ट्सगंज के बीच खेला गया। टॉस गढ़वा के कप्तान रोहित सिंह ने जीता और पहले क्लेबाजी बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया।मैच की जानकारी देते हुए अध्यक्ष मो0 जबीं खान व सचिव अंकुर बच्चन ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए गढ़वा के टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 155 रन बनाये। जिसमे नवीन ने सबसे अधिक 36 रन बनाये, सारिक ने 27 रन बनाये। अतुल ने 26 रन बनाए रजत ने 16 रनों की पारी खेली। गेंदबाज़ी करते हुए एचपी सिंह क्रिकेट एकेडमी की टीम के खिलाड़ी सुभाष ने 5 ओवरों में 20 रन देकर 3 विकेट हासिल किया। राकेश व अखिलेश ने 2-2 विकेट हासिल किया।

दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी करते हुए एचपी सिंह की टीम ने 19.5 ओवर में 7 विकेट खोकर 157 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। जिसमे सूर्यांश ने सबसे अधिक 45 रनों की पारी



खेली।प्रदीप ने 27 रन बनाये। गेंदबाज़ी करते हुए गढ़वा की टीम के खिलाड़ी एकलाख व आयुष ने 2-2 विकेट हासिल किया।आयुप ने 31. रन देकर 2. विकेट हासिल किया। इस तरह से एच पी सिंह क्रिकेट एकेडमी राबर्ट्सगंज की टीम ने गढ़वा टीम को 3 विकेट से पराजित किया।एच.पी. सिंह के खिलाड़ी सूर्यांश को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। जिनको मुख्य अतिथि एडिओ पंचायत रविदत्त मिश्रा को हाथों के पुरष्कृत किया गया। आज के मैच अम्पायर रजत राज व धीरज रहे।कमेंटेटर्स की भूमिका सलीम खान, शमीम अंसारी व इरफ़ान खिलाड़ी ने निभाई। स्कोरर के भूमिका में अयाज,निशांत एवं राजू शर्मा रहे। गुरुवार को टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला भोजपुर, बिहार और मुगलससाय यूपी के बीच खेला जायेगा।

# बजट मिलते ही वंदन योजना में दो मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार : विनोद



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय नगर के प्राचीन धर्मस्थलों के विकास तथा सुंदरीकरण कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक की पहल पर नगर विकास मंत्रालय के द्वारा कवायत तेज कर दी गई है। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो पचपिंडा देवी मंदिर तथा ढ़ोरेश्वर मंदिर का सुंदर स्वरूप जल्द देखने को मिलेगा।

नगर की मोहल्ला कागजीपुरा स्थित पचपिण्डा देवी मंदिर में 55 मठिया स्थापित हैं, लंबे चौड़े क्षेत्र में फैले इस मंदिर में दूर-दूर से आस्थावान लोगों का आना-जाना रहता है। इसी प्रकार यमुना नदी के तट में स्थित प्राचीन में महत्व के धर्मस्थल ढ़ोरेश्वर मंदिर स्थापित है। यहां पर भोर सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहता है। उक्त दोनों मंदिरों के बारे में भक्तों ने विधायक विनोद चतुर्वेदी को बताया। विधायक ने प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा को उक्त प्राचीन मंदिरों का विकास एवं सुंदरीकरण कराने के लिए मांग पत्र प्रस्तुत किया था। इस संबंध में नगर विकास मंत्री ए.के शर्मा ने विभाग के द्वारा शासकीय पत्र देकर विधायक को अवगत कराया है कि नगर पालिका परिषद कालपी के वार्ड नंबर 14 मोहल्ला तरीबुल्दा स्थित ढ़ोरेश्वर मंदिर तथा वार्ड नंबर 2 मोहल्ला कागजीपुरा स्थित पचपिण्डा देवी मंदिर में अवस्थापन एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु वंदन योजना के अंतर्गत वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए जाने से संबंधित है। इसलिए आगे की कार्रवाई करने के लिए प्रदेश के नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को भेज दिया गया है। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि विभाग के द्वारा कार्ययोजना एवं प्रस्ताव को तैयार करने का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि बजट आवंटित होने के बाद उपरोक्त वंदन योजना के अंतर्गत उक्त मंदिरों का सुंदरीकरण कार्य कराया जाएगा।

### शिविर लगा ट्रक ड्राइवरों के किये गये नेत्र परीक्षण

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े में बुधवार को एआरटीओ तथा चिकित्सकों की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में 53 ड्राइवरों के नेत्र परीक्षण करके उन्हें यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कालपी-उरई राष्ट्रीय राजमार्ग के आटा टोल प्लाजा में आयोजित शिविर में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.डी चौधरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश गुप्ता, नेत्र विशेषज्ञ हरिचरण की टीम ने गाड़ियों को रोक-रोककर वाहन चालकों की आंखों की जांच की तथा कई लोगों को चश्में वितरित किए। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी मनोज पांडेय, ओ.बी.आई.एल कंपनी के असिस्टेंट इंचार्ज इंजी. गणेशन, पीयूष तिवारी, ए.एम. सिद्दीकी, अब्दुल वहाब खान की टीम के द्वारा वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाए। एआरटीओ ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन के चालक हेलमेट तथा चार पहिया वाहन के चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटना से बचाव हो सकेगा।

# नौ माह से पांच वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलवायें

- बच्चों की माताओं को बिटामिन-ए से रतौदी, बीमारियों से होता बचाव

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बिटामिन-ए संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन 27 दिसम्बर 2023 से 1 माह तक आयोजित किया गया। जिला महिला चिकित्सालय उरई परिसर में टीकाकरण सत्र पर नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने संयुक्त रूप से 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। नगर मजिस्ट्रेट ने अपने सम्बोधन में 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने के लाभ के संबंध उपस्थित बच्चों की माताओं को बिटामिन-ए से रतौदी, बीमारियों से बचाव एवं प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के संबंध में विस्तार से बताया।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र मिटौरिया ने अपने सम्बोधन में जनपद में 184430 लक्षित बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाये जाने तथा उपस्थित लाभार्थियों की माताओं को अपने बच्चों का समय



से सम्पूर्ण टीकाकरण के लाभ के संबंध में बताया तथा प्रत्येक 6 माह के अंतराल पर आयोजित होने वाले विटामिट-ए सम्पूर्ण कार्यक्रम की खुराक के सम्बन्ध में बताया कि इससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है तथा विटामिन-ए पीने से बच्चों में रतीधी नामक रोग नहीं होता है बच्चों में चश्मे की आवश्यकता नही होती है एवं चश्मे का जल्दी-जल्दी नम्बर नहीं बढ़ता है विटामिन-ए आंख एवं त्वचा के बहुत महत्वपूर्ण विटामिन है। 9 माह से 12 बच्चों को 1 एमएल तथा 1 से 5 वर्ष के बच्चों को 2 एमएल विटामिन-ए खुराक पिलानी है।

डा. सुनीता बनौधा ने अपने सम्बोधन में बच्चों को 6 माह तक केवल मां के स्तनपान के महत्व के संबंध में बताया डा. अवनीश कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय उरई, ने धात्री माताओं को पोषण एवं जेएसबाई योजना के संबंध में बताया तथा अपने भोजन में विटामिन-ए तथा अन्य पोषक तत्वों से युक्त खाद्य पदार्थ सम्मिलित करने के बारे में बताया। अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा, एवं नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार ने जनपद वासियों से अपील की कि अपने एवं आस-पड़ोस के 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को नजदीकी टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलायें तथा बच्चों का समय से टीकाकरण कराये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय उरई डा. अवनीश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय उरई डा. सुनीता बनौधा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसडी चौधरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अरविन्द्र भूषण, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र भिटोरिया, चिकित्सा अधिकारी निश्चेतक विशेषज्ञ डा. पवन कुमार, एवं शिक्षा विभाग से बीआरसी शिवदीन चौधरी, अपर शोध अधिकारी आरपी विश्वकर्मा, एचईओ अरविन्द्र सिंह तथा राजेन्द्र बाबू लिपिक जिला महिला चिकित्सालय उरई आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बसेली वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 01/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/एसबीएम/टेण्डर प्रकाशन/ 2023-24 — दिनांक 24/12/2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एसबीएम/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत बसेली द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/12/2023 से 30/12/2023 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 30/12/2023 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सामुदायिक सोकपिट निर्माण | एसबीएम | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 0.150 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | (9) सामुदायिक नाडेप कम्पोस्ट पिट | एसबीएम | // | 1.340 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण कार्य | एसबीएम | // | 4.340 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | (6) खाद गड्ढा/ कम्पोस्ट पिट निर्माण कार्य | एसबीएम | // | 0.227 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | (5) हैण्डपम्प सोकपिट निर्माण | एसबीएम | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 0.747 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | वर्मी कम्पोस्ट निर्माण | राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त | // | 0.591 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 7- | (4) फिल्टर चैम्बर निर्माण | // | // | 1.600 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 8- | (2) लीच पिट निर्माण कार्य | // | // | 1.40 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (पवन कुमार)** — **ग्राम पंचायत बसेली, वि0ख0 शमशाबाद** — **सचिव (स्वेता)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बांसखेड़ा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 25/12/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बांसखेड़ा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 26/12/2023 से 30/12/2023 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 30/12/2023 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सलीम के घर से इनकली के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 331000 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(जुबैर)** प्रधान, बांसखेड़ा, शमशाबाद — **(देव शर्मा)** सचिव, बांसखेड़ा, शमशाबाद

# संगठन को और अधिक किया जाएगा सुदृढ़: अनिल गुप्ता

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय स्तर के नेता 9 जनवरी को आयेंगे कन्नौज
- जिला मुख्यालय में जनपद स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर करेंगे विचार विमर्श



बैठक में मौजूद भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एवं कानपुर मण्डल प्रभारी अनिल गुप्ता व संगठन के अन्य पदाधिकारीगण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल को और अधिक सुदृढ़ता एवं संगठन विस्तार हेतु आगामी 9 जनवरी को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल एवं नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल समेत राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारीगण जिला मुख्यालय के सरायमीरा स्थित एक निजी होटल में जनपद स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

बुधवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एवं कानपुर मण्डल प्रभारी अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन के नगर अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश वर्मा उर्फ ललंइया गुप्ता के प्रतिष्ठान पर एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री गुप्ता ने बताया कि आगामी 09 जनवरी को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल लोहा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री शोभित टंडन, प्रदेश महामंत्री सतीश सर्राफ एवं अनुपम अग्रवाल समेत कई अन्य जनपदों के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री जिला मुख्यालय के जीटी रोड सरायमीरा स्थित'योगेन्द्र होटल में जनपदीय संगठन के पदाधिकारियों से संगठन की और अधिक सुदृढ़ता हेतु विचार विमर्श करेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष नरेश वर्मा सर्राफ, जिला उपाध्यक्ष सतीश कटियार, जिला उपाध्यक्ष रामानंद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा पेन्टर, छिबरामऊ नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, दिलीप पटवा गुड्डन अजीत वर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारीगण मौजूद रहे।

## विवाद में जमकर हुई मारपीट, दो युवक घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद को लेकर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट निवासी कुलदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि गांव के ही तीन लोगों ने पानी भरने के विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं ग्राम असौलिया निवासी रामेश्वर दयाल ने पुलिस को बताया है कि मामूली विवाद को लेकर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

# इस्कॉन श्रीराम पदयात्रा का नगर में हुआ स्वागत

- नगर भ्रमण के बाद हुआ भजन संध्या का आयोजन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

दिल्ली से चलकर नगर पहुंची इस्कॉन श्री राम पदयात्रा का स्थानीय लोगों ने धूमधाम से स्वागत किया। यात्रा को नगर भ्रमण करने के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों ने प्रवचनों को सुनकर अनुसरण करने का संकल्प लिया।

बुधवार की दोपहर दिल्ली से चलकर अयोध्या जा रही इस्कॉन श्री राम पदयात्रा नगर पहुंची। जहां जगह-जगह पर उसका भव्य स्वागत किया गया। देर शाम यात्रा को नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली आदि में भ्रमण कराया गया। स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा में शामिल संत, महात्माओं ने नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया। स्थानीय लोगों ने भजन संध्या में शामिल होकर प्रवचनों को सुना। भजन के दौरान संतों ने बताया कि सनातन धर्म को बचाने के लिए लोगों को धर्म और संस्कार से जुड़कर चलना चाहिए। श्री राम और श्री कृष्ण के आदर्शों को अपनाकर जीवन को कल्याण के मार्ग पर ले जाना चाहिए। यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा करने के साथ-साथ इसका प्रचार प्रसार करना है।




नगर में भ्रमण करती इस्कान श्रीराम पद यात्रा।

# आगामी 13 जनवरी को आयोजित होगी प्रतियोगिता

- कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं को धर्म, संस्कृति और समाज के प्रति जागृति किए जाने के उद्देश्य को लेकर आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के तत्वावधान में पंडित देव नारायण मिश्र स्मृति संस्कृति ज्ञान परीक्षा 13 जनवरी को शहर स्थित कन्हैयालाल सरस्वती विद्यामन्दिर में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में मुख्यालय व आसपास के सभी इंटर कालेजों के छात्र छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता सुबह दस बजे से शुरू होगी जिसका समापन 12 बजे होगा। प्रतियोगिता में राम चरित मानस, गीता, भारत की संस्कृति, सनातन धर्म व धार्मिक स्थलो से लेकर विविध वहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय में बैठक कर तैयारियों पर चर्चा की। प्रतियोगिता आयोजन के संयोजक लेफ्टिनेंट डा आर एन मिश्र ने बताया कि समिति के उपाध्यक्ष अनुराग मिश्र के पिता की प्रथम पुण्य स्मृति में पंडित देव नारायण मिश्र स्मृति संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मुख्यालय व आसपास के सभी इंटर कालेजों के छात्र छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता सुबह दस बजे से शुरू होगी जिसका समापन 12 बजे होगा। बताया कि परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र और आधार कार्ड साथ लाना होगा। बिना प्रवेश पत्र व आधार कार्ड के किसी भी छात्र-छात्रा को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। बैठक में मौजूद पूर्व प्रधानाचार्य स्मरजित अग्निहोत्री ने प्रतियोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रतियोगिता में राम चरित मानस, गीता, भारत की संस्कृति, सनातन धर्म व धार्मिक स्थलो से लेकर विविध वहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रतियोगिता सौ अंकों की होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार के रूप में 5100 रुपए, द्वितीय पुरुस्कार के रूप में 2100 रुपए व तृतीय पुरस्कार के रूप में 1100 रूपया नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र व शील्ड भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा 13 जनवरी को कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित की जायेगी। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक होगा। 15 जनवरी को चौधरी चंदन सिंह पीजी कॉलेज में आयोजित समारोह में सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य यह है छात्र-छात्राओं के बीच धर्म, संस्कृति और समाज के प्रति जागृति पैदा हो। आयोजक अनुराग मिश्र ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को अपने विद्यालय से आवेदन पत्र मिलेगा। सभी विद्यालयों में आवेदन पत्र भेज दिए गए हैं। श्री मिश्र ने बताया कि जिन विद्यालयों में अवकाश चल रहे हैं, उस विद्यालय के बच्चे प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे के मध्य चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज, उमेश चंद्र द्विवेदी समेत समिति के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई। क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बीएसए ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा प्राथमिक विद्यालय के बच्चे आगे चलकर इंजीनियर वैज्ञानिक तथा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को निखारेंगे जैसा कि हम इस विद्यालय में देख रहे हैं। यहां के बच्चे बहुत ही शुव्यस्थित पूर्ण गणवेश में बहुत ही सुंदर लग रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने कहा की विद्यालय के बच्चे ब्लॉक व जनपद में होने वाले सभी प्रकार के कार्यक्रम में हमेशा भाग लेते है। यहां के बच्चे जनपद स्तर तक प्रतिभाग करते हैं। व स्थान पाते हैं और सबसे अच्छी बात है कि हमारे विद्यालय के अभिभावक है। वह बहुत ही जागरुक है। और किसी भी प्रकार के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग लेते हैं। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र दिया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न लोकगीतों वह गीतों पर सुंदर नृत्य, गायन, भाषण प्रस्तुत किये गए। विद्यालय के उत्कृष्ट छात्र छात्राओ माही, रागनी, पीयूष, आर्यन को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया व अपर्णा, दीक्षा, श्वेता, कृष्णा अमन, राजीव, तथा 50 बच्चों को सर्टिफिकेट व मेडल दिए गए कक्षा 1,2,3 कक्षा अध्यापक को बच्चों को निपुण करने के लिए उत्साहवर्धन के लिए मैडम द्वारा सभी अध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संजीव, अमित, जितेंद्र प्रताप, राकेश कुमार, सुमन जसवीर, लोकेंद्र शाक्य, सौरभ, शर्मिला, जागृति, प्रियंका आदि रहे।

## खबरें एक नजर में

### भू पैमाइश में लेखपाल कर रहा फर्जीवाड़ा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों ग्राम पंचायत तालग्राम देहात में लेखपाल द्वारा भूमि पैमाइश के सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते हुए भाकियू ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाई की मांग की है। लेखपाल व फर्जी कर्मी द्वारा पैमाइश करने का वीडियो वायरल होने के मामले में इससे पहले मुख्यमंत्री समेत उच्च अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। भाकियू (स्वराज) युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बुधवार को एसपी से मुलाक़ात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि लेखपाल व उनके प्राइवेट कर्मियों व दलालों के द्वारा न्यायालय व उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करके धन उगाही करके कहीं की जमीन कहीं नाप कर अवैध तरीके से पैमाइश कर अवैध कब्जा कराया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लेखपाल के प्राइवेट कर्मी तिर्वा निवासी एक युवक के द्वारा तालग्राम देहात में निर्माणाधीन ईंट भट्ठा के पास पैमाइश की गई है। इस प्राइवेट व्यक्ति के पास सरकारी खसरा व नक्शा है। मामले की वायरल वीडियो के साथ मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है। कहा कहा कि लेखपाल के द्वारा नियम कानून व उच्च अधिकारियों के आदेशों को ताख पर रख कर मनमानी की जा रही है। इलाके में निजी कर्मी लगा कर अवैध तरीके से धन का शोषण व न्यायालय के स्टे के बावजूद जमीनों पर पैमाइश करके अवैध कब्जे कराए जा रहे हैं। भाकियू नेता ने एसपी से मामले में प्राथमिकी दर्ज करा कर कार्यवाई की मांग की है। एसपी ने प्रकरण में जांच व कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### यातायात पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रालियों में लगाए रिफ्लेक्टर टेप



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खान ने पुलिसकर्मियों की टीम के साथ नेशनल हाईवे के पाल चौराहा एवं मंडी समिति अंडरपास के निकट गुजर रहीं ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टेप लगाए। यातायात प्रभारी द्वारा बताया कि कोहरे के मौसम में दिन और रात्रि में ट्रैक्टर ट्रालियों में पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप आदि न होने की वजह से ट्रैक्टर ट्राली दूर से दृष्टिगोचर नहीं हो पाती है। जिसके कारण पीछे से आ रहे वाहन ट्रैक्टर ट्रालियों से टकरा जाते हैं और दुर्घटनाएं हो जाती है। इसलिए ट्रैक्टर ट्रालियों में पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे हैं, ताकि दुर्घटनाएं न होने पाएं। यातायात प्रभारी ने बताया कि ऐसे मौसम में रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही चेक पोस्टों परं हेलमेट की चेकिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों की मोबाईल फोन से बात करते हुए वाहन चलाने वाले चालकों की विशेष चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के साथ-साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। चेकिंग के दौरान एक ई-रिक्शा को देखा गया जो हेडलाइट के आगे चालक द्वारा फाइवर की शीट हवा से बचने के लिए लगा रखी थी, जिससे हेडलाइ छुपी हुई थी। यातायात प्रभारी ने ई-रिक्शा चालक से ही फाइवर शीट निकलवाई और चेतावनी दी कि कोहरे में हेडलाइट जलाना आवश्यक है।



# नगर के चिन्हित स्थानों पर पालिका ने जलवाए अलाव

- अलाव के स्थान को जरूरत के हिसाब से बढ़ाया जाएगा: कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

घने कोहरे के कारण लगातार बढ़ रही सर्दी के प्रकोप से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त है। तो वहीं राहगीरों सहित स्थानीय लोगों को पालिका प्रशासन ने राहत दिलाने के लिए चिन्हित स्थानों पर अलाव जलवाए हैं। बुधवार को नगर पालिका द्वारा नगर में बाईपास रोड, तिराहा पार्क, चौराहा, रेलवे स्टेशन, पावर हाउस, सब्जी मंडी, तिर्वा रोड, आंबेडकर पार्क, सती माता मंदिर, सहित लगभग 13 स्थानो पर अलाव जलवाए गए। अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने अलाव स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। बताया कि लोगों को सर्दी से राहत देने के लिए पालिका द्वारा अलाव जलवाने के साथ-साथ रैन बसेरा की व्यवस्था भी की गई है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर व अफसरी में रैन बसेरा का संचालन किया जा रहा है। जिसमें आने वाले शरणार्थियों को सामान्य सुविधाये दी जा रही हैं। कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि अलाव के स्थान को जरूरत के हिसाब से बढ़ाया जाएगा। इस दौरान जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, प्रसनजीत मिश्रा, अनिल प्रजापति, मोहित गुप्ता, जनार्दन मिश्रा, पूजा तिवारी सहित तमाम पालिका कर्मी मौजूद रहे।

**सिपाही हत्याकांड**

### सिपाही सचिन राठी की जंग में गोली लगी

# हिस्ट्रीशीटर को अकेले पकड़ने पहुंचे थे सचिन राठी

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

खेतों के बीचो-बीच बना तीन मंजिला मकान में गेट पर भगवान की मूर्ति के साथ दो शेर बने हैं दीवारों की ऊंचाई 9 से 10 फीट इससे कोई भी बाहरी अंदर ना देख सके में गेट पर लोहे का बड़ा गेट लगा है गेट पर दो और घर के अंदर चार सीसीटीवी लगे हैं घर से करीब 500 मीटर दूरी पर एक भी मकान नहीं बना है गेट पर मोटे अक्षरों में नेम प्लेट लगी है उसमें लिखा है श्यामा देवी प्रधान पत्नी मुन्ना यादव बिशनगढ़ थाना क्षेत्र के गांव धरणीधरपुर नगरिया गांव में बना यह घर 80 सीटर मुन्ना यादव का है मुन्ना के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद उसे पकड़ने के लिए सोमवार को पुलिस टीम मुन्ना के इसी घर पर पहुंची थी यहां मुन्ना व उसके बेटे टिंकू ने फायरिंग कर दी फायरिंग में सिपाही सचिन राठी की जंग में गोली लग गई अस्पताल में इलाज के दौरान सचिन राठी की मौत हो गई।

**पिता बोले हमारा तो सब खत्म हो गया:** बता दे सिपाही सचिन राठी का सब मंगलवार देर शाम उसके पैतृक गांव मुजफ्फरनगर के सा डंपर पहुंचा थाअपने जवान बेटे का सब देखकर मां-बाप बेसन हो गए घर में चल रही शादी की तैयारी को रोक दिया गया इस घर में सचिन की अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी बुधवार को सुबह सचिन का अंतिम संस्कार किया गया सचिन के पिता ने रोते हुए कहा मेरा लाल चला गया मेरा बेटा चला गया हम लोगों का तो नाश हो गया पुलिस को उन दोनों को भी एनकाउंटर कर देना चाहिए।

**सोमवार को होने वाली मोटिवेट की पूरी कहानी:** सोमवार को जब पुलिस की टीम मुन्ना यादव के घर पहुंची तो टीम पर मुन्ना के बेटे ने फायरिंग कर दी इसमें सचिन घायल हो गया 4 घंटे तक चली मुर्गा के बाद मुन्ना और उसका बेटा टिंकू फायरिंग करते हुए भागने लगा पुलिस ने दौड़कर और वेट में दोनों को पकड़ लिया दोनों के पैरों में गोली लगी मुन्ना यादव की पत्नी और बेटी को भी विरासत में लिया गया अब शान मुन्ना यादव के घर और उसके आसपास की जमीन की नाप कर रहा है मुन्ना यादव और उसका परिवार भले ही अब पुलिस हीरा हिरासत में है लेकिन उसका खौफ गांव में अभी भी इस कदर है कि लोग उसके खिलाफ एक शब्द नहीं बोल रहे हैं अगर किसी से उसके बारे में बात करने की कोशिश कीजिए लोग दरवाजा बंद कर लेते हैं मुन्ना यादव के घर पहुंची चलिए आपको सिलसिले बाद तरीके से सब कुछ बताते हैं सबसे पहले सचिन के साथी पुलिसकर्मी की जवानी पूरी घटनामुन्ना यादव के घर पर जाते समय रास्ते में एक भी ग्रामीण दिखाई नहीं पड़ा बस चारों तरफ पुलिस की गाड़ियां हो पुलिसकर्मी जांच करते हुए दिखाई दिए घर के पास पहुंचे तो गेट पर खून पड़ा हुआ था वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने बताया कि यहीं पर सिपाही सचिन राठी को गोली लगी थी वह जमीन पर गिर पड़ा था गोली लगने से काफी खून बह गया था सोमवार को पुलिस की जो टीम मुन्ना यादव को पकड़ने गई थी उसमें शामिल सचिन के साथी एक पुलिसकर्मी ने बताया कि हम चार-पांच लोग थे हमें यह बात पता थी कि मुन्ना के घर के बाहर कैमरे लगे हुए हैं तभी हमने अपनी गाड़ी पहले ही रोक दी थी केवल अकेला सचिन मुन्ना को पकड़ने उसके घर के पास गया था हमें इसका अंदाजा नहीं था कि यह लोग मुन्ना यादव और उसका परिवार फायरिंग कर देगा सचिन ने पहले गेट खटखटाया कुछ देर बाद मुन्ना की गेट खोलने आया था मुन्ना का बेटा तमंचा लेकर आता है और सचिन को पीछे से गोली मार देता है पुलिसकर्मी ने आगे बताया कि यह सब हम लोग देख रहे थे सचिन मुन्ना से साथ चलने के लिए कहता है और उसके कंधे पर हाथ रख देता है उसके बाद मुन्ना तेज चिल्लाते हुए अपने बेटे से कहता है कि तू अब भी इसको नहीं रोकेगा यह तेरे बाप को लेकर जा रहा है इसके बाद मुन्ना का बेटा टिंकू तमंचा लेकर आता और सचिन को पीछे से गोली मार देता है गोली सचिन को कमर के नीचे लगती है और वह नीचे गिर जाता है दोनों बाप बेटे घर के अंदर भाग जाते हैं यह सारी बातें हम लोगों ने वाले सेट पर सनी उधर से लगातार फायरिंग हो रही थी घर के अंदर से भी गोलियां चल रही थी हमने हालत को देखते हुए और चार थानों की पुलिस को मौके पर बुलाया कई घंटे तक फायरिंग होती रही इसके बाद हमारी टीम आगे बढ़ी और दोनों मां बेटे को दौड़कर पकड़ लिया सचिन को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन ज्यादा खून बहने की वजह से उनको बचाया नहीं जा सका मुन्ना को पकाने दो थानों की पुलिस को जाना पड़ा था लेकिन गई केवल एक थाने की पुलिस थी।

**मुन्ना यादव के घर में दो गाते हैं बिना परमिशन अंदर जाने की इजाजत:** पुलिस कर्मियों की बात सुनने के बाद हमारी टीम मुन्ना के घर के पास पहुंची हमने में गेट से अंदर देखने की कोशिश की हमें एक बड़ा सा बरामदा दिखाई दिया वहां कुछ जानवर बंधे हुए थे वही घर के अंदर जाने के लिए एक और नीले कलर का गेट बना हुआ था उसका बस छोटा सा हिस्सा खुला हुआ था बाकी गेट बंद था पूछने पर पता चला कि किसी को भी इस गेट के अंदर जाने की याद नहीं है बहुत कहीं भी ही इस गेट के अंदर जाते हैं।

**मुन्ना यादव की गिरफ्तारी के बाद गांव का माहौल:** मुन्ना यादव को लेकर गांव के लोग कहते हैं कि गांव में हर कोई उससे डरता है इस बात की सच्चाई जानने के लिए हम लोग मुन्ना के घर से 500 मीटर दूर बसे धरनी धरपुर नगरिया गांव गए वहां हमने जैसे ही मुन्ना का नाम लिया लोग हाथ जोड़कर घर के अंदर चले गए यहां तक की मुन्ना की पत्नी श्यामा देवी और पूर्व प्रधान गांव के बारे में भी कुछ नहीं बता रहे थे हमने उनके कामों के बारे में पूछा तो एक ग्रामीण ने बोर्ड की तरफ इशारा करके बताया उन्होंने गांव में वाटर कूलर लगवाया था इससे ज्यादा कुछ भी नहीं बताया।

**गांव से बाहर आकर एक युवक ने की बात:** गांव में एक युवक मिला जिसका मुन्ना यादव से विवाह चल रहा है मुन्ना यादव पर उसके रिश्तेदार की हत्या का आरोप है हल्का कि वह रिश्तेदार कौन है इस बारे में उसने नहीं बताया उसे विभाग ने गांव के बाहर आकर बात की कहां की हिस्ट्री सीटर मुन्ना 2010 में जेल गया था ल धमकाना हत्या जमीन हड़पने वसूली वह यह सब करता था कोई उसके सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं उठाता था किसी की जमीन कितनी भी महंगी हो वह दमणगे के बल पर उसे सस्ते में अपने नाम लेटा था मेरे परिवार के लोगों को भी उसने जमीन के लिए ही मारा था उसके दोनों बेटे भी उसी के कदमों पर थे उसके बेटों पर भी कई केस दर्ज हैं।

**मुन्ना यादव पहले भी कर चुका है पुलिस पर हमला:** उसे युवक ने बताया कि आज तक कोई भी मुन्ना को पकड़ने नहीं आया हमने कभी नहीं देखा कि कोई पुलिसकर्मी मुन्ना को पकड़ने या पूछताछ करने आया हो शायद साल 2000 की बात है कुछ पुलिस वाले मुन्ना को पकड़ने आए थे तब उसने उन पुलिस वालों पर हमला कर उनके हथियार छीन लिए थे और उनको भगा दिया था सन 2019 में वह जेल से छूट गया था उसने जेल में रहते हुए अपनी पत्नी श्यामा देवी को ग्राम पंचायत का चुनाव लड़वाया था 2016 से 2021 तक उसकी पत्नी श्यामा देवी ग्राम प्रधान रही थी उसे दौरान ग्राम समाज के काम में वह पत्नी और बेटे को ही शामिल होने के लिए भेजता था इसके बाद 2021 में उसने खुद प्रधानी का चुनाव लड़ा हल्का की यह चुनाव हुए 25 वोटो से हार गया था

**काली गाड़ी में बैठकर घर से निकलता था मुन्ना यादव:** इस वक्त ने बताया कि चुनाव हारने के बाद मुन्ना ने घर से बाहर निकलना बंद कर दिया था लंबे समय से लोगों ने उसे देखा नहीं नहीं था वह घर से ही अपना साम्राज्य चलता था जब भी बाहर आ जाता था तो पूरी काली गाड़ी से निकलता था कोई भी उसका चेहरा नहीं देख सकता था उसके घर के आसपास कोई जाता था उसके खुले कुत्ते वहां पर घूमा करते थे वह आगे बताता है कि मुन्ना के घर का माहौल भी खराब है इसी के चलते इसकी दोनों बहू मेंघर छोड़कर चली गई इसका एक बेटा तो दिल्ली में रहता है दूसरा यही रहता है लेकिन दोनों बेटे इसके जैसे ही हैं कन्नौज में तो हमें इसकी घर के बारे में पता है बाकी इसकी काफी संपत्ति दूसरी जगह पर है लेकिन उसके बारे में हम लो।

**लोग नहीं जानते हैं अधिक खून बहाने से हुई सचिन की मौत:** पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में आया कि कांस्टेबल सचिन राठी की मौत अधिक कौन बहाने की वजह से हुई डॉक्टर की माने तो इलाज मिलने में ज्यादा समय लग गया इसके चलते कांस्टेबल की जान चली गई है कन्नौज से कानपुर आई एम ज्यादा समय लगा है और फिर वह प्राथमिक उपचार में कई घंटे खराब हो गए इसके चलते डॉक्टर भी सिपाही की जान नहीं बचा सके।

**सिपाही हत्याकांड मैं मुकदमा दर्ज महिला आरोपी गिरफ्तार जेल**

**बिशनगढ़ छिबरामऊ कन्नौज विगत दिवस पूर्व एनबीडब्ल्यू वारंट तामील करने गए थे पुलिस पार्टी पर हुए हमले के बाद प्रभारी निरीक्षक छिबरामऊ द्वारा मुकदमे में 302 धारा के बढ़ोत्तरी कराई गई। प्रशासन ने सचिन राठी कांस्टेबल की हत्या के बाद मुठभेड़ में दर्ज हुए मुकदमे में धारा 302 में की बढ़ोत्तरी की गयी है। घायल अभियुक्त अशोक कुमार उर्फ मुनुआ यादव व उसका पुत्र टिंकू उर्फ अभयराज यादव राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा जनपद कन्नौज में उपचार चल रहा है हैं। स्थानीय पुलिस द्वारा आरोपी महिला श्यामा देवी उपरोक्त को जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही हत्या आरोपी के घर के बाहर पसरा सन्नाटा।**

# अधिशासी अधिकारी ने अलाव का किया निरीक्षण

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

सर्दी से राहत पहुंचाने के लिए नगर पंचायत द्वारा समधन नगर में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहें हैं। व्यवस्था को देखने के बुधवार देर रात अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने अचानक समधन पहुंचकर जल रहे अलाव व्यवस्था को देखा गया इसी अधिशासी अधिकारी ने कहा सर्दी से बचाव के आम नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए अलाव जलवाएं जा रहे। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने टाउन कर्मी मो0 राशिद, दीपक श्रीवास्तव व सफाई नायक शुनील कुमार से कहा कि अलाव जलनें के नाम पर लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए अगर लापरवाही पाई गई तों कार्यवाही अमल में लाई जायेगी इस अवसर बड़े बाबू जिलेदार सिंह, विवेक गुप्ता, वकार हुसैन, आलोक शाक्य मौजूद रहे।



समधन में अलाव व्यवस्था का निरीक्षण करतीं अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह

# दहेज के लिए महिला को मारपीट कर किया घायल

- मोटरसाइकिल और 50000 हजार रूपये की मांग करने लगे

**गुरसहायगंज, कन्नौज।, समृद्धि न्यूज़।**

शादी में मन मुताबिक दहेज न मिलने पर ससुराल के लोगों ने महिला के साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी प्रियंका ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका विवाह पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद के अंतर्गत ग्राम पखना बिहार निवासी अतुल के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति अतुल, सास रीना, ससुर अशोक, देवर अभिषेक, ननद सलोनी ने अतिरिक्त दहेज के रूप में एक मोटरसाइकिल और 50000 हजार रूपये की मांग करने लगे। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कलाकारों ने श्री राम की लीलाओं का हो रहा मंचन

**छिबरामऊ कन्नौज।** श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में दिनांक 26 दिसंबर से अगले 9 दिन तक, प्रयागराज से आये कलाकारों में श्री राम की लीलाओं का मंचन हो रहा है। 7:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक होने वाले इस भव्य आयोजन में आप सभी महंत प्रेम गिरि जी की तरफ से सादर आमंत्रित है। श्री प्रयागराज के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन कार्यक्रम सजीव देखने के लिए महंत प्रेम गिरि जी महाराज ने सभी नगर वासियों का आह्वान किया।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2013 रोल नंबर 1751950 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है।

**सुरदीप कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी नगला बल्देव छिबरामऊ जनपद कन्नौज।**

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, दूसरे मकान में मिला शव

▸ परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गयी। युवक का शव दूसरे मकान में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


मृतक की फाइल फोटो


मौके पर मौजूद मृतक के परिजन

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के मोहल्ला सिकंदरपुर निवासी मृतक रविंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय राम भरोसे उम्र 35 वर्ष जो दोपहर में घर से कहीं चला गया था। जो देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। जिस पर परिजन ने उसकी खोजबीन की। बुधवार को शाम के समय मृतक के चचेरे भाई पवन कुमार के पुत्र नितिन कुमार उम्र 12 वर्ष ने मृतक को चारपाई पर नये मकान में पड़ा देखा, तो नितिन ने सूचना परिजनों को दी। मृतक के मोहल्ले में दो मकान हैं। परिजन जब घटना स्थल पर पहुंचे तो रविंद्र सिंह को मृत अवस्था में देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस के समक्ष परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया। मृतक की पत्नी नन्हीं देवी और दो पुत्री प्रिया और नैंसी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताते चलें कि मृतक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक परिवार में अकेला ही था। थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

# किन्नर ने डीएम से धर्म परिवर्तन रोकने व जानमाल की सुरक्षा की लगायी गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

धर्म परिवर्तन रोकने व जानमाल की सुरक्षा की मोहिनी किन्नर ने डीएम से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी।

जानकारी के अनुसार ग्राम शीशमबाग निवासी मोहिनी किन्नर पुत्री स्व0 राम प्रसाद ने डीएम को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि मोहल्ले के ही सैफ अली, मेहराब अली ने मुझे स्त्रीलिंग कराने के लिए जबरन 10 हजार रुपये दिये। सैफ अली ने मुझे स्त्रीलिंग कराने के बाद मुझसे शिव मंदिर में विवाह कर लिया। विवाह के बाद सैफ अली के भाई अरशद अली जबरन संबंध बनाने का प्रयास करने लगे। जिसका मैंने विरोध किया। सैफ अली ने मुझसे 3 लाख 80 हजार रुपये लिये और पांच वर्ष बाद देने को कहा तो सैफ अली व उसके भाई अरशद अली, जीशान, इमरान पुत्रगण मुर्शरफ अली तथा अभिनन्दन पुत्र अज्ञात निवासी शीशमबाग कैन्ट फतेहगढ़ व गजनी पुत्र अज्ञात निवासी फर्रुखाबाद ने मकान में बन्द करके काफी मारापीटा और उपरोक्त लोगों ने जबरन मुझे भैंस का मांस मेरे मुंह में जबरन खिलाने का प्रयास किया और मुझे मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए मेरा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है एवं सैफ अली उपरोक्त लोगों द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है कि 5,00,000/- रुपया हमको दो वरना जान से मार देंगे। उपरोक्त सैफ अली व उपरोक्त लोगों से पीड़िता काफी परेशान है। मेरा शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। मैं काफी भयभीत हूॅ। मैं सैफ अली से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध नहीं रखना चाहती हूॅ। उपरोक्त लोगों ने 25 दिसंबर को भी पुनः जानलेवा हमला किया था।


जानकारी देता पीड़ित किन्नर

## सूने घर का ताला तोड़कर हजारों के जेवरात चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने ताला तोड़कर हजारों की नकदी व सामान पार कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार रुआबशाह पुत्र नजीरशाह निवासी कठेरियन नगला बुढ़नामऊ फतेहगढ़ का निवासी है। 20 दिसंबर को सुबह लगभग 11 बजे मेरे पड़ोसी सूबेदार ने मुझे फोन पर जानकारी दी कि तुम्हारे मकान का ताला टूटा पड़ा है। जिस पर पीड़ित नोयडा से अपने घर आया। घर के अंदर जाकर देखा,तो 2 सोने की अंगूठी, तीन मंगलसूत्र सोने के, तीन जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी सोने के झाले कानों के, एक बोरी गेहूं, दो साइकिल, एक पीतल का तसला, 2 भगोना, एक सिल्वर की कढ़ाई, 2 पतीले, एक परात चोर चोरी कर ले गये। आसपास के लोगों से पता चला कि सवेंद्र पुत्र सीताराम, करन पुत्र रामविलास, दीपक पुत्र राम विलास, आकाश पुत्र राम विलास ने मेरे घर में घुसकर चोरी की है। पीड़ित ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## बंदरों के पाइप गिराने से मासूम की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** ईंटों पर रखे पाइप को बंदरों ने गिरा दिया। जिसमें दबकर मासूम की मौत हो गयी। मासूम की मौत पर स्वजन बिलखने लगे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव त्यौरखास निवासी सरवन शाक्य की दो महीने की पुत्री पुष्पा बुधवार दोपहर घर के आंगन में लगे ईट के ढेर के पास जमीन पर सो रही थी। ईंटों के ऊपर रखे पाइप को बंदरों ने मासूम के ऊपर गिरा दिया। जब तक स्वजन कुछ समझ पाते तब तक मासूम की मौत हो गयी। मासूम की मौत पर स्वजनों मे कोहराम मच गया। मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गयी। मृतका छः भाई बहनों ऋषभा, छाया, अंशिका, मोनिका, नितिन में सबसे छोटी थी। मृतक की माँ रीना का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुराने भवन की छत गिरने से तीन मजदूर घायल


गिरे लेंटर का मलबा

▸ गृहस्वामी की पत्नी भी घायल, लोहिया में भर्ती

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुराने भवन की छत अचानक भरभराकर गिर गयी। जिससे उस पर बैठे तीन मजदूर घायल हो गये व कमरे में बैठी भवन स्वामी की पत्नी लेंटर में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। उन्हें उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिहार निवासी बादशाह पुत्र ईश्वर दयाल के यहां नया मकान बन रहा था। बुधवार को लेंटर डालने का कार्य किया जा रहा था। सामने उनके पुराने मकान की छत पर गाँव के ही मजदूर हेमंत पुत्र रामौतार कठेरिया, राजेश पुत्र कन्हई, नन्दू पुत्र सुरेन्द्र बैठे थे। अचानक मकान की छत भरभरा कर गिर गयी। जिससे उसके ऊपर बैठे मजदूर हेमंत, राजेश व नन्दू घायल हो गये।

जिस समय लेंटर गिरा उस समय बादशाह की पत्नी गुड्डी देवी कमरे के भीतर तख्त के पास बैठी थी। वह भी घायल हो गयी। सभी को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एएसपी ने कोल्ड मालिकों की ली बैठक सीसीटीवी कैमरे लगवाने के दिये निर्देश


कोल्ड स्टोरेज मालिकों की बैठक लेते अपर पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में कोल्ड स्टोरेज मालिकों की बैठक ली और उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से कई सुझाव दिये।

जानकारी के अनुसार बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के समस्त कोल्ड स्टोर मालिकों की बैठक ली। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज मालिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्दी का मौसम है। ऐसे में चोरी आदि की घटनायें अधिक होती हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एतियात के तौर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की बात कही। जिस पर सभी कोल्ड स्टोरेज मालिकों ने अपनी सहमति दे दी।

अधिकांश कोल्ड स्टोरेज मालिकों ने कहा कि उनके यहां पर पहले से ही सीसीटीवी कैमरे लगवा रखे हैं। एएसपी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगे होने से चोरी आदि की घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकेगा। साथ ही पूरे कोल्ड परिसर में आने जाने वाले व्यक्तियों पर भी निगाह रखी जा सकेगी। इस दौरान मोहन अग्रवाल, महेंद्र कटियार, अजय गंगवार सन्नू, उमेश अग्रवाल, जितेंद्र सिरोली वाले, लव कनौजिया, हाजी तरिक सेठ, पप्पू रस्तोगी, किशोरी लाल वर्मा आदि कोल्ड संचालक व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सरकारी भूमि से दबंगों का कब्जा हटाने को सौंपा ज्ञापन


शिकायत करने के बाद जानकारी देते ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकारी भूमि व चकरोड से कब्जा हटवाने के संबंध में ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम अदिउली में चरागाह पशुचर की भूमि जिसका खसरा नंबर 230 तथा सरकारी चकरोड जिसकी संख्या 231 है। जिस पर गांव के राजकुमारी पत्नी सुखवीर सिंह व उनके पुत्र गौतम, गोविन्द पुत्रगण सुखवीर नट द्वारा दिनांक 17 दिसंबर को रात्रि में चकरोड पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसकी शिकायत थाना मऊदरवाजा पर की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिसका विरोध करने पर गांव के ही पुजारी पुत्र स्वराज, किशन पुत्र नत्थू नट, गोविन्द, गौतम व गौरव पुत्रगण सुखवीर, अजय व विजय पुत्रगण सुभाष नट ने गाली-गलौज किया। उपरोक्त लोग दबंग किस्म के लोग हैं। जिन पर कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। शिकायत के आधार पर लेखपाल ने 18 दिसंबर को पैमाइश की एवं चिंहाकन भी किया गया, लेकिन लेखपाल के जाने के बाद उपरोक्त लोग तमंचा लेकर आये और शिकायतकर्ता सत्यप्रकाश सिंह, रुकमणी, छोटी बिटिया, सरोज, दुर्विजय, किशनपाल, राकेश, अतुल सिंह, अजीत सिंह आदि को धमकाया और कहा कि सालों गोलियों से भून दूंगा। जिससे ग्रामीण खासे डरे व सहमे हैं।

### आलू किसान बोले मंदी के चलते नहीं मिल रहे लागत के दाम


सातनपुर आलू मंडी में बिक रहा आलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू के भाव में बुधवार को 30 रुपये का उछाल आया। जिससे आलू का भाव 681 रुपये कुंतल तक बिका। वहीं किसानों का कहना है कि लागत निकालना मुश्किल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार एशिया प्रसिद्ध सातनपुर आलू मंडी में बुधवार को आलू की आमद 125 मोटर रही। आलू के भाव में 30 रुपये का इजाफा दर्ज किया गया। आलू 531 से 681 प्रति कुंतल तक बिक्री किया गया। किसानों ने बताया कि आलू में मंदी के चलते उन्हें लागत के दाम निकालना मुश्किल हो रहा है। जिसके चलते कई किसानों ने फिलहाल आलू की खुदाई धीमी कर दी है। वहीं किसानों का यह भी कहना है कि यदि आलू खुदाई में ज्यादा विलम्ब करेंगे, तो गेहूं आदि की बुबाई में विलम्ब हो जायेगा। साथ ही जानवरों आदि का चारा भी नहीं बो पायेंगे। फिलहाल आलू के घटते बढ़ते दामों से किसानों के चेहरे मुरझाये हुए हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एकदूजे के हुए 301 जोड़े

▸ सीडीओ व जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

▸ नव दंपतियों को नया जीवन शुरु करने पर दी सभी ने बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


विवाह बंधन में बंधते युगल जोड़े


कार्यक्रम का शुभारंभ करते जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण आदि

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 301 जोड़े एकदूजे के हुए। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने कार्यक्रम में पहुंचकर युगल जोड़ों को नया जीवन शुरु करने पर शुभकामनायें दीं। जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के चलते बुधवार को नगर के क्रिश्चियन इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविन्द कुमार मिश्रा व जनप्रतिनिधि अमृतपुर सुशील शाक्य, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम में 301 जोड़ों का विवाह धूमधाम से सम्पन्न कराया गया। नव दंपतियों ने एक दूसरे को वरमाला डाली और जीवन भर साथ निभाने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कि युगल जोड़ों को शुभकामनायें दीं। साथ ही कहा कि वह हंसी खुशी अपना जीवन व्यतीत करें। विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर तथा विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य ने नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज से आप लोग एक नया जीवन शुरु करने जा रहे हैं। आप लोग हर पल अपना आनन्द व खुशी के साथ बितायें और अपने-अपने दायित्व का पालन बखूबी करें। इस मौके पर सरकार की ओर से सभी को गृहस्थी आदि का समस्त सामान दिया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, समाज कल्याण अधिकारी, कैप्टन डी.एस.राठौर, सुमन राठौर, अधिशाषी अधिकारी रविंद्र कुमार, नायब तहसीलदार आदि के अलावा कई विभागों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद ने देखी। कार्यक्रम का संचालन बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने किया। मुख्य द्वारा पर अतिथियों व बारातियों के स्वागत शहनाई बजाकर किया गया। कार्यक्रम समापन के पश्चात विदाई के समय वधुओं के परिजन भावुक दिखायी दिखे।

**जागरूकता** | सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन 31 दिसम्बर को

# यातायात के नियमों का पालन करने का दिलाया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री के आदेशानुसार प्रदेश में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है ताकि प्रदेश को दुर्घटनाओं से मुक्त किया जा सके। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं तथा समस्त स्टेक होल्डर द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यवाही की जा रही हैं। परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रवर्तन कार्यवाही भी की जा रही है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन 31 दिसंबर 2023 को होगा।

एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि समापन के दिवस हर सफर में सड़क सुरक्षा स्लोगन को प्रदेश के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, एनजीओ, ट्रक, बस, टेंपो, टैक्सी आदि यूनियनों तथा मीडिया के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति के व्हाट्सएप सहित अन्य सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर स्टेटस अनिवार्य रूप से लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि सड़क सुरक्षा का संदेश जन सामान्य तक पहुंच जाए एवं सभी जन सड़क पर अपने जान माल की सुरक्षा करने हेतु जागरूक हो जाए। शासन द्वारा इस संबंध में एक आकर्षक क्रिएटिव भी प्रेषित की गई है जिसमें मूलभूत नियमों का उल्लेख करते हुए यातायात नियमों के पालन के संकल्प का अनुरोध किया गया है। परिवहन विभाग का सभी प्रबुद्ध नागरिकों एवं जन सामान्य से अनुरोध है कि जनहानि को रोकने वाले सड़क सुरक्षा के पुनीत कार्य में अपना सहयोग दें तथा हर सफर में सड़क सुरक्षा स्लोगन के माध्यम से जन-जन तक जागरूकता फैलाने में देश की मदद करें। वहीं पुलिस ने भी बाइक सवारों को रोक-रोकर यातायात के नियमों की जानकारी दी।


यातायात नियमों के प्रति जागरूक करती पुलिस

## विद्युत चोरी करने के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ओटीएस योजना के तहत विद्युत अधिकारियों ने राजस्व वसूली व पुराने कटे हुए कनेक्शन चेक किये। अवर अभियंता होरीलाल ने बिट्टू कुमार टीजी 2, सुधीर सिंह लाइनमैन, संविदाकर्मी संजेश व रिंदपाल के साथ अमृतपुर के थाना गनुआपुर थाना अमृतपुर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मेवाराम पुत्र बच्चूलाल पर 70679 रुपया विद्युत बकाया था। इसके बावजूद वह कनेक्शन जोड़कर बिजली का उपभोग कर रहे थे। जिस पर उनका कनेक्शन काट दिया। रामआसरे व राम निवास बिजली चोरी करने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं राजपुर में रतीपाल पुत्र जगदीश सिंह पर 17 हजार बकायेदारी में उनका कनेक्शन काट दिया गया था, उसके बावजूद वह विद्युत चोरी कर रहे थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं यहीं के निवास नवाबशेर पुत्र असगर अली पर 136886 रुपया होने पर विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। उसके बावजूद वह विद्युत चोरी कर रहे थे। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं अमृतपुर क्षेत्र के परमापुर निवासी रामरहीश पुत्र गयाराम पर 82577 रुपया बकाया होने पर विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। उसके बावजूद वह विद्युत चोरी कर रहे थे। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# डीआईओ ने विटामिन-ए की खुराक पिलाकर बाल स्वास्थ्य पोषण माह का किया शुभारंभ


बच्चे को विटामिन-ए की खुराक पिलाते डीआईओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में बुधवार से बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान की शुरुआत हो गई है। अभियान एक माह तक चलेगा। इसके अंतर्गत 9 माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जायेगी।

विजाधरपुर में बने हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, रतौंधी समेत अन्य बीमारियों से बचाने के लिए विटामिन-ए की खुराक पिलाई जा रही है। डीआईओ ने कहा कि विटामिन-ए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है। इसकी महत्ता को देखते हुए यह अभियान छ माह के अंतराल पर चलाया जाता है, ताकि कोई बच्चा विटामिन ए की कमी से बीमार न रहे। उन्होंने कहा विटामिन-ए बच्चों का सुरक्षा कवच है। यह आंखों की बीमारियों जैसे रतौंधी, अंधता से बचाव के साथ साथ शारीरिक विकास के लिए भी आवश्यक है। विटामिन-ए बच्चों में दस्त, निमोनिया जैसी घातक बीमारियों के प्रभाव से भी सुरक्षा करती है। डीआईओ ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद में नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को प्रत्येक बुधवार व शनिवार को नियमित टीकाकरण के साथ विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। यह अभियान एक माह तक चलाया जाएगा। विटामिन-ए की खुराक देने के लिए हर बच्चे के लिए अलग डिस्पोजेबल चम्मच का प्रयोग किया जाएगा। इस दौरान यूएनडीपी से मानव शर्मा, यूनिसेफ से डीएमसी अनुराग दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मां गंगा हमारी संस्कृति, हमारी धरोहर है: सोनालिका सिंह

**पूर्णिमा के अवसर पर गंगा महाआरती के साथ अन्य कार्यक्रमों का हुआ आयोजन**


कार्यक्रम प्रस्तुति देने के दौरान मौजूद पात्र व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा समिति के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गंगा महाआरती का आयोजन पतित पावनी मां गंगा के तट पांचालघाट पर किया गया। गंगा महाआरती के साथ अन्य जन जगरूकता कार्यक्रम, संस्कृति कार्यक्रम, गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, घाट पर हाट, दिपोत्सव एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा अवतरण का प्रस्तुतिकरण प्रमुख केंद्र रहा। मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ से आयी राज्य स्वच्छ गंगा मिशन की कम्युनिकेशन मैनेजर सोनालिका सिंह मौजूद रही। उन्होंने कहा कि मां गंगा हमारी संस्कृति, हमारी धरोहर है। जन जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा लोगों तक नदियों को एवं अपने पर्यावरण को संरक्षण करने का संदेश पहुंचा जा रहा है। कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में सभी प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के अन्य लोगों का बहुत बड़ा दायित्व होता है।

मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, प्रभागीय निदेशक राम सुरेश यादव, राष्ट्रीय कवि शिवओम अंबर ने अपने विचार प्रस्तुत किये। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने समस्त कार्यक्रम सहित गंगा महाआरती का आयोजन कराया। आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल के निर्देशन में विशेष महाआरती हुई। अर्थ गंगा अभियान के तहत घाट पर हाट कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सभी को गंगा शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर डीसी एनआरएलएम योगेंद्र पाठक, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक कपिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, कृषि निदेशक अनिल यादव एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा के तहत उ.प्रा.वि. रतनपुर में आयोजित हुई प्रतियोगितायें


बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुर कमालगंज में सड़क सुरक्षा संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने विद्यार्थियों के मध्य क्विज, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में नरेंद्र सिंह जाटव, जगदीश नारायण, सुशील कुमार, अलका और ममतादेवी ने सहयोग किया। शिक्षा निदेशक बेसिक के निर्देशन में सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों पर भाषण, क्विज और चित्रकला प्रतियोगिताएं करने का निर्देश है। जिसमें प्रत्येक ब्लॉक में प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान अपने वाले विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को चयनित किया जाएगा और कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा प्रमाण पत्र और संबंधित विद्यार्थी के खाते में धनराशि का प्रेषण किया जाएगा।

**ग्रामीण जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता**

# पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम



मैडल के साथ विजेता खिलाड़ी व शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवा कल्याण एवम प्रादेशिक दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में किया गया। समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने विजेताओं को मैडल पहनाये। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, भारोत्तालन आदि विधाएं शामिल रहीं। जिसमें महिला वा पुरुष वर्ग के सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता हुई। 100 मीटर दौड़ में मुस्कान प्रथम, प्रिया द्वितीय, अंकिता सक्सेना तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में निक्की प्रथम, नैन्सी मिश्रा द्वितीय, साधना तृतीय रही। 400 मीटर दौड़ में अनामिका प्रथम, प्रिया द्वितीय, उजाला तृतीय रही। 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में आर्यन राजपूत प्रथम, हर्ष अवस्थी द्वितीय, अभिषेक तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में दीपक सिंह प्रथम, अजय यादव द्वितीय, रोहित तृतीय रहे। 400 मीटर दौड़ में दीपक सिंह प्रथम, सुशील कुमार द्वितीय, सचिन यादव तृतीय रहे। 1500 मीटर दौड़ में अजय प्रथम, वीर प्रताप द्वितीय, रवि कुमार तृतीय रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में राजेपुर विजेता, कमालगंज उपविजेता रहा। वालीबाल प्रतियोगिता में कायमगंज विजेता, राजेपुर उपविजेता रहा। इस दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम, अनुराग, जीतू, पुष्पेंद्र, कंचन, जिला कबड्डी एसोसिएशन सचिव कुलदीप यादव, बेट लिफ्टिंग एसोसिएशन सचिव पंकज यादव, दुर्गा वर्मा, जिला व्यायाम शिक्षिका, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अरुण यादव, आलोक कुमार, मनीष यादव, अतुल कटियार, सौरव शर्मा, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, सपना यादव, अभिषेक पाल, सुजीत वर्मा, नितिन यादव, देवेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### किसान जोड़ों यात्रा के तहत दिलायी गयी सदस्यता


किसानों को परिचय पत्र देते नरेन्द्र सोमवंशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट द्वारा किसान जोड़ों यात्रा विभिन्न गांव में निकाली गई। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी ने किसान साथियों के साथ गंगापार क्षेत्र के गांव ताजपुर, भुवनपुर, लवेड़ा, रेंगापुर हड़ैया, भटौली आदि ग्रामों में यात्रा निकाली गई। नरेन्द्र सोमवंशी ने कहा कि किसानों को जोड़नें व उनकी समस्याओं का समाधान कराने एवं किसान साथियों को किसान यूनियन से जोड़ने एवं सदस्यता ग्रहण कराने हेतु यात्रा निकाली जा रही है। बड़ी संख्या में किसान भाई यात्रा से जुड़ रहे है। सरकार व प्रशासन किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए किसानों की समस्याओं का हल कराने के लिए किसान जोड़ों यात्रा निकाली गई है। इस मौके पर श्यावीर सिंह व बबलू को पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इस मौके पर मनोज सिंह राठौड़, राजू राठौड़, आशीष यादव, शिवेंद्र सिंह सोमवंशी, राजीव परमार, कुलदीप सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

### विकास खण्ड बढ़पुर में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्यागिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में विकास खण्ड बढ़पुर में 28 दिसम्बर गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन होगा। मेले में 37 से अधिक कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। लगभग 3 हजार रिक्तियों हेतु अभ्यार्थियों का साक्षात्कार होगा। जिसके लिए सभी इच्छुक अभ्यार्थी रोजगार मेले में प्रातः 10 बजे पहुंचकर प्रतिभाग करें। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### किशोर के गायब होने से परिजन परेशान

**बांकेगंज खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बांकेगंज से मगंलवार को राज मधेशिया पुत्र उमेश कुमार उम्र लगभग 12 वर्ष गायब हो गया था। बुधवार की शाम तक परिजन व पुलिस परिवारजनों को उसका सुराग नहीं मिल सका। गायब किशोर राज मधेशिया की माता अर्चना देवी ने बताया कि उनका बेटा राज बोलने में असमर्थ है। बेटा राज मगंलवार की सुबह परिषदीय विद्यालय बांकेगंज जाने के लिए लाल रंग का स्वेटर के ऊपर काली जैकेट तथा काली जींस पैंट पहनकर निकला था। अन्य बच्चे भी विद्यालय चले गए फिर करीब 3ः00 बजे निजी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे घर वापस आ गए। परंतु उनका बेटा राज वापस नहीं आया। उसके बाद उन्होंने उसे इधर-उधर खोजना शुरू किया। इसी बीच घर आए अन्य बच्चों ने राज के बैग के घर पर ही होने की जानकारी दी। घबराई माता आंखों में आंसू लिए शाम तक तलाशती रहीं परन्तु उसका कहीं पता नहीं चला। रात होती देखकर उन्होंने अपने रिश्तेदारों को फोन करके इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर रिश्तेदार एकत्रित हुए और उसे हर जगह खोजना शुरू किया। शिक्षकों से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि लड़का विद्यालय आया था। इस पर परिजन पर परिषदीय विद्यालय जाकर बच्चों का नाम लेकर आवाज देते रहे परंतु उसकी कोई आवाज नहीं सुनाई दी। देर रात तक उसे खोजने का सिलसिला जारी रहा परंतु उसका कहीं भी पता नहीं चला।

# शिक्षक संघ का जनपदीय सम्मेलन आयोजित

**शिक्षक हित में सभी एकजुट होकर कार्य करें**


कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन अतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट का जनपदीय सम्मेलन में शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन सिराज अयाज इंटर कालेज कुआखेड़ा खास शमशाबाद में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता संघ के प्रदेशीय प्रवक्ता श्रवण कुमार कुशवाहा राजू ने निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर अपने विचार रखे और शिक्षकों को एकजुट होने का आवाह्न किया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि शिक्षा पीढ़ियों को जीवन जीना सिखाता है। शिक्षक अपनी भूमिका स्वयं तय करें। शिक्षा की ज्योति उन बच्चों तक पहुंचाये जो शिक्षा से वंचित है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बोर्ड परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी प्रधानाचार्य से सहयोग की अपेक्षा की। सम्मेलन में अजय पाल सिंह, डा0 चन्द्रदेव यादव, डॉ. योगेश तिवारी, शिवओम द्विवेदी, रेखा यादव, दिनेश चन्द्र वर्मा, महेश वर्मा आदि ने विचार रखे। अतिथि का स्वागत प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात यादव व प्रबंधक सिराज मीर खां एवं जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने किया। साथ ही सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ईश्वर दयाल यादव, आरिफ जमाल, सुखवीर सिंह, विजय यादव, रक्षपाल सिंह, श्यामपाल सिंह, नहार सिंह आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अरुण कुमार, कैलाश राजपूत ने विचार रखे। अध्यक्षता हरिश्चन्द्र सिंह ने की। संचालन रामेन्द्र सिंह ने किया।

# 309वें स्थापना दिवस पर बंगश के मकबरे पर हुई चादरपोशी


छात्रा को सम्मानित करते नवाब काजिम हुसैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद फर्रुखाबाद के 309वें स्थापना दिवस के मौके पर संस्थापक नवाब मोहम्मद खां बंगश के मकबरे पर गुलपोशी और चादरपोशी के साथ वारहदरी पर संस्था के बैनर तले अनेकता में एकता हमारे विचार पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में दिल्ली से आयी पत्रकार लमत हसन व सभासद मुदसीर और युवा नेता फरियाब खान को सम्मानित किया गया। शान फर्रुखाबाद सम्मान के लिए शमशाबाद के नवाब इलियास व स्व0 डा0 ओमप्रकाश गुप्ता को देने का ऐलान किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि लमत हसन ने कहा कि अपनी विरासत धरोहर के लिए काम करना इंसानियत को जिंदा रखना है। हमारे पुरखो ने मानवता और वतन के लिए जान कुर्बान कर दी। आबिद मंसूरी, अनीस अहमद खां, सगीर अहमद खां, डा0 रामकृष्ण राजपूत, सपा नेता युनूस अंसारी, सुनील कटियार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने विचार रखे। सेमिनार के अध्यक्ष नवाब काजिम हुसैन ने कहा कि हमारा मकसद नई नसलों तक अपना सही इतिहास पहुंचाना है। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र ने मकबरे पर गुलपोशी व चादरपोशी कर एकता का संदेश दिया। इस दौरान हाफिज पुत्तन मियां, मोहम्मद युसूफ, डॉ अरविन्द गुप्ता, जावेद हुसैन, देवकीनंदन गंगवार, बिलाल सफीकी, इस्लाम खां, रवि प्रताप, रजत शाक्य, सुनील कटियार, नाजिम खान, मुफीद खां, असफाक, मोहसीन, सलमान, कबीर आदि लोग मौजूद रहे।

# बैंक हित व बैंक कर्मचारियों के लिए जीवन भर काम किया: केदार शाह


केदार शाह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बैंक ऑफ बड़ौदा के विशेष सहायक केदार शाह 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे है। उनका लम्बा सफर बैंक के अनुभवों के साथ बीता।

वह पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष के साथ-साथ बैंक ऑफ बड़ौदा स्टाफ एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के साथ-साथ यूपी बैंक इम्पालाइज फर्रुखाबाद शाखा के जिला मंत्री व सेवा पर्मो धर्मा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष के रुप में जिम्मेदारी संभाल रहे है। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि बैंक कर्मचारियों के हित में लगभग 100 से ज्यादा आंदोलन किये है। 50 से ज्यादा रैली एवं सम्मेलनों में भाग लिया। जिला एवं प्रदेश स्तर पर कई सम्मेलन कराये। बैंक की समस्याओं का निराकरण करने के लिए तत्पर रहता हूं। बैंक के संघर्षों में प्रथम मांग पुरानी पेंशन बहाली, साथ ही बैंकों में नई भर्ती शुरु की जाये, आउटसोर्सिंग बंद की जाये और एनपीएस का विरोध जारी है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की जमा पूंजी का सीधा लाभ पूंजीपति उठा रहे है। सरकार से मांग है कि इसका लाभ सीधे कर्मचारियों को दिया जाये, आदि मांगे उनके संघर्ष के दौरान शामिल रही। 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने पर उन्होंने अपने साथियों के साथ एकजुट होकर मिलने का मौका तराशा है। जिसके तहत ठंडी सड़क स्थित एक गेस्ट हाउस में विदाई समारोह रखा गया है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना में करें आवेदन, मिलेंगे फायदे

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों की आजीविका की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित पारंपरिक कारीगर एवं शिल्पकार भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# सपा नेताओं ने केक काटकर मनायी जनपद की 309वीं वर्षगांठ


केक काटकर जनपद का स्थापना दिवस मनाते राघव दत्त मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष द्वारा फर्रुखाबाद की 309वीं वर्षगांठ के मौके पर त्रिपोलिया चौक पर केक काटकर स्थापना दिवस मनाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने केक काटकर वर्षगांठ बनाई। उन्होंने कहा कि नवाब फरुक शियर द्वारा 309 वर्ष पूर्व फर्रुखाबाद की नींव रखी गयी थी। नबाब साहब ने हमेशा हिन्दू और मुस्लमान की गंगा जमुनी तहजीब को हमेशा जिंदा रखा। भाजपा हिन्दू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद के विवादों को तूल देकर खत्म नहीं करना चाहती है। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी उरूज खान, डॉ. शिवम अवस्थी, आदित्य मिश्रा, अंकित चतुर्वेदी, अरुण दीक्षित, अभिषेक गुप्ता, अफजल खान, खुर्शीद अहमद, अतुल वर्मा, अभिषेक गिहार, अमित यादव, आशुतोष जाटव, मो0 नफीस, रिंकू यादव, अमित यादव, अमन भारद्वाज, रवि बाल्मीक, गौरव सकसेना, विमल कुमार गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जानकारी** — कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की दी जानकारी

# किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र हुए वितरित

**अमेठी जदीद में हुआ कार्यक्रम, महिलाओं की गोद भराई, अन्नप्राशन, किसान हुए सम्मानित**



महिलाओं की गोदभराई करती मुख्य अतिथि व मौजूद प्रधान श्यामलता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम्य विकास पंचायती राज विभाग द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ब्लाक बढ़पुर की ग्राम पंचायत अमेठी जदीद में आयोजित किया गया। बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की उपलब्धियां व जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव मौजूद रही। अमेठी जदीद की ग्राम प्रधान श्याम लता उर्फ हेमा ने बुके देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा पांच चिन्हित किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। साथ ही अन्नप्राशन कार्यक्रम के तहत बच्चों को खीर खिलाई गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के महामंत्री अजीत पाण्डेय, उपाध्यक्ष नीरज ने भी अपने विचार व्यक्त कर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रुप से बढ़पुर ब्लाक के बीडीओ बलराम सिंह, ग्राम पंचायत सचिव निवेन्द्र शर्मा, एडीओ सत्यनारायन सिंह आदि विभागीय लोग मौजूद रहे। ग्राम प्रधान श्याम लता उर्फ हेमा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। भव्य कार्यक्रम देखकर अतिथियों ने ग्राम प्रधान के कार्यो की सराहना की।



# देश में अंगदान को लेकर जागरुकता फैलाने की जरूरत : राष्ट्रपति मुर्मू

**राष्ट्रपति ने आईएलबीएस के 9वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित**

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पर्याप्त संख्या में ऑर्गन की अनुपलब्धता पर चिंता जताते हुए देश में अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत बताई है। राष्ट्रपति बुधवार को नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलेरीज साइंसेज (आईएलबीएस) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, पर्याप्त संख्या में अंगों की अनुपलब्धता के कारण बहुत से मरीज लीवर, किडनी या किसी अन्य प्रत्यारोपण से वंचित रह जाते हैं। दुर्भाग्य से अंगदान से जुड़ी अनैतिक कृत्य भी समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। इन समस्याओं का समाधान करना एक जागरूक समाज की जिम्मेदारी है। हमारे देश में लोगों को अंगदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आईएलबीएस ने विश्व स्तरीय दक्षता और अखंडता के बल पर केवल 13 वर्षों की अवधि में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि आईएलबीएस में 1000 से अधिक लीवर प्रत्यारोपण और लगभग 300 गुर्दे प्रत्यारोपण किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपेक्षाकृत कम खर्च पर विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके आईएलबीएस जैसे संस्थानों के बल पर एक अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर हब के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। उन्होंने डॉक्टरों को अपना ख्याल रखने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि लंबे समय तक ड्यूटी, लगातार आपातकालीन मामलों और रात्रि ड्यूटी जैसी चुनौतियों के बीच उन्हें पूरी सतर्कता और उत्साह के साथ लगातार मरीजों की सेवा करनी है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि तमाम चुनौतियों के बावजूद वे सभी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ और सतर्क रहें। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज डिग्री प्राप्त करने वाले 65 छात्रों में से 37 बेटियां हैं।

**स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी परिवर्तन**

उन्होंने कहा कि जीवन विज्ञान और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने आईएलबीएस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लर्निंग यूनिट की स्थापना को सामयिक पहल बताया। उन्होंने आईएलबीएस से इलाज के साथ-साथ शोध के क्षेत्र में भी काम जारी रखने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कहा जा सकता है कि लिवर हमारे शरीर का सुरक्षा गार्ड है। हमारे देश में लिवर से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर हैं और इनसे होने वाली बीमारियों की भारी संख्या चिंता का कारण है। उम्मीद है कि आईएलबीएस लीवर रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# नए शैक्षिक सत्र के लिए खुला एआईसीटीई का वेब पोर्टल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए अनुमोदन की प्रक्रिया को बुधवार से शुरू कर दिया है। मौजूदा एआईसीटीई अनुमोदित तकनीकी संस्थान, डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी, केंद्रीय एवं राज्य या निजी विश्वविद्यालय, तकनीकी और प्रबंधन कार्यक्रम व पाठ्यक्रम चलाने के लिए परिषद से अनुमोदन चाहने वाले नए संस्थान ऑनलाइन आवेदन भेज सकते हैं।

एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम ने उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे और सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार के साथ आधिकारिक तौर पर नई दिल्ली में एआईसीटीई मुख्यालय से अनुमोदन प्रक्रिया के वेब पोर्टल को लाइव किया। एआईसीटीई से अनुमोदन प्राप्त करने के इच्छुक मौजूदा और नए तकनीकी संस्थान एवं विश्वविद्यालय 01 से 31 जनवरी, 2024 तक काउंसिल की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## रेलवे ने नेपाल के लिए कंटेनर परिवहन शुरू की

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के कटिहार मंडल के अंतर्गत भारतीय कस्टम यार्ड नेपाल कस्टम यार्ड सेक्शन के भारतीय कस्टम यार्ड रेलवे स्टेशन पर आज स्पंज आयरन से लदा पहला निर्यात कार्गो कंटेनर ट्रेन पहुंचा। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने आज बताया कि यह खेप दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत मुर्गा महादेव रोड स्थित मैसर्स टाटा स्पंज आयरन लिमिटेड की प्राइवेट साइडिंग से लोड की गई थी। कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा इस खेप को मैसर्स पशुपति आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड, विराट नगर (नेपाल) पहुंचाया जाएगा।

# खबरें एक नजर में

## फीनिक्स ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस कार्निवल का जश्न



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के फेवरिट शॉपिंग डेस्टिनेशन फीनिक्स यूनाइटेड मॉल, आलमबाग में 11 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 तक विंटर मैजिक शॉपिंग फेस्टिवल चल रहा है, जहां शॉपर्स 2999 से ऊपर की खरीदारी कर रोमांचक उपहार जीत सकते हैं। इस दौरान मॉल आकर्षक वर्कशॉप्स की एक श्रृंखला भी आयोजित की गई, जिसने सभी उम्र के लोगों को भरपूर फेस्टिव मनोरंजन प्रदान किया। शॉपर्स क्ले सांता मेकिंग, कपकेक मेकिंग और ट्री डेकोरेशन जैसी गतिविधियों वाली वर्कशॉप्स में अपनी रचनात्मकता दिखाई। 23 से 25 दिसंबर मॉल में सांता मीट एंड ग्रीट इवेंट आयोजित किया गया, जिसमें बच्चे और बड़े सांता क्लॉज़ से अपनी विश साझा कर यादगार पलों को सेल्फी के माध्यम से संजोया। फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर, संजीव सरीन ने कार्निवाल को लेकर उत्साह साझा करते हुए बताया, हम अपने क्रिसमस कार्निवल के साथ क्रिसमस की खुशियाँ मनाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। ये सिर्फ शॉपिंग के लिए ही खास मौका नहीं है, यह एक खास मौका है फेस्टिव सीजन को अपने लिए यादगार बनाने का।

## अजय अग्रवाल को मिला डायनामिक बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सफल व्यवसायी शीला एड मेकर्स के प्रमुख अजय अग्रवाल को भारत के अग्रणी सर्च इंजन, जस्टडायल ने भोपाल में डायनामिक बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स 2023 से सम्मानित किया। विदित हो कि अजय अग्रवाल ने शीला एड मेकर्स के माध्यम से समस्त प्रचार प्रसार सामग्री के छोटे से छोटे विभिन्न कारीगरों को उनके जीवन यापन को गति प्रदान की है और लखनऊ ही नही वरन सम्पूर्ण भारत सहित देश-विदेश में कम से कम समय में राष्ट्रीय ध्वज टी शर्ट, कैप,झंडे,मफलर, के अलावा समस्त चुनाव प्रचार-प्रसार की सामग्री उप्लब्ध कराते हैं। ज्ञातत्व हो की शीला एड मेकर्स लखनऊ के डालीगंज स्थित एक प्रतिष्ठान है जो की पिछले 35 वर्षों से भारत के विभिन्न राज्यों में कार्यरत है।

## दो दिवसीय भारतीय पारम्परिक लोक कला उत्सव आयोजित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संस्कृति के संरक्षण सर्वधन एवं विकास हेतु समर्पित ''आर्टस एण्ड कल्चरल सोसाइटी'' लखनऊ, के तत्वाधान में वरसाना उपवन, शिवपुरी कल्याणपुरी लखनऊ में दिनांक 26 एवं 27 दिसम्बर को दिन में 1 बजे से सांय 4 बजे तक भारतीय लोक संस्कृति एवं प्रेरणादायी परम्पराओं पर आधारित दो दिवसीय भारतीय पारम्परिक लोक कला उत्सव का आयोजन कु0 कामना बिष्ट के निर्देशन एवं षोभा रावत के सहायक निर्देशन में एवं साथी कलाकारों द्वारा सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि किशन सिंह बिष्ट, प्रो. कुमाऊँ ज्वैलर्स, विशिष्ट अतिथि चेतन सिंह सदस्य प्रदेश कार्यसमिति भाजपा तथा अतिथि के रूप में दीवान सिंह अधिकारी, हरीश चन्द्र पंत, खुशहाल सिंह बिष्ट, वैज्ञानिक संजय काला, के. एस. चुफाल, महेश चन्द्र सिंह रौतेला एव सुरेश चन्द्र पाण्डेय, मदन सिंह बिष्ट, आनन्द सिंह नेगी द्वारा कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेन्द्र राजेश्वरी वरिष्ठ उद्घोषक आकाशवाणी लखनऊ द्वारा किया गया।

## ओबीसी आरक्षण पर बंगाल के मुख्य सचिव किए गए तलब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को समन जारी कर 16 जनवरी को तलब किया है। समन में मुख्य सचिव को पूर्वाह्न 11 बजे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया है। मंडल मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी आरक्षण को 17 से बढ़ाकर 22 प्रतिशत करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ओबीसी आरक्षण को 17 से बढ़ाकर 22 प्रतिशत करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है अतएव ओबीसी के आरक्षण को 17 से बढ़ाकर 22 प्रतिशत कर दिया जाए। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक पश्चिम बंगाल में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को ए और बी श्रेणी में विभाजित किया है। 'ए' श्रेणी में 81 अति पिछड़ी जातियां शामिल हैं, जिसमें से 73 जातियां मुस्लिम हैं। 'बी' श्रेणी में 98 पिछड़ी जातियां शामिल हैं, जिसमें से 45 जातियां मुस्लिम हैं। कुल 179 जातियां हैं जिसमें से 118 जातियां मुस्लिम हैं।

# हैदराबाद में विश्व शांति के लिए 10,000 का सम्मेलन सम्पन्न



**हैदराबाद।** ग्लोबल यूनियन ऑफ साइंटिस्ट्स फॉर पीस (जीयूएसपी) के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने युद्ध को समाप्त करने और शांति स्थापित करने के लिए एक ज़बरदस्त और उत्कृष्ट नमूना प्रस्तुत करने की घोषणा की। 29 दिसंबर 2023 से शुरू होकर दो सप्ताह तक चलने वाले, ट्रान्सेंडैंटल मेडिटेशन (टीएम) और टीएम-सिद्धि कार्यक्रमों में 119 देशों के 10,000 उन्नत विशेषज्ञ हैदराबाद के पास स्थित कान्हा शांति वनम में एकत्रित हो रहे हैं। उसके प्रदर्शन के लिए जिसे वैज्ञानिक विश्व शांति बनाने के लिए सिद्ध चेतना-आधारित दृष्टिकोण कहते हैं। सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ. टोनी नादर, हार्वर्ड और एमआईटी-प्रशिक्षित मेडिकल डॉक्टर और न्यूरोसाइंटिस्ट, जीयूएसपी के अध्यक्ष, महर्षि महेश योगी के उत्तराधिकारी और विश्वभर में ट्रान्सेंडैंटल मेडिटेशन संगठनों के अगुआ, ने एक चौंकाने वाला दावा किया। अब हमारे पास तत्काल विश्व शांति बनाने के लिए वैज्ञानिक रूप से सिद्ध एक तकनीक है। डॉ. नादेर ने आगे कहा कि इससे पहले कभी भी इन चेतना प्रौद्योगिकियों के इतने सारे विशेषज्ञ एक ही स्थान पर और इतने सारे देशों से एकत्र नहीं हुए थे। कई स्थानों पर युद्ध छिड़ने और हर जगह कूटनीति विफल होने के साथ, विश्व को एक नए दृष्टिकोण की सख्त जरूरत है। प्रतिष्ठित पत्रिकाओं और पेशेवर वैज्ञानिक सम्मेलन की कार्यवाही में प्रकाशित 54 से अधिक अनुभवजन्य अध्ययनों ने साबित किया है कि हैदराबाद में प्रदर्शित की जाने वाली चेतना की प्रौद्योगिकियां वास्तव में काम करती हैं।

## पराला फूड प्रोसेसिंग प्लांट वर्ल्ड बैंक और मोदी सरकार की देन : भाजपा

**शिमला।** विपक्षी दल भाजपा ने पराला फूड प्रोसेसिंग प्लांट को विश्व बैंक और केंद्र की मोदी सरकार की देन करार दिया है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता और विधायक बलबीर वर्मा ने बुधवार को कहा कि पराला में एशिया का सबसे बड़ा फूड प्रोसेसिंग प्लांट बनाने के लिए वर्ल्ड बैंक द्वारा 101 करोड रुपए प्राप्त हुआ और उसके उपरांत 2016-17 से भाजपा की जयराम ठाकुर सरकार ने तीव्रता से कार्य करते हुए उसका पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के दौरान ही प्लांट का पूर्ण काम हो गया था केवल मात्र पानी की समस्या के कारण और साइट डेवलपमेंट कार्य के कारण इस मंडी का उद्घाटन नहीं हो पाया था, आज जब यह दोनों कार्य पूरे हो गए उसके उपरांत मुख्यमंत्री ने इस प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू केवल मात्र शिलान्यास करने का कार्य कर रहे हैं।

# डीपफेक की चिंता को दूर करने के लिए मौजूदा आईटी नियमों का करें पालन

**मोदी सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए जारी की एडवाइजरी**

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक सलाह जारी की, जिसमें उन्हें डीपफेक की चिंता को दूर करने के लिए मौजूदा आईटी नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया। रश्मिका मंदाना, कैटरीना कैफ, काजोल, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसे कई कलाकार डीपफेक वीडियो हमलों का शिकार हुए हैं।

एडवाइजरी के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अपने उपयोगकर्ताओं को उस सामग्री के बारे में सूचित करना आवश्यक है जो आईटी नियमों के तहत निषिद्ध है। आईटी नियमों का नियम 3(1)(बी) ऐसी सामग्री साझा करने पर प्रतिबंध निर्दिष्ट करता है जो दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन करती है, जैसे शारीरिक गोपनीयता पर हमला करना या अश्लील या अश्लील सामग्री साझा करना। इसके अतिरिक्त, निषिद्ध सामग्री में ऐसी कोई भी सामग्री शामिल है जो स्वयं को तथ्यात्मक रूप में प्रस्तुत करके उपयोगकर्ताओं को धोखा दे सकती है या गुमराह कर सकती है, लेकिन जानबूझकर अपनी उत्पत्ति को गलत तरीके से प्रस्तुत करती है, साथ ही ऐसी सामग्री भी शामिल है जो किसी और का प्रतिरूपण करती है। सलाहकार ने कहा, इसके अलावा, सेवा की शर्तों और उपयोगकर्ता समझौतों में यह स्पष्ट रूप से उजागर होना चाहिए कि संदर्भ पर लागू प्रासंगिक भारतीय कानूनों के तहत कानून प्रवर्तन एजेंसियों को कानूनी उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए मध्यस्थों/प्लेटफार्मों का दायित्व है। एक महीने से अधिक समय तक आयोजित डिजिटल इंडिया संवाद के दौरान केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के नेतृत्व में चर्चा के बाद यह सलाह सामने आई। उद्योग जगत के नेताओं के साथ बातचीत करते हुए, उन्होंने डीपफेक के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित किया, और सभी प्लेटफार्मों के लिए मौजूदा कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने की अनिवार्यता पर जोर दिया

# सर्दियों में इम्यूनिटी नहीं होगी कमजोर जरुर खाएं ये पांच मौसमी फल



सर्दी का मौसम शुरु हो चुका है ऐसे में ठंड के कारण इस दौरान जुकाम, वायरल फ्लू जैसे इंफेक्शन काफी बढ़ जाते हैं। इस मौसम में इम्यूनिटी भी काफी कमजोर पड़ जाती है। ऐसे में बदलते मौसम में अपनी इम्यूनिटी मजबूत बनाने और वायरल समस्याओं से बचने के लिए आप डाइट में कुछ फल शामिल कर सकते हैं। तो चलिए आज आपको कुछ ऐसे फल बताते हैं जिन्हें सर्दियों में खाने से आप किसी भी तरह के वायरल इंफेक्शन से बचे रहेंगे। आइए जानते हैं....



**संतरा**

यह विटामिन-सी का बहुत अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह मौसमी संक्रमण से शरीर का बचाव करने में मदद करता है। नियमित रुप से सर्दियों में संतरा खाने से शरीर मजबूत बनता है। इस मौसम में आप इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं इसके अलावा संतरे का जूस बनाकर भी आप पी सकते हैं।

**आलूबुखारा**

आलूबुखारा जिसे प्लम भी कहते हैं, यह एंटीऑक्सीडेंट्स का अच्छा स्त्रोत माना जाता है। इसमें पाए जाने वाले गुण कैंसर से लड़ने में मदद करते हैं। सर्दियों में इसका सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत बनती है।



**अमरुद**

यह विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर माना जाता है। यह शरीर को इंफेक्शन से बचाता है और कोशिकाओं को किसी भी तरह के होने वाले नुकसान से बचाने में भी अमरुद बेहद लाभकारी माना जाता है। इसमें फाइबर भी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है जो हार्ट और डायबिटीज से जूझ रहे लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है।

**मौसंबी**

यह एक खट्टा फल होता है जो विटामिन-सी से भरपूर माना जाता है। खाने में मौसंबी बेहद स्वादिष्ट होती है। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं। इसमें फाइबर पाया जाता है जो पेट संबंधी समस्याओं से शरीर का बचाव करता है।

**नाशपाती**

सर्दियों में कुछ लोग नाश्पाती भी खाते हैं। यह विटामिन-सी, ई और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर मानी जाती है। इसमें एंटीइंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं जो कई तरह की समस्याओं से बचाते हैं। इस मौसम में यदि आप स्वस्थ रहना चाहते हैं तो नाश्पाती का सेवन कर सकते हैं।

# बेसन, सूजी लंबे समय तक रहेंगे फ्रेश, बस ट्राई कर लें ये तरीके



अक्सर लोग घर में बेसन, सूजी और मैदा को स्टोर करते हैं ताकि मूड होने पर गर्मागर्मा हलवा और पकौड़े का मजा ले सकें। लेकिन इसका मजा लेने के लिए जरूरी है कि आप सूजी, मैदा और बेसन जैसी चीजों को ठीक तरीके से स्टोर करें ताकि उसमें कीड़े ना पड़े और आपको उसको मजबूरी में फेंकना ना पड़े। जब मौसम बदल रहा होता है तब भी चीजों में कड़ी पड़ने का डर होता है। ऐसे में आप इन्हें सावधानी के साथ स्टोर करें, जिससे ये लंबे समय तक फ्रेश रह पाएगा....

**फ्रिज में रखें**

बेसन, सूजी या मैदे को खराब होने से बचाने के लिए फ्रिज में रखें। किसी एयर टाइट कंटेनर में इन चीजों को भरकर रख दें। इससे कभी कीड़े नहीं लगेंगे। फ्रिज में लंबे समय तक इन्हें स्टोर किया जा सकता है।

**नीम की पत्ते रखें**

सूजी, बेसन और मैदा को कीड़े से बचाने के लिए उसमें नीम की पत्तियां डाल कर रखें। नीम की पत्तियों को डालने से पहले उन्हें सुखा लें, उसके बाद ही किसी एयर टाइट कंटेनर में इसे डालकर रखें।

**हल्का सा भून लें**

बेसन और सूजी को कीड़े लगने से बचाने के लिए स्टोर करने से पहले थोड़ा सा रोस्ट कर लें। लेकिन ध्यान रहे मैदे को भूनना नहीं है। इस तरह से बेसन और सूजी लंबे समय तक चलेगी।

**तेजपत्ता रखें**

तेजपत्ता की खुशबू से कीड़े नहीं लगते हैं। आप बेसन, सूजी और मैदा में भी तेजपत्ता डालकर रख सकते हैं, जिस डब्बे में आप स्टोर कर रहे हैं, उसमें 3-4 तेजपत्ता डाल दें, इससे वो लंबे समय तक फ्रेश रहेंगे।

# साल 2023 में सबसे ज्यादा डिलीट किए जाने वाली ऐप बना इंस्टाग्राम




सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम साल 2023 का सबसे ज्यादा डिलीट किया जाने वाला ऐप बन गया है। आपको ये सुनकर थोड़ा अजीब लगा होगा, लेकिन यह हकीकत है कि सबसे ज्यादा डिलिटी किए जाने वाले ऐप की लिस्ट में इंस्टाग्राम टॉप पोजिशन में शामिल है। इसके बाद स्नैपचैटप और टेलीग्राम का नंबर आता है। इससे एक बात साफ है कि जो ऐप जितना ज्यादा पॉपुलर है, उसके डिलिट किए जाने की संख्या सबसे ज्यादा है। रिपोर्ट की मानें, तो साल 2023 में रिकॉर्ड तोड़ सोशल मीडिया यूजर्स रहे हैं। यह संख्या 4.8 अरब के आंकड़े को पार कर गई है। साथ ही सोशल मीडिया यूजर्स हर दिन दो घंटे 24 मिनट सोशल मीडिया पर व्यतीत कर रहे हैं। अमरीकी टेक फर्म टीआरजी डाटासेंटर की रिपोर्ट के हवाले से खुलासा किया गया है कि सोशल मीडिया फर्म थ्रेड एक हफ्ते में सबसे ज्यादा यूजर्स खोने वाला ऐप बन गया है। थ्रेड ऐप को लॉन्च के 24 घंटे के अंदर 100 मिलियन यूजर्स ने ज्वाइन किया, लेकिन इसके अगले 5 दिनों में 80 फीसदी यूजर्स ने थ्रेड का साथ छोड़ दिया। इससे थ्रेड ऐप यानी मेटा कंपनी को काफी नुकसान हुआ था। वही अगर पूरे साल की बात करें, तो थ्रेड सबसे ज्यादा डिलीट किया जाने वाला ऐप बना हुआ है। साल 2023 में 10 लाख लोगों ने इंटरनेट पर इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करने की ट्रिक्स सर्च की हैं। साथ ही 10,20,000 से ज्यादा यूजर्स ने इंस्टाग्राम ऐप डिलीट कर दिया है।

**49 हजार ने फेसबुक से मोड़ा मुंह**

इंस्टाग्राम ऐप के बाद दूसरे पायदान पर स्नैपचैट शामिल है। स्नैपचैट को 1,28,500 लोगों ने डिलीट किया है। इसके बाद एक्स यानी ट्विटर और टेलिग्राम का नंबर आता है। साथ ही फेसबुक, टिकटॉक, यू-ट्यूब, व्हाट्सऐप और वीचैट का नाम सामने आ रहा है। इसके साथ ही 49,000 लोगों ने फेसबुक ऐप को डिलीट किया है, जबकि 4,950 यूजर्स ने व्हाट्सऐप डिलीट किया है।

# बिना वीजा के इन जगहों पर घूमने का बना सकते हैं प्लान



अगर आप भी अपने परिवार के साथ विदेश जाने का प्लान कर रहे हैं, लेकिन बजट को लेकर परेशान हैं। तो बता दें कि हम आपकी इस परेशानी का समाधान लेकर आए हैं। आप इन जगहों पर सस्ते बजट में फैमिली के साथ ट्रिप इंज्वॉय कर सकते हैं।

विदेश जाने का सपना तो हर किसी का होता है, लेकिन अधिक बजट के चलते प्लान कैंसिल हो जाता है। ऐसे में अगर आप भी विदेश जाने के साथ ही कम बजट में ज्यादा दिनों की यात्रा करना चाहते हैं, तो अब आपका यह सपना जरूर पूरा होगा। बता दें कि न सिर्फ आप बल्कि फैमिली के साथ भी आप विदेश घूमने का सपना पूरा कर सकते हैं।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाने के लिए आपको वीजा पर 1 रुपए भी नहीं खर्च करना होगा। साथ ही आप बिना टेंशन के यहां पर फैमिली के साथ ट्रिप का आनंद उठा सकते हैं। इन जगहों पर रहना-खाना और घूमने-फिरना सब आपके बजट में फिट हो जाएगा। तो आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में...

## भूटान

अगर आपके पास इंडियन पासपोर्ट है, तो आपको भूटान जाने के लिए वीजा की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि भूटान भारतीय यात्रियों के लिए वीजा फ्री सुविधा दे रहा है। भूटान को पूरी दुनिया में सबसे खुशहाल देश के तौर पर जाना जाता है। फैमिली के साथ घूमने के लिए यह जगह बेहद अच्छी है। वहीं भूटान भारत का सबसे करीबी पड़ोसी देश है। आप यहां पर पुराने मठों के अलावा आश्चर्यजनक किले भी देख सकते हैं, जिसके लिए यह जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी भूटान जाने का प्लान कर रहे हैं, तो पुनाखा द्ज़ोंग मठ, कुर्जे लखांग मठ और तख्तसांग मठ एक्सप्लोर करना न भूलें। अब फैमिली के साथ सस्ते टूर प्लान में आप भूटान घूमने जा सकते हैं। अगर आप परिवार के 5 सदस्यों के साथ भूटान जाते हैं, तो आपको इसके लिए 80 हजार से 1 लाख रुपए तक खर्च करना होगा।

## मॉरीशस



वैसे तो मॉरीशस घूमना हर किसी का सपना होता है। बहुत से लोगों को लगता है कि मॉरीशस एक महंगी जगह है। यहां पर ट्रिप प्लान करने से पहले बजट की चिंता सताने लगती है। तो बता दें कि अब टेंशन करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मॉरीशस जाने के लिए आपको वीजा पर खर्च नहीं करना होगा। मॉरीशस न सिर्फ दुनिया बल्कि विदेशी द्वीपों देशों में एक है। यहां के समुद्री नजारे आपको जीवन भर याद रहेंगे। ऐसे में सिर्फ 80 से 1 लाख रुपए खर्चकर आप अपनी फैमिली के साथ मॉरीशस घूमने के लिए जा सकते हैं।

## श्रीलंका और थाईलैंड



जो लोग श्रीलंका और थाइलैंड को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, उन पर्यटकों के लिए भी एक अच्छी खबर है। क्योंकि श्रीलंका और थाईलैंड दोनों ही देशों ने भारत के पर्यटकों के लिए वीजा फ्री की सुविधा मुहैया करवा दी है। ऐसे में आप बिना वीजा पर खर्च किए फैमिली के साथ इन दोनों देशों की यात्रा कर सकते हैं। अगर आप 5 मेंबर के साथ ट्रिप प्लान कर रहे हैं। तो आपको 1 से 2 लाख रुपए खर्च करने होंगे।